धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

10.03.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 237






# सबकी उम्मीदें पूरी - हम बने चैंपियन

## टीम इंडिया ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** करोड़ों भारतीयों की उम्मीद रविवार को एक बार फिर पूरी हो गयी। रोहित शर्मा की कप्तानी पारी और तमाम खिलाड़ियों के दमदार खेल से टीम इंडिया ने आखिरकार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। भारत के नाम यह कुल 7वीं आइसीसी ट्राफी है। टीम इंडिया ने पाकिस्तान की मेजबानी वाली चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर विजय पताका फहरा दी। भारत पिछले सीजन (2017) में भी फाइनल खेला था लेकिन पाकिस्तान ने हरा दिया था। इस बार भारत ने बदला लिया और उसे प्रतियोगिता से ही बाहर कर दिया। फाइनल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी थी। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने 63 तो माइकल ब्रेसवेल ने 53 रन बनाकर स्कोर 251 तक पहुंचाया। 252 रन बनाने की चुनौती दी। कप्तान रोहित ने धमाकेदार 76 रन बनाकर टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दी। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने 48, शुभमन ने 31, अक्षर ने 29 तो केएल राहुल और हार्दिक पांड्या की महत्वपूर्ण पारियों की बदौलत 4 विकेट से जीत हासिल कर ली।

### अंत तक भारत अजेय रहा, पाकिस्तान, बांग्लादेश न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया सबको धो डाला



### रोहित शर्मा का धमाल

**रोहित** की कप्तानी में पिछले तीन सालों के अंदर भारतीय टीम ने 4 आइसीसी फाइनल मुकाबले खेले हैं। विश्व टेस्ट चैंयनशिप 2023 ऑस्ट्रेलिया 209 रन से जीता। वनडे विश्व कप फाइनल 2023 ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीता। टी20 विश्व कप 2024 भारत ने अफ्रीका को 7 रन से हराया। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल-न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा कर खिताब जीता। आईसीसी का एक अनोखा रिकॉर्ड जिसे हासिल करने में रोहित को 18 साल लगे।

### भारत की जीत में 12 का अद्भुत संयोग

**दुबई** के मैदान पर टीम इंडिया ने आखिरकार 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टीम इंडिया ने 3 बार इस ट्रॉफी को जीता है और तीनों में 12 साल का अंतराल है। पहली बार टीम इंडिया ने इसे 2002 में जीता था इसके बाद 2013 तो अब 2025 में इसे दोबारा जीता है।

### चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने पर गर्व : पीएम मोदी

न्यूजीलैंड को हराकर आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, झारखंड से सीएम हेमंत सोरेन, यूपी के योगी आदित्यनाथ समेत तमाम नेताओं ने टीम इंडिया को बधाई दी। सभी ने खिलाड़ियों की मेहनत और प्रदर्शन की प्रशंसा की। पूरे देश में जीत का जश्न है। इस बीच पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम ! चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई।


**रोजा का समय**

**सेहरी** (02.03.2025): 04.47 बजे

**इफ्तार** (02.03.2025): 05.54 बजे

Sreeleathers

66 K-ROAD, BISTUPUR


## गौरव के परिवार को मिलेगा 3.10 करोड़ : खट्टर

- दिल्ली से आये अधिकारियों ने सीएस से की भेंट, सुरक्षा का आग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली, हजारीबाग।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हजारीबाग में हत्या में जान गंवाने वाले एनटीपीसी के अधिकारी कुमार गौरव ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त कीं और विभाग द्वारा दिये जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में बताया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मृतक के परिवार को कुल राशि 3 करोड़ 10 लाख रुपये मिलेंगे। बच्चों को पढ़ाई और पत्नी को मासिक खर्च जैसी आर्थिक मदद भी परिवार को दी जायेगी। हजारीबाग में शनिवार को दिनहहाड़े अज्ञात अपराधियों ने उनकी गोली मार कर हत्या कर दी थी। हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा में बदमाशों ने शनिवार सुबह एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गौरव एनटीपीसी के केरेडारी स्थित कार्यालय में काम करते थे।

**एनटीपीसी अधिकारी हत्याकांड**

### अपराधियों को कड़ी सजा मिलेगी

श्री खट्टर ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि घटना में शामिल लोगों को सख्त सजा मिले। मृतक गौरव बिहार के नालंदा के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि हजारीबाग में डीजीएम की हत्या में शार्प शूटरों का इस्तेमाल किया गया है। शूटरों ने चलती स्कॉर्पियो से गोली मारी। खट्टर ने बताया कि हमारे विभाग के कुछ मापदंड हैं जिनके आधार पर हमने उनकी मदद की है। उन्होंने कहा कि मृतक की पत्नी को भी 1 लाख रुपये भी दिये जायेंगे। श्री खट्टर ने कहा कि मैं विभाग से 3 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर 3 करोड़ 35 लाख रुपये करने का भी अनुरोध करता हूं।

### सीएस से मिले, कड़ी कार्रवाई व सुरक्षा मांगी

इस बीच घटना के बाद दिल्ली से आये एनटीपीसी के दो वरीय अधिकारियों निदेशक (फ्यूल) शिवम श्रीवास्तव और निदेशक (एचआर) एके जदली ने रविवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के मुलाकात की। एनटीपीसी के अधिकारियों ने इस दौरान हत्याकांड में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने और कोयला अधिकारियों की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था करने का अनुरोध किया। इधर हजारीबाग में हत्या कांड के सिलसिले में जांच के दौरान पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्या के सिलसिले मे एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक रोहित पाल की शिकायत पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। झारखंड सरकार ने इस हत्या कांड की जांच के लिए एसआइटी के गठन का आदेश दिया है। अपर महाप्रबंधक की ओर से पुलिस को की गयी शिकायत में हत्या की घटना का उल्लेख किया गया है।

## भाजपा के पक्ष में काम करते हैं कई कांग्रेसी

### दुमका में बोले झारखंड कांग्रेस प्रभारी, सख्त कार्रवाई होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/दुमका।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने अपने दुमका प्रवास में सनसनीखेज बयान दिया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमें यह फीडबैक मिला है कि काफी संख्या में ऐसे कांग्रेसी हैं, जो भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खास बात इसमें यह भी है कि इसमें कांग्रेस के कार्यकर्ता स्तर के लोग भी शामिल हैं। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा, अभी वह पूरे झारखंड का दौरा कर रहे हैं। हर जगह कांग्रेसियों के भाजपा में घुसपैठ की शिकायत मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस शिकायत को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है और इसको एग्जामिन किया जायेगा। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि भाजपा, कांग्रेस मुक्त भारत की बात कहती है तो वह कांग्रेस को कमजोर करने के लिए हर हथकंडा अपनायेगी। हमें सतर्क रहना है। इस मौके पर उनके साथ झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका सिंह पांडे, विधायक प्रदीप यादव भी मौजूद रहे।

**जनता से जुड़कर पार्टी हित में काम करें**



के राजू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत हमारा उद्देश्य है। हम कार्यकर्ताओं को साफ शब्दों में यह निर्देश दे रहे हैं कि आप जनता से जुड़िये। हमारा उद्देश्य सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है। अगर कोई ऐसी बात है जिस पर हमारे गठबंधन की सरकार का ध्यान नहीं है, लेकिन वह पब्लिक इश्यू है तो भी हमारा यह कर्तव्य है कि हम सरकार के संज्ञान में ऐसी बातों को सामने लायें। उन्होंने कहा, झारखंड में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हमारी पार्टी महिलाओं और युवाओं को बढ़ावा देने की योजना बनायी है। इसके साथ ही दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक सभी लोगों को हम साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो भी बोर्ड निगम के पद रिक्त हैं, उसे लेकर भी हमारा मंथन जारी है।

कौन कहां फिट होंगे इस पर विचार किया जा रहा है। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या के सवाल पर कहा कि ऐसी घटना चिंता का विषय है। सरकार और अधिकारी काफी गंभीर है। जो भी इस तरह की घटना घटी है, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय से सजा दिलाया गया है।

**न्यूज डायरी**

### इन छात्राओं को भी मिलेगी साइकिल व पोशाक

**रांची।** झारखंड के सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक स्कूलों में पढ़ने वाली एससी एसटी और ओबीसी श्रेणी की छात्राओं को अब साइकिल और पोशाक मिलेगी। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रविवार को संत जान्स स्कूल में आयोजित झारखंड अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर समन्वय समिति का राज्यस्तरीय अधिवेशन सह सम्मान समारोह में इसकी घोषणा की।

### चाईबासा में बड़ी नक्सली साजिश नाकाम

**चाईबासा।** सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश रविवार को नाकाम कर दिया। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने टोन्टो थाना क्षेत्र के जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली और पहाड़ी क्षेत्र यह विस्फोटक बरामद किया। सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों दोनों आईईडी लगा रखा था।

### दो युवकों की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हरिहरगंज में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। एनएच 139 हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर रविवार तड़के ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की जान चली गयी। इसके कारण हाइवे जाम भी रहा।

## बजट सत्र : दूसरा चरण आज से, कई मुद्दों पर टकराव संभव

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू होगा। सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच वक्फ विधेयक, मणिपुर हिंसा व इपीआइसी के अलावा अन्य कई मुद्दों को लेकर टकराव होने की संभावना है। वहीं विपक्ष वोटर लिस्ट में कथित हेराफेरी के साथ ही ट्रंप प्रशासन से निपटने को लेकर भारत के रवैये जैसे मुद्दों को सदन में उठाने की योजना बना रहा है। वहीं दूसरी तरफ सरकार का फोकस अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी प्राप्त करना होगा। इसके साथ ही बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने व मणिपुर बजट के लिए अनुमोदन प्राप्त करना और वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर ध्यान रहेगा।

**दूसरा चरण 4 अप्रैल तक**

संसद के बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चला था। वहीं दूसरा भाग 10 मार्च से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगा। गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी लेने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव भी पेश कर सकते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को ही मणिपुर का बजट भी पेश करेंगी,



क्योंकि एन बीरेन सिंह के मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। विपक्ष ने कहा कि वह मतदाता फोटो पहचान पत्र क्रमांक के दोहराव के मसले पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। टीएमसी ने इस मुद्दे को उठाने में अहम भूमिका निभायी है। इसके बाद इलेक्शन कमीशन ने कहा है कि वह अगले तीन महीनों में सुधारात्मक कदम उठायेगा। हालांकि इलेक्शन कमीशन ने टीएमसी के इस दावे को खारिज कर दिया था कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की गयी है। तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमवार को इलेक्शन कमीशन के अफसरों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान संसद के दोनों ही सदनों में इस मुद्दे को उठाने के लिए कांग्रेस के अलावा डीएमके, शिवसेना (यूबीटी) समेत अन्य विपक्षी दलों को भी एकजुट किया है। वहीं सरकार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक को जल्द पास कराना प्राथमिकता है। गौरतलब है कि संसद की संयुक्त समिति ने विपक्ष के भारी विरोध के दौरान विधेयक पर अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश की थी। संसद में सत्र को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के नेता वक्फ विधेयक का संयुक्त रूप से विरोध करेंगे।

## लेवी वसूलने पहुंचे पीएलएफआइ के पांच नक्सली गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** ठेकेदारों से लेवी वसूलने की योजना बना रहे प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के पांच सक्रिय नक्सलियों को पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने एक देसी कारबाईन, मैग्जीन ,एक जिंदा गोली, पीएलएफआइ के छह पर्चे, चार बाइक, पांच मोबाइल फोन और एक बैग बरामद किया है। पकड़े गये नक्सलियों में रांची जिले के इटकी थाना क्षेत्र के तरगड़ी गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पवन महतो (26 ), करमा बारला (38 ), रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के इटमा मोड़ कुजू निवासी सेंटू सिंह (20 ), पतरातू के हेहल बड़काकाना निवासी अभय कुमार सिंह उर्फ अमन सिंह (22 ) और दीपक मुंडा (20) शामिल हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने रविवार को कर्रा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इसे लेकर कर्रा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत माममला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी अमन कुमार को शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ के कुछ नक्सली कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल में बैठक करने वाले हैं।

# स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए अपना और अपने आश्रितों का 30 अप्रैल तक करायें एनरोलमेंट

## झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक की लाभुकों को सलाह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग, झारखंड ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के संबंध में जरूरी सूचना जारी की है। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने कहा है कि बीमा योजना से संबंधित लाभान्वित होने वाले सभी लाभुक निर्धारित प्रक्रिया के तहत 30 अप्रैल तक अपना और अपने आश्रितों का एनरोलमेंट करा लें। इससे समय पर इस योजना का लाभ मिलना सुनिश्ति हो पायेगा। सरकार द्वारा पूर्व में बीमा योजना का लाभ देने को विभागीय संकल्प (सं 185(3), 31-7-2023 एवं सं सं 13(3), 24-1-25) निर्गत कर दिया था। योजना एक मई से पूरे प्रदेश में प्रभावी है।

इस संकल्प के तहत अनिवार्य रूप से राज्य के कर्मियों तथा उनके आश्रित सदस्यों को सम्मिलित रूप से 5 लाख रुपया प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत बीमा प्रदान किया जाना है। गंभीर बीमारियों के ईलाज पर 10 लाग रुपया तक का कैशलेस इलाज होगा। विशेष परिस्थिति में वायुयान (एयर एंबुलेंस) की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी। बीमा सुविधा लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य है। योजनांतर्गत पूर्व में आवेदन करने वाले एवं पात्र एवं नये पात्रों को सेहिस डॉट झारखंड डॉट गॉभ डॉट इन पोर्टल पर आवेदक के रूप में अपना और परिजनों से संबंधित जानकारी देनी होगी।

आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के बाद आवेदन संबंधित डीटीओ के पास वैलिडेशन के लिए चला जायेगा। डीडीओ द्वारा आवेदन को वैलिडेट करने के बाद आवेदक को बीमा कार्ड जारी कर दिया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन करते समय रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, फोटो (आवेदक, आश्रित), जन्म तिथि (आवेदक, आश्रित), आधार नंबर, ऑफिस डिटेल (नियुक्ति तिथि, कार्यालय का पता), जीपीएफ नंबर की जरूरत होगी। रिटायर्ड कर्मी, पदाधिकारी को भी इसी प्रक्रिया के तहत आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18003455027 की मदद ले सकते हैं।

## अंगिका साहित्य भूषण सेवा सम्मान से सम्मानित हुए एसएन सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कवि एवं लोक गायक सदानंद सिंह यादव को झारखंड प्रदेश अंगिका समाज ने होली मिलन सह सम्मान समारोह में शॉल, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र के साथ उन्हें अंगिका साहित्य भूषण सेवा सम्मान से सम्मानित किया। रविवार को स्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कमड़े में उन्हें अति विशिष्ट अतिथियों ने यह सम्मान प्रदान किया। सदानंद सिंह यादव की अगर बात करें तो वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं।इनकी खूबी है कि यह विलुप्तप्राय गीतों को तो गाते ही हैं। साथ ही स्वरचित गीतों को भी स्वरबद्ध कर कई गीत गाए हैं। इन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं । वह लगातार साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। श्री यादव कई सालों से विभिन्न मंचों पर काव्य- पाठ कर रहे हैं । कविता के अलावा ज्यादातर ये लोकगीत की प्रस्तुति करते हैं। इन्हें पत्रकारिता का भी अनुभव प्राप्त है। कई संस्थानों के लिए लेखन तथा देश के प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में इनके आलेख प्रकाशित होते रहे हैं इस बाबत सदानंद सिंह यादव ने कहा कि आत्मा के सौंदर्य का शब्द रूप है काव्य। मानव होना भाग्य है। कवि होना सौभाग्य। उन्होंने इस सम्मान के लिए अंगिका समाज का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। श्री सदानंद सिंह यादव को अंगिका साहित्य सेवा भूषण सम्मान (2025) मिलने पर कई साहित्यकारों ने बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत ही गरिमा की बात है।

## डीएसपीएमयू में तत्कालीन कार्यवाहक कुलपति ने किया 60 करोड रुपए की घोटाला : राजेश गुप्ता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के तत्कालीन कार्यवाहक कुलपति डॉ नितिन मदन कुलकर्णी और रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह द्वारा लगभग 60 करोड रुपए से अधिक के वित्तीय घोटाले किए गए हैं। झारखंडी स्मिता के साथ खिलवाल कर उच्च शिक्षा को अवैध धन अर्जन का अड्डा बना दिया है। राज भवन व राज्य सरकार द्वारा प्रदत झारखंड विश्वविद्यालय अधिनियम की धज्जियां उड़ाई गई है। पिछले 3 सालों से अपने किए गए अवैध क्रिया कलापों को छिपाने केलिए येन केन प्रकरण राजभवन में बने हुए है। यह बातें प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से 50 करोड रुपए से अधिक की राशि का घोटाला हुआ है। एक कार्यवाहक कुलपति मात्र तीन महीने में 7.30 करोड रुपए खर्च कर दिये। यहां, निम्न गुणवत्ता की वस्तुएं खरीदी गई, जिसका भौतिक सत्यापन और गणना होनी चाहिये। यह खरीदी झारखंड, रांची से नहीं कर हरियाणा, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, कोलकाता आदि स्थित अज्ञात कंपनियों (जिसका झारखंड में कोई बेस नहीं है)से साढे तीन करोड रुपए से अधिक की निम्न गुणवत्ता के फर्नीचर खरीदे गये। एक करोड रुपए खर्च कर वाईफाई लगाने का दावा किया गया। लेकिन कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। कार्यकारी कुलपति द्वारा

# विभिन्न जिलों में पलाश हर्बल गुलाल बिक्री स्टाल शुरू

## हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ, खूंटी, लोहरदगा में हुआ स्टॉल का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। पलाश ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलायें स्वयं हर्बल गुलाल की पैकेजिंग और मार्केटिंग कर रही हैं। रांची के प्रमुख स्थानों पर 9 से 13 मार्च तक पलाश होली स्पेशल डिस्प्ले स्टॉल लगाये गये। झारखंड के विभिन्न जिलों में पलाश हर्बल गुलाल की बिक्री शुरू हो गयी है। पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है। बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजार सज गए हैं। पिछले वर्ष की तरह ही झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी के अंतर्गत पलाश ब्रांड के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक उत्पादों से तैयार हर्बल गुलाल बाजार में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने के उद्देश्य से शुरू किये गये पलाश ब्रांड के अंतर्गत राज्यभर के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत रविवार को रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा जिलों में पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल का परिचालन आरंभ किया गया।

**हर्बल गुलाल प्राकृतिक और पूरी तरह है सुरक्षित :** जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कंचन सिंह के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों में 100 से अधिक स्टालों का संचालन दिनांक 9 से 13 मार्च 2025 तक किया जाएगा। सखी मंडल की माहिलाएं गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर रहीं है, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती है। हरे रंग के लिये पालक, गुलाबी के लिये चुकंदर, पीले और नारंगी रंग के लिये पलाश व हल्दी, जबकि नीले रंग के लिए सिंद्धार समेत अन्य फूलों और पत्तियों के प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही, गुलाल को सुगंधित बनाने के लिये प्राकृतिक एसेंस का भी समावेश किया गया है। पलाश ब्रांड के जरिये हम ग्रामीण महिलाओं के हाथों से बने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे हैं। पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है। बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। पलाश हर्बल गुलाल के साथ-साथ पलाश रागी लड्डू, हैंडमेड चॉकलेट, कुकीज आदि उत्पादों की बिक्री की जा रही है। रंग-बिरंगे गुलाल पांच वैरायटी में उपलब्ध हैं। इसकी खरीदारी नजदीकी पलाश मार्ट अथवा होली स्पेशल डिस्प्ले स्टाल से की जा सकती है। इस अभियान के अंतर्गत रांची शहरी क्षेत्र में पलाश हर्बल गुलाल के स्टॉल राज्य सरकार के प्रमुख कार्यालयों, एफएफपी भवन, सचिवालय, झारखंड उच्च न्यायालय परिसर, प्रमुख व्यावसायिक स्थलों, रांची मॉल, न्यूक्लियस मॉल, स्प्रिंग सिटी मॉल, डोरंडा बाजार, अटल वेंडर मार्केट, पैंटालूंस, रिलायंस मॉल मोराबादी मैदान एवं एजी मोड़ आदि जगहों पर संचालित किये जायेंगे।

## रांची पुलिस ने हथियार के साथ तीन अफीम तस्कर को किया गिरफ्तार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी पुलिस ने हथियार के साथ तीन अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी केवी रमण के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने खादगढ़ा बस स्टैंड से मोहन लोहरा, कुंवर मुंडा और बिरसा मुंडा को गिरफ्तार किया हैं। इनके पास से 550 ग्राम अफीम और पिस्टल समेत अन्य सामान बरामद हुआ हैं। रविवार को सिटी डीएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के उतर तरफ बने पानी की टंकी के पास से संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए तीन युवको को संदेह के आधार पर पकड़ा गया।

पकड़ाये गये युवको की तलाशी लेने पर इनलोगो के पास से अफीम और अवैध पिस्टल और गोली बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में तीनो ने खूंटी से चतरा अफीम पहुंचाने की बात को स्वीकारा है।

# हायर एजुकेशन ने 7000 ग्रेड का विज्ञापन और 6000 पर नियुक्ति

## पूर्व सीनेटर ने उच्च शिक्षा निदेशक और सचिव की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सह सिंडीकेट सदस्य डॉ अटल पांडेय ने उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग ने 7 दिसंबर 2022 को उच्च शिक्षा निदेशालय के लिए उप निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखंड के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें स्पष्ट था की उप निदेशक जिनका ग्रेड पे 7000/- हो वही इस पद के लिए उपयुक्त होंगे। परंतु उच्च शिक्षा निदेशालय ने अपने ही विज्ञापन को धत्ता बताते हुए 6000/- ग्रेड पे वाले प्राध्यापकों की नियुक्ति उप निदेशक, उच्च शिक्षा के पद पर कर ली। उच्च शिक्षा सचिव और निदेशक ने गोलमाल कर ऐसे अयोग्य लोगों को उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक के पद पर भर लिया जिसका नुकसान पूरा झारखंड उठा रहा है।

**सुधरने का नाम नहीं ले रहें हैं विभागीय अधिकारी :** उन्होंने कहा कि आज उच्च शिक्षा विभाग के हालात यह है कि पूरे राज्य से सैकड़ों केस विभाग पर दर्ज हुए हैं। इससे सरकार को केस लड़ने के लिए अतिरिक्त शक्ति लगानी पड़ रही है। राज्य की जनता के राजस्व का नुकसान हो रहा है और बार बार उच्च न्यायालय द्वारा इन लोगों को फटकार लगाई जा रही है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहें हैं। इस राज्य के हजारों शिक्षक और कर्मचारी उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली से दुखी और निराश हैं।

**इस बड़े रैकेट की जांच जरूरी है :** उन्होंने कहा कि मैं इस मामले से राज्यपाल और मुख्यमंत्री महोदय को अवगत कराउंगा और इस रैकेट के भंडाफोड़ के लिए सीबीआई या उच्च स्तरीय जांच की मांग करुंगा। मालूम हो कि इस राज्य में दर्जनों निजी विश्वविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, बीएड कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज आदि बिना पूर्ण अहर्ता के संचालित हैं, जहां से इन लोगों का सांठगांठ है। इस बड़े रैकेट की जांच जरूरी है, ताकि इन लोगों का गोरखधंधा बंद हो। इस पूरे मामले की तह तक जाएंगे तो बड़ा भ्रष्टाचार का मामला उजागर हो सकता है।

# कायस्थ समाज की भारत ही नहीं बल्कि, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है : सुबोधकांत

### कायस्थ महासभा का अशोक नगर में पदाधिकारी सम्मान समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कायस्थ समाज आज भारत ही नहीं बल्कि, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। भगवान चित्रगुप्त के वंशज के रूप में हर देश के शीर्ष स्थानों पर कायस्थ आज अपनी बुद्धिमता साबित कर रहे है। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री रांची के पूर्व संसद और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय ने कही। श्री सहाय महासभा द्वारा अशोकनगर क्लब में आयोजित पदाधिकारी सम्मान समारोह के अवसर पर समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के हर कोने के साथ ही दूसरे देशों में भी रहनेवाले कायस्थ आज महासभा के बैनर तले जुड़कर एक दूसरे की मदद कर महासभा के एकता की मिसाल कायम कर रहें हैं। उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी मुकेश कुमार के मार्गदर्शन और प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय के सार्थक प्रयास से गठित प्रदेश की नवगठित कमिटी को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि कि झारखंड प्रदेश की प्रदेश महिला की और प्रदेश युवा की यह सशक्त टीम झारखंड के सभी जिलों में समाज की कार्यरत कमिटी से सहयोग स्थापित कर सामाजिक उत्थान की दिशा में एक मील का पत्थर रखेगा।

**कोई भी भाई टूटे न , कोई भी भाई छूटे न और कोई भी भाई रूठे न :** वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सभा संसद दीपक प्रकाश ने कहा कि कायस्थ महासभा हमेशा से ही समाज के लोगों को जोड़ने और उनकी सहायता करने के लिए तत्पर रहा है। उन्होंने नवगठित टीम को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि अपनी कार्यकुशलता और मेधा से नई टीम झारखंड के सामाजिक राजनीतिक आर्थिक और व्यापारिक सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहराएगी।

स्वागत भाषण देते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी मुकेश कुमार ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और सामाजिक गतिविधियों को गति देने का मार्गदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय ने कहा कि समाज का एकमात्र उद्देश्य है कोई भी भाई टूटे न , कोई भी भाई छूटे न और कोई भी भाई रूठे न। उन्होंने कहा कि प्रदेश कमिटी सभी जिलों में जाकर तुम को तेज गति प्रदान करेगी। धन्यवाद ज्ञापन सुशील कुमार लाल ने किया।

### महासभा का होली मिलन कार्यक्रम स्थगित

इससे पूर्व चित्रगुप्त वंदन के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । इस बार कुमार सुशील की अस्वस्थता और आर्किड अस्पताल में भर्ती रहने के कारण महासभा ने होली मिलन कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। समारोह में मुख्य अतिथि सुबोध कांत सहाय ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किया। साथ ही राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने अंगवस्त्र से सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों और विभिन्न जिलों जमशेदपुर , हजारीबाग , गढ़वा आदि स्थानों से आए पदाधिकारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में विवेक अखौरी, मानस सिन्हा , संदीप वर्मा , डॉ शांतनु , अमित अखौरी , सुमित बरियार , रतन वर्मा, पंकज सिन्हा, मनीष सिन्हा , श्वेतांक , संदीप , दीपक मल्लिक, राजेश सिन्हा, नीतू सिन्हा, उमा सिन्हा, निर्मला कर्ण, डेजी सिन्हा,रेखा श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, उषा वर्मा, रजनी बख्शी, शिखा प्रिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मनरेगा : मिट्टी-मोरम सड़क के लिए तैयार हो रहा गाइडलाइन

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा अंतर्गत मिप्ती मोरम पथ की स्वीकृति प्रदान करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार कर रहा है। ग्रामीण इलाकों के गांव, कस्बों व टोलों में मनरेगा के तहत मिप्ती -मोरम की सड़कें फिर से बनाने की प्रकिया शुरू की जायेगी। सरकार का मानना है कि आवागमन को बेहरत करने और मानव दिवस सृजन के लिए यह जरूरी है। वहीं, रोजगार सृजन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भी इस कार्य को करने की योजना है। बता दें कि, विगत दिनों ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी विभाग के पदाधिकारियों को मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया था और मिप्ती-मोरम सड़क व बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए विस्तृत गाइडलाइन बनाने को कहा था।

### छत्तीसगढ़ के मत्स्य कृषकों का दल पहुंचा झारखंड

**रांची।** छत्तीसगढ़ के जशपुर के मत्स्य कृषकों का 21 सदस्यीय दल रविवार को तीन दिवसीय झारखंड भ्रमण कार्यक्रम के तहत रांची पहुंचा। इस दल का नेतृत्व प्रभात शर्मा तथा उमेश पटोया कर रहै हैं। मत्स्य किसानों का यह दल झारखंड में हो रहे मत्स्य विकास कार्यक्रम एवं योजनाओं को देखकर काफी अभिभूत हुये। उन्होंने आरएएस, बायोफ्लॉक तकनीक, बीएफटी, झास्कोफिश द्वारा संचालित फीड मील, नलकरी डेम, पतरातु तथा गेतलसूद में केज कल्चर, कोल पीट में केजकल्चर आदि योजनाओं को देखकर प्रभावित हुये। इस संबंध में मत्स्य निदेशक एचएन द्विवेदी ने कहा कि किसानों के इस तरह के भ्रमण से दूसरे राज्यों में चल रही योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है तथा ज्ञान व अनुभवों का आदान.प्रदान होता है। इससे मात्स्यिकी विकास कार्यक्रमों में गति आती है। मत्स्य किसान अगले दो दिनों तक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान झारखंड के विभिन्न स्थानों पर किए जा रहे मत्स्य पालन की जानकारियां प्राप्त करेंगे। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

### विदेश में बैठे अपराधियों पर नकेल कसे राज्य सरकार : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने विधि व्यवस्था की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि वह विदेश में बैठकर झारखंड में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे अपराधियों पर नकेल कसे। हाल के दिन में झारखंड के 6- 7 जिलों में अपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। लेवी और एक्सटॉर्शन के चलते विदेश में बैठे अपराधी झारखंड में अपने गुर्गों से घटनाओं को अंजाम देकर दहशत पैदा करते हैं। हजारीबाग में 2 वर्ष पूर्व भी कोयला से जुड़ी एक कंपनी के जीएम की हत्या कर दी गई थी। अब एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या हुई। रांची के भीड़ भाड़ वाले इलाके में कोयला व्यापारी पर हमला होता है। इसके अतिरिक्त अपराधी अलग जिलों में कोयला साइडिंग पर लगातार गोली चला कर दहशत फैला रहे हैं।

**संगठित अपराध भी पुलिस के लिये बड़ी चुनौती बना :** प्रतुल शाहदेव ने कहा संगठित अपराध पुलिस के लिये नक्सलवाद की तरह बड़ी समस्या बन गई है। संगठित आपराधिक गिरोह झारखंड में लगातार पैर फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आलम ये है कि कई जिलों में कोयला कंपनी से जुड़े अधिकारी बुलेट प्रूफ वाहनों से सफर करते हैं।अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह घटना को अंजाम देने के बाद फेसबुक पर लिखकर घटना की जिम्मेवारी लेकर भविष्य के लिये चेतावनी भी देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार एक सुनियोजित प्लान के तहत संगठित गिरोह का खात्मा नहीं करेगी तो झारखंड की स्थिति भयावह हो जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस की वेबसाइट के अनुसार अबुआ सरकार के पहले महीने में ही 5207 संज्ञेय अपराध हुए जो की चिंता का विषय है।

### वाणिज्य कर विभाग के 100 से अधिक कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं

**रांची।** वाणिज्य कर विभाग के 100 से ज्यादा कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने का मुख्य कारण निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों (डीडीओ) का नहीं होना है। वाणिज्य कर अधिकारियों को वेतन नहीं मिलने का मामला विभाग के पांच प्रमंडलों के 17 अंचलों से संबंधित है। विभाग के रांची प्रमंडल के पि्मी अंचल ,दक्षिणी अंचल और वैट ट्रिब्यूनल में पदस्थापित राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। वाणिज्यकर धनबाद प्रमंडल के धनबाद शहरी अंचल, बोकारो और चिरकुंडा अंचल में पदस्थापित अधिकारियों कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। जमशेदपुर प्रमंडल के अदित्यपुर, जमशेदपुर शहरी, सिंहभूम और चाईबासा अंचल के अधिकारियों कर्मचारियों के वेतन नहीं मिला है।

इसके अलावा दुमका प्रमंडल के साहिबगंज, देवघर, पाकुड़ और हजारीबाग प्रमंडल के रामगढ़, गिरिडीह, कोडरमा अंचल के राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। इन अंचलों में डीडीओ के रूप में नामित अधिकारियों में से कुछ अधिकारी सेवानिवृत हो गये है, जबकि कुछ अंचलों के डीडीओ का तबादला हो गया है। इसके बाद संबंधित अंचलों में सरकार ने किसी को डीडीओ की शक्तियां नहीं दी है। इससे वेतन की निकासी संभव नहीं हो रहा है।

### जैक की 8वीं बोर्ड की परीक्षा आज, स्कूलों में तैयारी पूरी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 10 मार्च को होगी। जैक की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। इसके मद्देनजर राज्य में परीक्षा के दिन भी बच्चों को मध्या? भोजन देने का निर्देश दिया गया है। झारखंड राज्य मध्या? भोजन प्राधिकरण के निदेशक शशि रंजन ने इस संबंध में सभी जिला अधीक्षक को पत्र लिखा है।

**बच्चों को परीक्षा के दौरान मिलेगा मिड डे मिल :** मिली जानकारी के अनुसार जिला अधीक्षक को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि 10 मार्च को आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा होनी है। परीक्षा के बाद सभी बच्चों को संबंधित परीक्षा केंद्र पर मध्या? भोजन दिया जाएगा। उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र होने की स्थिति में बच्चों को निकटतम मध्य विद्यालय में मध्या? भोजन देने का निर्देश दिया गया है।

### बीआईटी मेसरा बिटोत्सव- 25 का आर्टिस्ट रिवील शुरू

**रांची।** बीआईटी मेसरा के वार्षिक और सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव -25 का आर्टिस्ट रिवील 9 मार्च को आईसी एरीना में शुरू हुआ। इस अवसर पर दर्शकों के सामने एक लघु फि ल्म को प्रस्तुत किया गया इसमें बिटोत्सव -24 के यादगार पलों को दशार्या गया। इन पलों को देख छात्रों ने अपने अतीत की सुखद स्मृतियों को सांझा किया। नए छात्रों के बीच उत्सुकता भर दी। इसी दौरान घोषणा की गई की बिटोत्सव25 की वेबसाइट लाइव है। इसके बाद डांस क्लब द्वारा एक शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने सबकों बिटोत्सव-25 की एक छोटी-सी झलक दिखाई। इस प्रस्तुति से दर्शकों में हर्ष एक नए चरम पर पहुंच गया। कार्यक्रम में आगे जैसे ही बिटोत्सव-25 के लिए कलाकारों की सूची की घोषणा एक वीडियो द्वारा की गई, माहौल उत्साह से झूम उठा। बिटोत्सव-25 की अन्तिम शाम को मीत ब्रोज अपने संगीत प्रस्तुति से चार चांद लगाएंगे। इस रोमांचक शाम की समाप्ति डीजे नाईट के साथ हुई।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा ने किया होली मिलन

**रांची।** रविवार को सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्रा२ण महासभा राँची इकाई के तत्वावधान में हेसल सरोवर नगर सूर्य मंदिर में दीप प्रज्वलित कर एवं अबीर गुलाल लगाकर वंदन नमन कर होली मिलन समारोह मनाया गया। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। होली की गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्रा२ण महासभा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ कुमार पांडेय,मंत्री रविन्द्र कुमार मिश्र जिला इकाई के संरक्षक बसंत कुमार पाठक, विभाकर मिश्र, उमाकांत मिश्र व दिग्विजय पाठक, आचार्य मिथिलेश कुमार मिश्र, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

सोमवार 10.03.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 318

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर अटल विरासत सम्मेलन आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड के जिला कार्यालय में भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 'अटल विरासत सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय थे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने की। संचालन जिला महामंत्री निताय रजवार ने किया।

इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में महत्वपूर्ण दायित्व निभाने वाले वरिष्ठ भाजपा नेताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में जिला मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि, गिरीजा शंकर उपाध्याय, महादेव कुंभकार, मनोज मिश्रा, बलदेव महतो समेत कई अन्य प्रमुख नेता शामिल थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता बालमुकुंद सहाय ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि का परिणाम था। उन्होंने गठबंधन सरकार चलाकर एक नई राजनीतिक परंपरा स्थापित की और अंत्योदय के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कीं, जिनका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। वर्तमान मोदी सरकार भी उनकी कई योजनाओं को आगे बढ़ा रही है।





**खास बातें:** बालमुकुंद सहाय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के अजातशत्रु थे और झारखंड से उनका गहरा लगाव था। उनका मानना था कि सत्ता का विकेंद्रीकरण करने से आम लोगों को अधिक विकास के अवसर मिलेंगे। उनके कार्यकाल में ही झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड का गठन हुआ था, जिससे इन राज्यों के विकास को नई गति मिली। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञानरंजन सिन्हा, सिंदरी विधानसभा की प्रत्याशी तारा देवी, टुंडी विधानसभा के प्रत्याशी विकास महतो, रतिरंजन गिरि, महादेव कुंभकार, मनोज मिश्रा, गिरजाशंकर उपाध्याय, मोहन कुंभकार समेत अन्य भाजपा नेताओं ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन बलदेव महतो ने किया। सम्मेलन में जिला मंत्री आशीष मुखर्जी, प्रकाश बाऊरी, मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडल, सुजित चौधरी, रंजीत सिंह, निवास तिवारी, तालेश्वर साव, तिलक मंडल, सुरजीत चंद्रा, विरंची सिंह, गोपाल भारती, अरविंद पाठक, बमबम साव, विधुत चक्रवर्ती, आशुतोष पाल, राकेश तिवारी, नवल सिंह चौधरी, माला देवी, संजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रागिनी सिंह ने किया श्याम भक्तों का अभिनंदन, फल व प्रसाद बांटे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** फाल्गुन मास के अवसर पर झरिया श्याम प्रभु मंदिर में आयोजित जय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के तहत रविवार को भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने भक्तों के स्वागत के लिए विशेष स्टॉल लगाया और फल एवं द्रव्य वितरण कर सभी श्रद्धालुओं को सम्मानित किया। इसके बाद विधायक श्याम मंदिर पहुंच, श्याम बाबा के दर्शन और पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं को फाल्गुन महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया।

### स्पीड न्यूज

### हाड़ी समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन

**धनबाद।** गांधी सेवा सदन में रविवार को हाड़ी जाति समाज सुधार समिति द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिले और होली की शुभकामनाएं दीं। समिति के अध्यक्ष किशोर हाड़ी और अन्य पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अपील की कि वे होली को सुरक्षित और नशामुक्त तरीके से मनाएं। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी, कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी, उपाध्यक्ष बिरजु हाड़ी, सचिव राजेश हाड़ी सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह में उमंग और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जहां लोगों ने पारंपरिक अंदाज में होली का आनंद लिया और समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

### बच्चों संग 'पंख एक नई दिशा' ने मनाया होली मिलन



**धनबाद।** सामाजिक संस्था 'पंख एक नई दिशा' ने हीरापुर स्थित हिन्दू मिशन में बच्चों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ रंग-गुलाल खेला और उन्हें पिचकारी, मिठाई, पूड़ी-सब्जी, चॉकलेट, चिप्स आदि भेंट किए। बच्चों ने होली के गानों पर जमकर नृत्य और मस्ती की, जिससे पूरे माहौल में उमंग और खुशहाली छा गई। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह को अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज में जरूरतमंद बच्चों के जीवन में खुशियां लाना है और इस तरह के आयोजनों से उन्हें अपनापन महसूस कराना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, सुधा गुप्ता, साधना सूद, गायत्री गुप्ता, मनीष गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता, रंजना सिंह, पूनम गुप्ता, संगीता सिंह, रंजीत जायसवाल समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## पुलिस ने किया साइबर सुरक्षा जागरूकता रथ रवाना, करेगा लोगों को जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस केंद्र धनबाद से साइबर सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन के निदेर्शानुसार, नगर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार ने इस रथ को रवाना किया, जो आगामी पांच दिनों तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को साइबर अपराध के खतरों और उनसे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक करेगा।



इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और आवासीय परिसरों में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत भी जागरूकता अभियान जारी है। यह एक राष्ट्रीय जन जागरूकता अभियान का हिस्सा है, जिसका मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों से सतर्क करना और डिजिटल दुनिया को अधिक सुरक्षित बनाना है।

सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल एक सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की साझा जिम्मेदारी है। जब सभी नागरिक ऑनलाइन सुरक्षित रहने के सरल उपाय अपनाते हैं, तो इंटरनेट का उपयोग अधिक सुरक्षित हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है।

साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस की विशेष टीम आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर साइबर अपराध से निपटने के लिए सतत प्रयास कर रही है। यह अभियान लोगों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने और धोखाधड़ी से बचने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा कि कोई भी बैंक एटीएम नंबर, सीवीवी, ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी नहीं मांगता, इसलिए ऐसे कॉल या संदेशों से सावधान रहें।

इस अवसर पर साइबर थाना प्रभारी अक्षय राम, शरत दूधानी, विक्रांत उपाध्याय, सर्जेंट प्रवीण कुमार, पंकज रजक समेत अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## तेलीपाड़ा में नकली शराब का भंडाफोड़



**खबर मन्त्र संवाददाता**

धनबाद। धनबाद के तेलीपाड़ा इलाके में शनिवार देर रात उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शंकर साव के घर छापेमारी की। सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर की गई इस छापेमारी में विभिन्न ब्रांडों की नकली शराब, खाली बोतलें और ब्रांडेड ढक्कन बरामद किए गए। बरामद नकली शराब में आरएस, बीपी और ब्लैक टाइगर जैसे कई नामी ब्रांड शामिल थे, जिनका अवैध कारोबार किया जा रहा था। हालांकि, छापेमारी के दौरान शंकर साव घर पर मौजूद नहीं था। उत्पाद विभाग उसकी तलाश कर रहा है और इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की जानकारी जुटाई जा रही है।उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, और अवैध शराब के कारोबार पर सख्ती से नकेल कसने के संकेत मिले हैं।

## संत अंथोनी चर्च में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को संत अंथोनी चर्च में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी महिलाओं को गुलाब और बैच लगाकर सम्मानपूर्वक चर्च में प्रवेश कराया गया।

चर्च के फादर आमातुस कुजूर ने अपने उपदेश में कहा कि महिलाओं का सम्मान स्वयं ईश्वर ने किया, जब उन्होंने मां मरियम को प्रभु यीशु की माता होने का गौरव प्रदान किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और समान अधिकार जैसे तीन महत्वपूर्ण विषयों पर हमें चिंतन करने की जरूरत है। फादर ने पुरुषों से आह्वान किया कि वे महिलाओं को उनके समानता के अधिकार और सम्मान को हृदय से स्वीकारें और समाज में उनके योगदान को सराहें।



कार्यक्रम के अंत में फादर आमातुस कुजूर और कार्मेल स्कूल की सिस्टर आमला ने एस्थर किंडो, सरिता मिंज, शांति सोए और सुनीता सुरीन को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में शिशिर प्रभात तिर्की, जोसेफ डाहंगा, एतवा टूटी, अनिल कुजूर और गुलाब पीटर सुरीन सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## झामुमो मे बड़ी संख्या में लोगों ने की सदस्यता ग्रहण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** धनबाद नगर निगम के वार्ड नंबर 53, कांड्रा बाजार में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व झामुमो महानगर संयोजक मंडली सदस्य एवं सिंदरी नगर प्रभारी रामू मंडल ने किया।

रामू मंडल ने बताया कि इस सदस्यता अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को संगठन से जोड़ना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।



उन्होंने कहा कि झामुमो समाज के सभी वर्गों को संगठन से जोड़ने और उनकी आवाज को बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान सपन बनर्जी, परशुराम सिंह, मलय चंद्र महतो, अशोक महतो, राजेश महतो, मुकेश गोराईं, सुशील हेंब्रम, शिवलाल मुर्मू, विश्वजीत गोराईं, विकास मंडल, सुनील महतो, विकेश गोराईं, अमित मंडल और बलराम मंडल सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

सदस्यता अभियान के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि झामुमो की पकड़ इलाके में लगातार मजबूत हो रही है।

## लोदना मोड़ में युवक से मारपीट 82,500 रुपये लूटने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के लोदना मोड़ पर शमशेर नगर निवासी तुफैल कुरैशी के साथ मारपीट कर 82,500 रुपये लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने झरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें फुसबंगला कंगाली पट्टी निवासी सोनू कंगाली और उसके सहयोगियों पर आरोप लगाया गया है। शिकायत के अनुसार, तुफैल कुरैशी जब तगादा कर घर लौट रहे थे, तभी सोनू कंगाली, अरमुल्लाह कंगाली, आकाश कंगाली, मोनू कंगाली, राजू कंगाली, नूर मोहम्मद कंगाली, पाले कंगाली और अल्ला रख्खा कंगाली ने उन्हें घेरकर बुरी तरह पीटा और पैसे छीन लिए। हालांकि, सोनू कंगाली ने इन आरोपों को झूठा बताया और कहा कि मामला केवल लेन-देन का है, मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि उन्हें झूठे केस में फंसाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल झरिया पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सभी आरोपों की सत्यता की पुष्टि करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

### एक नजर में

### झरिया में होली मिलन समारोह, सद्भावना के साथ मनाने का संदेश



**झरिया।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के झरिया प्रखंड कार्यकर्ताओं ने कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया और रंगों के बीच भाईचारे का माहौल बना रहा। समारोह के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग मंत्री सोनू गिरी ने कहा कि सनातन धर्म में होली को आदर्श रूप में मनाने की परंपरा है। उन्होंने लोगों से हुड़दंग से बचकर शालीनता के साथ होली खेलने की अपील की और कहा कि यह पर्व एक-दूसरे को रंग लगाकर और गले मिलकर मनाने का संदेश देता है। उन्होंने होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए इसके धार्मिक और सामाजिक महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में धनबाद सहित कई जिलों के विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सोनू गिरी, रोहित सिंह, सोनू सिंह, द्वारका तिवारी, दिवाकर सिंह, बलदेव पांडेय, लल्लू झा, धर्मेंद्र सरोज, रंजीत पासवान, मधुसूदन अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मईयां सम्मान योजना से वंचित वार्ड सदस्य देंगे सामूहिक इस्तीफा



**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के वार्ड सदस्यों ने मईयां सम्मान योजना से वंचित किए जाने के विरोध में सामूहिक इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। रविवार को एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के सभागार में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। तय किया गया कि सोमवार को सभी वार्ड सदस्य बीडीओ को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष परमेश्वर महतो और प्रखंड अध्यक्ष दीपक सिंह ने बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पंचायती राज गठन के बाद से वार्ड सदस्यों को कभी उचित सम्मान नहीं मिला और अब मईयां सम्मान योजना से भी उन्हें वंचित रखा जा रहा है। इस अपमान के खिलाफ अब कोई समझौता नहीं होगा और सम्मान बचाने के लिए इस्तीफा देना उनकी मजबूरी बन गई है। उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्य चुने गए जनप्रतिनिधि हैं, जिन्हें पंचायत की तीसरी सरकार का हिस्सा माना जाता है। पंचायती राज को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कोई तरजीह नहीं दी जा रही। यहां तक कि मुखिया के साथ मासिक बैठक भी महीनों से नहीं हो रही है और विकास योजनाओं में उनकी राय नहीं ली जाती। ऐसी स्थिति में सरकार का हिस्सा बने रहने का कोई औचित्य नहीं रह जाता, इसलिए सामूहिक इस्तीफे का निर्णय लिया गया है।

### बरोरा थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की अपील



**कतरास।** बरोरा थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी गंगा सागर ओझा ने की। बैठक का संचालन डॉ मुकेश कुमार राय ने किया। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर अपने सुझाव रखे। उन्होंने सामाजिक सद्भाव और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। थाना प्रभारी ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता और तत्परता के साथ काम करेगा, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके। होली और जुम्मे की नमाज के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समिति और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और स्थानीय समुदाय मिलकर कार्य करेंगे, जिससे त्योहारों के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### धर्माबांध में झामुमो का जनाधार मजबूत, सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता



**कतरास।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सदस्यता अभियान के तहत बाघमारा प्रखंड के महुदा जोन में धर्माबांध पंचायत के नीचे देवघरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी का समर्थन जताया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरेन रवानी ने की, जबकि संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू ने किया। इस अवसर पर जिला संयोजक मंडली प्रमुख लखी सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि मईया सम्मान योजना की राशि ने विपक्षियों के सभी तर्कों को निष्प्रभावी कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह योजना केंद्र सरकार की सभी योजनाओं पर भारी पड़ी है और झारखंड सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों का उदाहरण है। बैठक में झामुमो के कई वरिष्ठ नेता, पंचायत प्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें डॉ नीलम मिश्रा, मुखिया मीना देवी, उपमुखिया लक्ष्मी बेसरा, संयोजक मंडली सदस्य नकुल महतो, मनोज रवानी, निर्मल कुमार रवानी, दयाल महतो, अलाउद्दीन अंसारी, मुकेश सिंह, सुखलाल मरांडी, राजू प्रामाणिक, राजेंद्र प्रसाद राजा, हरेंद्र चौहान, प्रवीण लाला, राजेंद्र बेसरा, इम्तियाज रिजवी, सज्जाद अंसारी, परवेज आलम, दिलीप हेम्ब्रम, रितिक सिंह, उर्मिला देवी, प्रमिला देवी सहित कई अन्य लोग शामिल थे। इस सदस्यता अभियान से झामुमो ने क्षेत्र में अपनी पकड़ और

## शिक्षकों की शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं होली मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में रविवार, 9 मार्च 2025 को माध्यमिक शिक्षकों द्वारा शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के कर्तव्य, बच्चों के सर्वांगीण विकास और समाज में शिक्षकों की भूमिका पर विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो एवं धनबाद जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक चंद्रदेव महतो ने अपने संबोधन में कहा कि वे स्वयं एक शिक्षक रहे हैं, इसलिए शिक्षा के विकास और शिक्षकों के हित में हमेशा कार्यरत रहेंगे। उन्होंने इस तरह की संगोष्ठियों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने भी शिक्षकों के कर्तव्यों और शिक्षा के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऐसे शैक्षिक आयोजनों की संख्या कम हो गई है, जबकि ये शिक्षकों और शिक्षा प्रणाली के उत्थान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने शिक्षकों की सहायता से विद्यालयों के शैक्षिक विकास में योगदान देने का आश्वासन दिया।



इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के संगठन सचिव रूद्र नारायण यादव, श्री उत्तम कुमार मंडल, सतीश कुमार सिंह, डॉक्टर मीरा सिंह, अरुण कुमार, ब्रजकिशोर चौबे सहित अन्य शिक्षाविदों ने शिक्षा के उन्नयन पर अपने विचार साझा किए। मंच संचालन नीरज कुमार प्रसाद और निखिल चंद्र मंडल ने किया, जबकि चिन्मय प्रकाश के गीतों ने समारोह में संगीतमय रंग भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर अशोक श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में धर्मेंद्र कुमार महतो, उमेश कुमार, विद्यापति रेड्डी, मीता दास, संतोष आनंद, बबीता कुमारी, पवन कुमार झा, अजय कुमार महतो, रास बिहारी सिंह, दिनेश कुमार दास सहित कई शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शैक्षिक संगोष्ठी एवं होली मिलन समारोह ने न केवल शिक्षकों को एकजुट किया, बल्कि शिक्षा की बेहतरी के लिए नए विचारों का आदान-प्रदान भी सुनिश्चित किया।

स्पीड न्यूज

## होली पर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क





**गिरिडीह।** होली के मौके पर शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी को लेकर पचम्बा और मुफस्सिल थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी कौशर अली और पुलिस मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह ने की, जिसमें शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में होलिका दहन और होली के दिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई और त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। डीएसपी कौशर अली ने बताया कि इस बार होली शुक्रवार को पड़ रही है, जो रमजान के दूसरे जुम्मे के साथ होने के कारण पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।पुलिस मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह ने भी कहा कि हुड़दंग और अशांति फैलाने वालों पर सख्त नजर रखी जाएगी और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

## जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने निकला वाटरशेड यात्रा रथ



**धनबाद।** राज्य जलछाजन मिशन के तहत रविवार को समाहरणालय से वाटरशेड यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विधायक राज सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने संयुक्त रूप से इस यात्रा की शुरुआत की। यह रथ 9 से 11 मार्च तक तोपचांची प्रखंड का भ्रमण करेगा और जलछाजन के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला तकनीकी विशेषज्ञ एवं जलछाजन टीम के सदस्य उपस्थित रहे। यात्रा का उद्देश्य जल संरक्षण और जलछाजन तकनीकों के प्रति आम जनता में जागरूकता बढ़ाना है, जिससे जल संकट की समस्या का समाधान निकाला जा सके।

## गिरिडीह के वॉटरफॉल में डूबा छात्र



**गिरिडीह।** धनबाद रोड स्थित वॉटरफॉल में नहाने के दौरान 17 वर्षीय छात्र प्रिंस राज की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। बीएसएफ जवान वीरेंद्र वर्मा का बेटा प्रिंस ट्यूशन के बाद अपने दो दोस्तों के साथ वॉटरफॉल गया था, जहां नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने जब उसे डूबते देखा तो चीख-पुकार मचाई, जिससे आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजन और पुलिस उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

## टेलर के नीचे दबकर चालक की मौत

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के दोमहन गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां ईंट गिराकर लौट रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक, पहाड़पुर निवासी 18 वर्षीय रविंद्र सिंह टेलर के नीचे दब गया। घटना की सूचना मिलते ही तिसरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# फाल्गुन महोत्सव में श्याम भक्ति की धूम

## झरिया में निकली भव्य निशान शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया के अमलापाड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर खाटू धाम में तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव का आगाज शनिवार को भव्य निशान शोभायात्रा के साथ हुआ। इस आयोजन में 10 हजार से अधिक श्याम भक्त रंग-बिरंगे निशान लिए श्रद्धा और उल्लास के साथ शामिल हुए। भक्तजन ₹सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे सरकार आए हैं...₹ जैसे भजनों पर झूमते-नाचते पूरे झरिया नगर में शोभायात्रा लेकर निकले। शोभायात्रा की भव्यता इतनी अद्भुत थी कि झरिया बाजार से लेकर मंदिर तक भक्तों की लंबी



कतारें नजर आईं। श्याम भक्त लाल बाजार, लक्ष्मणिया मोड़, सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, मेन रोड, चार नंबर मोड़, धर्मशाला रोड, चिल्ड्रेन पार्क मोड़ होते हुए खाटू धाम पहुंचे, जहां बाबा श्याम को निशान अर्पित किए गए। इस पावन अवसर पर कोलकाता के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा खाटू श्याम मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। बाबा के शीश का अलौकिक श्रृंगार देख भक्तों का मन भावविभोर हो उठा। भक्तों का कहना था कि इतनी सुंदर साज-सज्जा पहले कभी नहीं देखी गई, जिससे आंखें हटाने का मन ही नहीं कर रहा था। शोभायात्रा के दौरान झरिया देशबंधु सिनेमा हॉल के समीप वाराणसी की तर्ज पर गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। शंख-घंटी की ध्वनि और दीपों की लौ से निकली अद्भुत आभा ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। आरती की गूंज से पूरा झरिया क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस भव्य आयोजन के दौरान सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह भक्तों के लिए शरबत और पानी की व्यवस्था की गई। वहीं, शोभायात्रा की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए झरिया थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। यात्रा के हर प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा, जबकि शांति समिति के सदस्यों ने भी पुलिस को सहयोग किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में भक्ति और श्रद्धा की धारा प्रवाहित होगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाएंगे।

## भगत सिंह की शहादत दिवस पर इंकलाबी नौजवान सभा निकालेगी विरोध मार्च




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गांधी सेवा सदन में रविवार को इंकलाबी नौजवान सभा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। सभा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है, जिससे युवाओं का हक छीना जा रहा है। जो थोड़े बहुत रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं, उनमें भी धांधली और अनियमितताएं व्याप्त हैं। इन्हीं मुद्दों के खिलाफ इंकलाबी नौजवान सभा 23 मार्च को भगत सिंह की शहादत दिवस पर जिले के सभी प्रखंडों में नौजवानों के साथ विरोध मार्च निकालेगी। इसके अलावा, 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भी विभिन्न स्थानों पर मार्च आयोजित किए जाएंगे।

## रंगों के उत्सव में सराबोर हुए कोल कर्मी व यूनियन नेता

**धनबाद / तेतुलमारी।** वेस्ट मोदीडीह दो नंबर बंद भूमिगत खदान के समीप रविवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनियन प्रतिनिधियों और कोल कर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और उत्सव का आनंद लिया। समारोह में नागेंद्र व्यास और फुलेंद्र व्यास ने शानदार भोजपुरी कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को और रंगीन बना दिया। होली के इस उल्लासमय मौके पर मजदूर नेता छोटू सिंह, हलधर महतो, भोला सिंह, सुनील महतो, मीनू मिश्रा, कामता नोनिया, परदेसी चौहान, रवि मिश्रा, सरोज सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राजेंद्र सरोवर में बंगाली समुदाय ने रंगों के साथ मनाया डोल उत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** फाल्गुन माह के आगमन के साथ ही कोयलांचल होली के रंग में रंगने लगा है। इसी कड़ी में रविवार को बंगाली समुदाय ने राजेंद्र सरोवर पार्क में पारंपरिक डोल उत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल अपनी पत्नी के साथ शामिल हुए और सभी के साथ रंग-गुलाल लगाकर उत्सव का आनंद लिया। महिलाओं और बच्चियों ने पारंपरिक परिधानों में नृत्य और संगीत के साथ इस उत्सव को मनाया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने बताया कि डोल बंगाली परंपरा का अभिन्न हिस्सा है और इसकी शुरूआत स्वयं रवींद्रनाथ टैगोर ने शांति निकेतन में की थी। पहले प्राकृतिक रंगों से यह त्योहार मनाया जाता था और धीरे-धीरे यह पूरे बंगाल में लोकप्रिय हो गया। झारखंड में पलाश के फूलों का विशेष महत्व है, इसलिए इस दिन महिलाएं और युवतियां इन्हीं फूलों से श्रृंगार कर एक-दूसरे को रंग लगाती हैं। पेड़-पौधों के बीच इस उत्सव को मनाने की परंपरा आज भी जीवित है। मोबाइल फोन से दूरी बनाकर, लोग आपसी मेलजोल और राधा-कृष्ण के प्रेम की इस अनूठी परंपरा का भरपूर आनंद उठाते हैं।

एक नजर में

## होली पर सौहार्द बनाए रखने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए रविवार को कतरास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानेदार असित कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस बार होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन पड़ रही है, इसलिए सभी को आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने में सहयोग करना होगा। थानेदार ने सख्त लहजे में कहा कि होली के अवसर पर हुड़दंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने समिति के सदस्यों से पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने की अपील की और किसी भी अप्रिय घटना या सूचना मिलने पर तत्काल जानकारी देने का आग्रह किया। बैठक का संचालन समाजसेवी मो. शहाबुद्दीन ने किया। इस दौरान हरि अग्रवाल, महेश पासवान, जितेश रजवार, सूर्यदेव मिश्रा, प्रिंस शर्मा, मुन्ना सिद्दीकी, कमलेश सिंह, उदय वर्मा, विष्णु चौरसिया, मुकेश भट्ट, प्रदीप पांडेय, राकेश कुमार सिंह, मासूम खान, इसराइल अंसारी, निसार अंसारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## होली और रमजान शांतिपूर्वक मनाने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद / महुदा।** भाटडीह ओपी परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। सभी ने होली और रमजान को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह के हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि कोई असामाजिक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा और अनियंत्रित बाइक या वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही, उन्होंने सभी से आग्रह किया कि किसी अन्य समुदाय के व्यक्ति पर जबरदस्ती रंग न लगाया जाए। इस अवसर पर एसआई बाजुम हेम्ब्रम, एएसआई निरंजन प्रताप, श्याम किशोर शर्मा, नागेंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया संपद घोषाल, आदर मिश्रा, पवन तिवारी, बैजनाथ कुमार, शंकर गोप, सुषमा देवी, भुनेश्वरी देवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बड़ा तालाब जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

**धनबाद /मैथन।** निरसा प्रखंड के शासनबेड़ियां पंचायत स्थित बड़े तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक अरुप चटर्जी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत को देखते हुए इस तालाब के पुनर्निर्माण की लंबे समय से मांग उठ रही थी, जिसे पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मारपीट और छेड़खानी के दो मामले दर्ज

**धनबाद / सिंदरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के नूतनडीह बस्ती में मारपीट और छेड़खानी के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। स्थानीय निवासी सुंदर देवी ने अपने पड़ोसियों प्रमोद यादव, इशांत यादव, नीतीश यादव, सोनी कुमारी, सिपाही यादव समेत अन्य 15-20 लोगों पर घर में जबरन घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने गौशाला ओपी में शिकायत दर्ज करवाई है। इसी बस्ती की सोनी कुमारी ने शिवनारायण यादव और शिवजी यादव पर घर में जबरन घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। गौशाला ओपी प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस अनुसंधान कर रही है। दोषियों के खिलाफ जल्द कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पोषण सखियों की राज्य इकाई की बैठक संपन्न

**धनबाद।** एकीकृत पोषण सखी संघ झारखंड के बैनर तले रविवार को गोल्फ ग्राउंड मैदान में राज्य इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छह जिलों की पोषण सखियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से गिरिडीह में हुई राज्य कमेटी बैठक के निर्णय का बहिष्कार करते हुए पूर्व प्रदेश कमेटी पर ही अपना विश्वास जताया। इस दौरान धनबाद पश्चिमी जिला अध्यक्ष के रूप में रजनी रवानी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में पोषण सखियों की विभिन्न समस्याओं और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें पोषण सखियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द्र का संदेश दिया।

# अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से जोड़ाफाटक रोड स्थित इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स भवन में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष 2024-25 के तहत अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन की मुख्य वक्ता, पूर्व शिक्षा मंत्री और कोडरमा विधायक नीरा यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका नाम और कार्य दोनों अटल थे। वह एक अजातशत्रु थे, जिनका कोई विरोधी नहीं था। जब वे लोकसभा में बोलते या कविता पाठ करते थे, तो मानो उनके शब्दों से अमृत झरता था। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का पक्ष दृढ़ता से रखा। पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि हिंदी कवि, पत्रकार और प्रखर वक्ता भी थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे और देश को विकसित करने की उनकी सोच अद्वितीय थी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश समिति के सदस्य चंद्रशेखर सिंह, संजीव अग्रवाल और रमेश राही ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी पार्टी कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित कर दिया और अपने नेतृत्व से देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर मन्त्र कार्यालय में होली मिलन का आयोजन



**धनबाद।** दैनिक खबर मंत्र कार्यालय में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र के संवाददाता शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और अखबार के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही अखबार के ब्यूरो हेड राममूर्ति पाठक के साथ अखबार के बेहतरी के लिए विचार विमर्श किया गया। आपसी सहयोग और निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ अखबार को आगे ले जाने की बात कही गई। मौके पर वरीय संवाददाता बीएन ठाकुर, मिथिलेश कुमार, राहुल पांडे, महेश वर्मा, कार्तिक कुमार, निकुंज कुमार उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने वृद्धजनों के साथ खेली होली

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने रविवार को संबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई।इस अवसर पर आश्रम में निवास करने वाले वृद्धजनों ने उपायुक्त को अबीर गुलाल लगाया। वहीं उपायुक्त ने भी वृद्ध जनों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## सौहार्दपूर्ण होली मनाने का लिया संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद / पूर्वी टुंडी।** होली पर्व को शांति और हर्षोल्लास के साथ मनाने के उद्देश्य से रविवार को पूर्वी टुंडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी तारीक वसीम ने की, जबकि पुलिस निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक दिलीप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संचालन समाजसेवी अजीत मिश्रा ने किया। बैठक में क्षेत्र के समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने होली को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने पर सहमति जताई। इस दौरान थाना प्रभारी ने निर्देश दिया कि शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और लापरवाही से बाइक या अन्य वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा नेता बिपिन दा ने भी लोगों से आग्रह किया कि जिन्हें रंग नहीं लगाना है, उन पर जबरदस्ती रंग न डाला जाए। बैठक समाप्त होने के बाद उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लटानी पंचायत के मुखिया ऐनुल हक, सुशील कुमार, काजल कुमार, संतलाल बाबा, गिरीलाल किस्कु, एनुल अंसारी, कांत लाल मंडल, सतीश मुर्मू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विहिप-बजरंग दल ने मनाया होली मिलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** कतरास मोड़ स्थित हॉल में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। समारोह के मुख्य अतिथि विहिप बजरंग दल के विभाग मंत्री सोनू गिरी ने कहा कि सनातन धर्म में होली को आदर्श रूप में मनाने की परंपरा है। उन्होंने सभी से अपील की कि हुड़दंग से बचें और सौहार्दपूर्वक होली मनाएँ। गले मिलकर और रंग लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दें। उन्होंने कहा कि होलिका दहन अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है, जिसे पूरे विधि-विधान से करना चाहिए। कार्यक्रम में धनबाद सहित विभिन्न जिलों के विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में संपूर्ण उत्साह और धार्मिक आस्था की झलक देखने को मिली।

## नाई समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह


**झरिया।** प्रखंड नाई समाज संघ ने धर्मदास बाबा सह नारायणी माता मंदिर, बालू गाता, झरिया में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में झरिया प्रखंड के सभी पंचायतों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। समारोह की शुरूआत बाबा धर्मदास जी की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद समाज के सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी ने शांति और सौहार्द बनाए रखते हुए उत्साहपूर्वक होली मनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झरिया प्रखंड नाई समाज संघ के अध्यक्ष मोहन ठाकुर, सचिव प्रदीप ठाकुर एवं डॉ. एम. के. ठाकुर उपस्थित रहे। इस होली मिलन समारोह ने समाज में आपसी भाईचारे और मेल-जोल को बढ़ावा दिया।

# जमुआ में मनरेगा घोटाला: कागजों पर बंट गई राशि, बीडीओ की चिट्ठी से खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में भारी लूट-खसोट का खुलासा हुआ है। पूर्व बीडीओ ने बिना किसी ठोस योजना के रेवड़ी की तरह पशु शेड का आवंटन कर दिया, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही वेंडरों ने लाभुकों को निर्माण सामग्री के बाउचर जारी कर दिए।

हैरानी की बात यह है कि इन बाउचरों को रिकॉर्ड में अटैच भी कर दिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ था। इस घोटाले का पदार्फाश तब हुआ जब वर्तमान बीडीओ ने डीडीसी को पत्र लिखकर बाउचर वापस लेने का अनुरोध किया। पत्र में



उल्लेख किया गया है कि करिहारी पंचायत में 2021-22 और 2022-23 के दौरान 42 लाभुकों को पशु शेड का आवंटन किया गया था। लेकिन भुगतान न होने के कारण काम शुरू ही नहीं हो पाया। जानकारों का कहना है कि स्थानीय वेंडर अक्सर निर्माण सामग्री की आपूर्ति नहीं करते, बल्कि रोजगार सेवक अपने पसंदीदा वेंडरों से पहले ही बाउचर लेकर कागजी घोटाला कर देते हैं। अब जब पंचायत में पशु शेड का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, तब यह साफ हो गया है कि वेंडरों ने सिर्फ कागजी खेल खेलकर योजना की राशि हड़पने की साजिश रची थी। इस मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमल जी ने कहा कि यदि मापी पुस्तिका की तारीख से पहले किसी वेंडर का बाउचर दर्ज है, तो उसे कैंसिल किया जाएगा। इसके अलावा, दोषी रोजगार सेवकों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## शांति समिति की बैठक आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कुमारधुबी के चिरकुंडा थाना परिसर में रविवार को होली और रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने की, जबकि संचालन मानिक गौराई ने किया। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने होली पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए अपनी राय रखी। इस दौरान थाना प्रभारी रामजी राय ने कहा कि होली प्रेम, रंग और भाईचारे का त्योहार है, जिसे शांति और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें और त्योहार को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराएं। उन्होंने होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही। त्योहार के दिन 24 घंटे जल आपूर्ति और सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश चिरकुंडा नगर परिषद के अधिकारियों को दिए गए। साथ ही, शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। थाना प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि होली पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डीजे बजाने वालों और किराए पर देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली के दिन पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी और शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। बैठक में चिरकुंडा नगर परिषद के अभियंता अंकित प्रसार, जीप सदस्य बादल चंद्र बाउरी, डब्लू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, अजय सिंह, जगन्नाथ सिंह, उपेंद्र पाठक, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। पुलिस बल भी पूरी तत्परता के साथ मौजूद रहा।

# विधायक ने किया होली मिलन समारोह का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** होली के त्योहार में लोगों का संबंध और प्रगाढ़ होता है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। एक-दूसरे को आपसी भाईचारा में बांधने वाला त्योहार है। होलिका दहन की मान्यताएं बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। उक्त बातें गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने शनिवार की रात सदर प्रखंड के बनपुरवा गांव में बाबा मोती क्लब की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोग अपने धर्म के प्रति काफी जागरूक हैं। आपसी भाईचारा के साथ सौहार्द वातावरण में पर्व-त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सनातन धर्म में लोगों की आस्था बढ़ी है। आने वाला समय में पूरी दुनिया में सनातन का डंका बजेगा। सनातन धर्म के प्रति आस्था कुंभ में भी देखने को मिली। जहां देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेश से भी लोग पहुंचे। जिला परिषद सदस्य अमृतांजलि दुबे ने कहा कि जब जब हमारे धर्म पर किसी ने आंख उठाई है। उसे मूंह की खानी पड़ी है। गढ़वा में भी हमारी आस्था पर चोट पहुंचाने की कोशिश की गई थी। जिसका नतीजा सभी के सामने है।


उद्घाटन करते विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी और अन्य

उन्होंने कहा कि होलिका दहन की तरह क्षेत्र में किए गए कुकर्म सनातन धर्म पर भिन्न-भिन्न प्रकार की आस्था पर चोट किया गया। लेकिन यहां लोगों ने डटकर ऐसे ताकतों का सामना करने का काम किया है। मौके पर बिहार के कलाकार सुदर्शन यादव एवं साथियों ने हिन्दी, भोजपुरी के एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, सिद्धेश्वर उपाध्याय, ब्रजेश उपाध्याय, मंगलमूर्ति तिवारी, समाजसेवी चुनमुन दुबे, ब्रजेशधर दुबे, सत्येंद्र दुबे, मनोज दुबे, संजीव दुबे, गोरखनाथ दुबे, अरुण दुबे, सुनील चंद्रवंशी, मुरारी यादव सहित काफी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

# सहायक शिक्षक को दी गई विदाई



विदाई देते कर्मी


खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में सहायक शिक्षक रामनन्दन बैठा की सेवानिवृत्ति पर रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे ने कहा कि आज एक योग्य जुझारू एवं आयरन मैन की तरह कार्य करने वाले शिक्षक का आज विदाई समारोह में हमलोग उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक रामनन्दन बैठा से हमलोगों से सीखने की जरूरी है कि विद्यालय में कैसे कार्य की जाती है। उनके द्वारा विभाग का कोई भी दायित्व हो उनका निर्वाहन कुशलता से किया है। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों, प्रधानाध्यापिका के साथ साथ शिक्षक राकेश चौबे का आभार प्रगट किया। बीईईओ रंभा चौबे ने एक विदाई गीत कैसे करूँ विदाई गीत गाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उर्मिला के द्वारा मांग पत्र पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश चौबे नें किया। समारोह को बीपीओ रविंद्र मेहता, जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पाण्डेय, शिक्षक संघ के जिला महासचिव प्रभात रंजन, प्रधानाध्यापक संजय कुमार, राजीव रंजन द्विवेदी, सतीश चौबे, राजकुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी, सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, दिलीप उपाध्याय, मनोज गुप्ता, जितेंद्र पांडेय, रजनीकांत रोहिणी, उप मुखिया वैश खान, राजेश यादव,मुक्तेश्वर पांडेय, शिक्षक उदय गुप्ता, कमलेश पटक, मनोज कुमार, कामेश्वर विश्वकर्मा, प्रियरंजन, खुशदिल अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## 17 मार्च को लगेगा किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी : बीटीएम

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय परिसर में 17 मार्च को फसल प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए बीटीएम दयानंद पांडेय ने बताया कि इस मेला में किसान कृषि एवं उद्यान प्रदर्शनी में किसान रवि मौसम की दलहन/ तेलहन, अनाज की फसलें, सब्जियां, फल, फूल वाले पौधा, औषधीय पौधा, मसालेदार फसल, संरक्षित फल पदार्थ एवं संरक्षित फसल पदार्थ इस मेला में लेकर आएं। जिन किसानों का फसल अच्छा होगा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मेला में जिला से कृषि पदाधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक कृषि महाविद्यालय गढ़वा से आएंगे, और किसान उचित सलाह भी ले सकते हैं। साथ ही किसानों को खेती करने के लिए बेहतर सुझाव भी दिया जाएगा।


# जीएन कॉन्वेंट में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस


संबोधित करते निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि विश्व महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। महिला दिवस महिलाओं की समानता, उनके अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। महिला दिवस मनाने का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है। समाज में महिलाओं को बराबर का हक दिलाना साथ ही किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के मकसद से ही मनाया जाता है। महिलाओं को देवी, जगत जननी और संरक्षक की प्रतिमूर्ति माना गया है। मौके पर नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, नीलम केशरी, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, विरेंद्र शाह, ऋषभ श्रीवास्तव, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## फसल बर्बाद करने को लेकर आवेदन देकर कार्रवाई की मांग


बर्बाद फसल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली उतरी निवासी बीरेंद्र गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर तीन व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दिये आवेदन में उन्होंने बताया कि भवनाथपुर बाजार निवासी प्रदीप साह, परमानंद गुप्ता और आनंद गुप्ता ने उनके रैयती एक एकड़ भूमि में लगे गेहूं की फसल में कीटनाशक दवा डालकर उसे नष्ट कर दिया। बीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इन लोगों ने पहले भी उनकी हरी धन की फसल को काटकर बर्बाद कर दिया था, जिसके बारे में उन्होंने थाना में लिखित शिकायत की थी। बावजूद इसके ये लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और जानबूझकर उनकी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीरेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि इन व्यक्तियों के द्वारा जानबूझकर उनकी फसल को नष्ट किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने थाना प्रशासन से इन तीनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# 13 को होलिका दहन, 15 मार्च को होली

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर परिसर में रविवार को मंदिर के पुजारी राजन पांडेय एवं अन्य विद्वान आचार्यों ने बैठक कर होली पर्व मनाने पर बने संशय पर विचार विमर्ष किया। विभिन्न पतरा एवं पंचांग के अनुसार सभी ने एक मत होकर 13 मार्च की रात्रि में होलिका दहन तथा 15 मार्च को होली मनाने का निर्णय लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मां गढ़देवी मंदिर के मुख्य पुजारी राजन पांडेय ने कहा कि होलिका दहन 13 मार्च की रात्रि 1:00 से सुबह 5:00 बजे तक किया जाएगा। 14 मार्च को पूर्णिमा सुबह 11:15 तक है। इस कारण रंगोत्सव होली का त्योहार 15 मार्च शनिवार को को पूरे दिन मनाया जाएगा। साथ ही 15 को ही घर के कुल देवता की भी पूजा की जाएगी। मौके पर जय नाथ तिवारी, उदय कुमार चौबे, दीपक मिश्रा, उमेश्वर पांडेय, सुनील धर दुबे, रामबरन पांडेय, आशीष वैद्य, विनोद पाठक, नवरत्न वैद्य, मनु दुबे, प्रकाश पांडेय, ऋषिकेश पांडेय, अमरीश तिवारी, सर्वेश दुबे, श्री रामनवमी पूजा महासमिति जर्नल के संस्थापक अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी आदि उपस्थित थे।


बैठक करते लोग

## नशा छोड़ चुके लोगों को एसडीओ ने कॉफी पर किया आमंत्रित

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे लोगों को कॉफी पर आमंत्रित किया है जो लोग कभी नशे की गिरफ्त में होते थे, तब नशे के चलते उनका परिवार तबाही के कगार पर पहुंच चुका था। किंतु उन्होंने अपनी इच्छा शक्ति के बदौलत 'नशे को न कहा' और धीरे-धीरे अब नशा मुक्त सामान्य जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिए आगामी बुधवार 12 मार्च को 11 से 12 के बीच समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कई बार बुरी संगत या मानसिक बिखराव के बाद युवक-युवतियां जाने-अनजाने में नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, किंतु जब तक उन्हें गलती का एहसास होता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। किंतु इनमें से कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपनी इच्छा शक्ति और ईमानदार प्रयास के चलते नशे को छोड़ने में सफल हो जाते हैं। नशे की लत से उबर चुके ऐसे ही लोगों से अपील की जा रही है कि वे इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए इस बुधवार अनुमंडल कार्यालय जरूर आयें। संजय कुमार ने कहा कि आज युवाओं में ड्रग्स का प्रचलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जिसके चलते न केवल लाखों भविष्य बर्बाद हो रहे हैं बल्कि हंसते खेलते परिवार भी नरक बन जा रहे हैं। ऐसे लोगों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित करने के पीछे का मुख्य उद्देश्य यह है कि एक तो उन लोगों को प्रोत्साहन की अनुभूति होगी कि उन्होंने एक अच्छा काम किया है इसलिए उन्हें आमंत्रित किया गया है।

# विधायक की चाची का निधन, पहुंचाया घाट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव की चाची स्व. कृष्ण प्रताप देव की पत्नी रुक्मणि देव का 82 वर्षीया का निधन हो गया। बताते चले की रुक्मणि देव सगमा स्थित भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर संजय प्रताप देव की माता थी। रुक्मणि देव पिछले दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। शनिवार को अचानक तबियत ज्यादा खराब होने के बाद इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इसकी सूचना पाते ही विधायक अनंत प्रताप देव विधानसभा की कार्यवाही छोड़कर कटहर गढ़ पहुंचकर शोक में शामिल हुए। विधायक ने अपना कंधा देकर अस्मशान घाट पहुंचाया। मालूम हो कि रुक्मणि देव का अंतिम संस्कार अपने परिवार का अश्मशान घाट पर ही किया गया। मौके पर विधायक के अलावा, पूर्व जिप सदस्य नदगोपाल यादव, मुखिया तेजलाल राम, कटहर मुखिया पति राजेंद्र राम, देवचंद यादव, दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पाण्डेय, सुभाष यादव, रामेश्वर यादव, नारायण दास यादव, हरिदास यादव आदि लोग उपस्थित थे।


रुक्मणि देव की फाइल फोटो

## भगवान विश्वकर्मा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्ति को कराया गया नगर भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय के सामने नवनिर्मित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए चल रहे तीन दिवसीय श्री विश्वकर्मा विराट वैदिक महायज्ञ के दूसरे दिन मूर्ति के साथ नगर भ्रमण सह शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर घोड़े जुते रथ पर सवार भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति के साथ शोभायात्रा सह नगर भ्रमण के लिए यज्ञ मंडप से निकलकर लोहरपुरवा, रेशुआ, चन्द्री एवं बाजार पथ, राधा कृष्ण मंदिर एवं शिव मंदिर होते पुनः विश्वकर्मा मंदिर में लाया गया। विदित हो कि यह यज्ञ राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी साधु श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में चल रहा है। जिसमें विद्वान आचार्य पंडित विजय कांत दुबे द्वारा सभी वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कर्मकांड सम्पन्न कराये जा रहे हैं। साथ ही वृंदावन की प्रवचनकर्ता प्रज्ञा भारती एवं अयोध्या के संत श्याम नारायणाचार्य द्वारा संध्या समय प्रवचन व भजन गायन किया जा रहा है।

मौके पर शोभायात्रा में निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष पिंटू विश्वकर्मा विश्वकर्मा, बद्री शर्मा, अक्षयर विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## झारखंड विस अध्यक्ष से मिले अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधान सभा क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी झामुमो के वरीय नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो जी से रांची स्थित उनके आवास में मुलाकात कर क्षेत्र तथा समाज के विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया इस दौरान इन्होने अपने संस्था द्वारा जन कल्याण मे किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराए तथा आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष महोदय को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किए तथा संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी उन्होंने सरहना की।

# जमा दो उच्च विद्यालय में शिक्षकों के बीच बढ़ रहा है तनाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत जमा दो उच्च विद्यालय में शिक्षकों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। यह विद्यालय अब विद्या के मंदिर की बजाय एक विवादित अखाड़ा बनता जा रहा है।

हाल ही में इस विद्यालय से जुड़ा एक नया मामला चर्चा का केंद्र बन गया है। 4 मार्च को विद्यालय के बच्चों द्वारा लिखी गई शिकायत पत्र के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने चार शिक्षकों के खिलाफ स्पष्टीकरण का आदेश जारी किया था। लेकिन अब इस मामले में नया मोड़ आया है। कांडी मुखिया विजय राम और अभिभावक जितेंद्र कुमार सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक लिखित आवेदन भेजा है। इस आवेदन में मुखिया विजय राम ने आरोप लगाया है कि जिला शिक्षा अधिकारी के पास जितने बच्चों के नाम से शिक्षकों के खिलाफ शिकायत की गई है, वे सभी फर्जी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके दो पुत्रियों रूपा और रागिनी के नाम भी इस शिकायत में शामिल हैं, लेकिन बच्चों से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है और न ही उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं। मुखिया विजय राम ने आरोप लगाया कि इससे पहले विद्यालय की एक ईमानदार शिक्षिका विद्यानी बाखला को भी साजिश के तहत एसीबी द्वारा पकड़वा कर बदनाम किया गया था। अब उसी तरह से कुछ शिक्षकों को बदनाम किया जा रहा है, जो विद्यालय की शान हैं। विजय राम ने जिला शिक्षा अधिकारी से यह भी मांग की है कि 1 मार्च 2025 को डीईओ गढ़वा को पूर्व में बच्चों के द्वारा दिए गया था उस आवेदन के आलोक में निष्पक्ष जांच कर संबधित लोगों पर उचित कार्यवाई किया जाए। छात्रों ने भी इस मामले में आवाज उठाई है, छात्रों में मोहम्मद दिलशाद अंसारी, रूपा कुमारी, रागिनी कुमारी, राहुल कुमार सहित अन्य कई बच्चों का नाम शामिल है। इस विवाद ने विद्यालय में एक नई बहस छेड़ दी है और अब यह देखना होगा कि जिला शिक्षा अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं।


जमा दो उच्च विद्यालय

## खबर एक नजर में

### होली मिलन समारोह मनाने को लेकर बैठक

**कथारा।** कथारा 4 नम्बर दुर्गा मंदिर मे होली मिलन समारोह मनाने को लेकर मंदिर समिति के सदस्ययो की बैठक कथारा 4 नम्बर मंदिर परंगण में हुई। अध्यक्षता मंदिर समिति के श्याम नंदन मंडल ने की वही संचालन विजय यादव ने की ।बैठक में 12 मार्च को होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। एम एन सिंह ने कहा कि होली के त्यौहार के दौरान मंदिर समिति परिवार उत्साह के साथ भाग लेता है, और एक दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं देता है। बैठक में मंदिर समिति के देवेंद्र यादव, विजय यादव, देवाशीष आश, सूर्यकांत त्रिपाठी, कमल कांत सिंह, सुजीत मिश्रा, संतोष सिन्हा, दीपक कुमार, भरत प्रसाद मेहता, मंदिर के पुजारी गुप्तेश्वर पाण्डेय, धनेश्वर यादव, रवि पाण्डेय, राजेंद्र वर्मा उर्फ राजू, संतोष राम गॉड, बेंदेसरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### चंद्रवंशी विकास परिषद द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**बेरमो।** 9 मार्च रविवार को चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह बोकारो चंद्रवंशी विकास परिषद द्वारा अधिवक्ता अतुल कुमार रवानी की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास से मनाया गया समारोह में समाज के सर्वांगीण विकास पर चिंतन किया गया,जहाँ सरकारी प्राधिकरण के जरिए समाज के कम्यूनिटी हॉल के निर्माण के जमीन की व्यवस्था करने पर विचार किया गया साथ ही सी न टी ऐक्ट.के नियमों की बाध्यता से इस समाज को राहत देने की मांग पर चर्चा किया गया. मौके पर उपाध्यक्ष बबलू चंद्रवंशी,कोषाध्यक्ष चुन्नु चंद्रवंशी, महासचिव लीला देवी, सह सचिव विनोद कुमार सिंह, संगठन मंत्री मोहन चंद्रवंशी, सुरेश प्रसाद,मौजूद थे.समारोह मुख्य अतिथि उत्पाद अधीक्षक आशुतोष कुमार, डॉ के पी सिन्हा,डॉ ओ पी सिन्हा,आर पी सिंह,अधिवक्ता राजश्री,अयोध्या रमन,रंजीत कुमार,सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

### सेवानिवृत्त सिनियर ओवरमैन एपी सिंह और माइनिंग सरदार मकसूद आलम को दी गई विदाई

**बेरमो।** रविवार को इनमोसा कारो के तत्वाधान मे बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत कारो खुली खदान से सेवानिवृत्त सिनियर ओवरमैन ए पी सिंह और माईनिंग सरदार मकसूद आलम को व्हाइट हाउस कारो मे सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। यहा इनमोसा के पदाधिकारियों व सहकर्मियो ने श्री सिंह और आलम को अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त दोनो को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। कहा कि दोनो ने कंपनी की तरक्की में अपना बेहतर योगदान दिया है।

### फागुन में रंगीली हुई हजारीबाग की धरा, प्रकृति पर चढ़ा फाग का रंग

**बेरमो।** बोकारो थर्मल-सेमल हुआ, वन में खिला पलाश, मन के उपवन में उठी, भीनी मन्द-सुवास, इन दोहों में रंगों से सराबोर फागुन की मस्ती छलकती है। फागुन का मदमस्त महीना सेमल, पलाश और आम्र मंजरियों से झूम रहे हैं। इनके वृक्ष फूलों से लदे हुए हैं और इन पर भंवरे डोल रहे हैं। सेमल, पलाश के फूल पर तो जैसे बहार आई हुई है। इन दिनों पेड़ों ने पत्तियों का परित्याग कर दिया है। सुंदर मनभावन सुर्ख लाल पुष्प के श्रृंगार से पेड़ों की सुंदरता देखते ही बन रही है। बेरमो के जंगलों में प्रकृति पर फाग का रंग चढ चुका है। जंगलों में पलाश के फूल अंगारों की भांति दमकते दिखाई दे रहे हैं। घने जंगलों के बीच ठूंठे पेड़ों पर खिले पलाश के फूल दूर से ही लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने लगते हैं। यह बात सच है कि हर मौसम अपनी तरह से धरती पर उतरता है और प्रकृति में अपने ढंग से रंग भरता है। लेकिन, बसंत ऋतु और पलाश के फूल की बात ही कुछ और है। सच कहा जाए तो यही प्रकृति का सर्वोत्तम श्रृंगार है। पलाश के फूल की केवल यही खासियत नहीं है, बल्कि इसमें औषधीय गुणों की भरमार है। इससे सुंदर प्राकृतिक रंग बनाया जाता है। बेशक आज केमिकल युक्त रंगों का प्रचलन बढ़ गया है, लेकिन कुछेक दशक पहले तक पलाश के फूलों से रंग तैयार किए जाते थे और उससे होली खेली जाती थी। गांवों की दीदीयां फिर से इससे हर्बल रंग बना रही हैं। इस फूल में चर्म रोग से लेकर आंख की रोशनी को बढ़ाने तक के गुण मौजूद हैं। इधर आम्र की मंजरियां फागुन की शोभा बढ़ा रहे हैं। आम्र मंजरियों की मादक सुगंध से वातावरण सुवासित है। महुआ पेडों में से भी महुआ फल की सौंधी महक गुलजार होने लगे हैं। होली के स्वागत में प्रकृति ने अपनी पूरी तैयारी कर रखी है।

### मुर्गियों में वर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद मुर्गा मुर्गी को नष्ट करने का काम शुरू

**बेरमो।** बोकारो में वर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है ।राजकीय कुकुट प्रक्षेत्र बोकारो में पाया गया वर्ड फ्लू। मुर्गा मुर्गियों को नष्ट करने का किया जा रहा है काम। वहां रखें फीड को भी नष्ट करने का किया जा रहा है काम, 20 फरवरी से मार रहे थे मुर्गा मुर्गी, 25 फरवरी को भेजा गया था रांची जांच में, 27 फरवरी को फ्छ्छ्छ कोलकाता भेज कराई गई जांच, जिसमें पाया गया था वार्ड फ्लू के लक्षण, उसके बाद भेजा गया भोपाल, भोपाल से केंद्र सरकार को मिली थी रिपोर्ट उसके बाद राज्य सरकार को कल भेजी गई है जांच रिपोर्ट, सहायक निदेशक राजकीय कुकूट प्रक्षेत्र बोकारो डॉक्टर आलोक कुमार सिन्हा ने दी जानकारी।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए 16 मार्च तक आवेदन

**बेरमो।** विकसित भारत युवा संसद के लिए देशभर से 18 से 25 वर्ष के युवाओं की देश में भागीदारी को लेकर विकसित भारत युवा पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार , राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव को इस बार विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में प्रस्तुत किया गया है। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य देश के युवाओं को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता के तहत युवाओं को अपनी सोच और दृष्टिकोण को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम के तहत 18 से 25 वर्ष के आयु के युवा भाग ले सकते हैं।प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी नोडल महाविद्यालय के बी कॉलेज बेरमो को सौंपी गई है जहां प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इच्छुक युवा 16 मार्च 2025 की रात 11 59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद प्रतिभागियों को आपके लिए विकसित भारत का क्या अर्थ है विषय पर एक मिनट का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य है।

### बेटियों को पढ़ाने और बढ़ाने में दें योगदान : पूजा महतो

**बेरमो।** जेएलकेएम के महिला मोर्चा द्वारा फुसरो नगर परिषद क्षेत्र मकोली मोड़ स्थित नटखट मैरिज हॉल मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाई गई। जेएलकेएम के गोमिया विधान सभा के प्रत्याशी रही और महिला मोर्चा के कोषाध्यक्ष पूजा महतो ने बेटियों को पढ़ाने और बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होने कहा कि महिलाओं को संघर्ष नहीं करना पड़े इसलिए बच्चियों को शिक्षा देना जरूरी है। उन्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी तो अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगी। महासचिव उषा महतो और फिटनेस कोच रजनी कुमारी ने कहा कि महिलाएं जिस क्षेत्र में है वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। महिलाओं से सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण पर चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। सचिव लकी कुमारी कान्ति कुमारी, सह सचिव खुशबू कुमारीऔर उपाध्यक्ष उषा कुमारी कहां की आज महिलाएं इंजीनियर डॉक्टर पायलट बनकर देश सेवा कर रही है।

## हिंदी का विरोध क्यों?

चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर उत्तर भारत के किसी हिंदीभाषी इलाके का, उसके हाथ में अगर फोन है, उसमें अगर इंटरनेट का कनेक्शन है तो तय है कि उसकी उंगलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं। इसलिए कम से कम सूचना और संचार के ऐसे माध्यमों पर किसी सरकार की वजह से भाषायी बंधन आज के दौर में हो भी नहीं सकता। इंटरनेट क्रांति के पहले भाषाओं के विस्तार में बाजार ने जो भूमिका निभाई, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज का बाजार वर्ल्ड वाइड वेब यानी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पंखों के सहारे कहीं और तेजी से फैल तो रहा ही है, फल-फूल भी रहा है। इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और कोई दीवार उसे रोक सकती है। बेशक तमिलनाडु भाषायी स्तर पर अपनी अलग पहचान रखता है, लेकिन वह भी हमारे देश का हिस्सा है। मजदूर की आपूर्ति उत्तर भारत के ही राज्य करते हैं। उसके निजी शैक्षिक केंद्रों के लिए विद्यार्थियों की भी जरूरत है। उत्तर भारत की जो शैक्षिक स्थिति है, उसकी असलियत सबको पता है। इस वजह से उत्तर भारतीय छात्रों की आवक भी तमिलनाडु में खूब है। ऐसे माहौल में वैसे तो हिंदी विरोध के औचित्य पर ही सवाल है। फिर भी स्टालिन विरोध कर रहे हैं तो उसके अपने कारण हैं। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है। हिंदी या कोई अन्य भाषी वैसे भी तमिल संस्कृति को इसलिए बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा दुनिया की पुरानी संस्कृतियों में से एक है और उसकी जड़ें बहुत गहरी हैं। राजनीति ब्यानबाजी अब सफल नहीं होगी।

### कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-4-6

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7


**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरव कुमार**

**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***

**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006

**e-mail**
**khabarmantra.city@gmail.com**


**R.N.I No.**
**JHAHIN/2013/51797**

**धनबाद कार्यालय**
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( **R.N.I No. आवेदित** )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# जलवायु परिवर्तन और भारत का दृष्टिकोण





-डॉ सत्यभान

> पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है।

**जलवायु** परिवर्तन के प्रति भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने का प्रयास करता है। साथ ही जलवायु चुनौतियों का समाधान करते हुए सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को एकीकृत करके, इस रणनीति का उद्देश्य उत्सर्जन को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना जैसी पहल इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम पाते हैं कि सामाजिक लक्ष्यों का पीछा करना, आमतौर पर, उच्च पर्यावरणीय प्रभावों से जुड़ा होता है। हालांकि, देशों के बीच बातचीत बहुत भिन्न होती है और विशिष्ट लक्ष्यों पर निर्भर करती है। दोनों ही बातचीत में, कार्बन भूमि और पानी की तुलना में छोटे बदलावों का अनुभव करता है। हालांकि उच्च और निम्न आय समूहों द्वारा प्रयासों की आवश्यकता है, लेकिन अमीरों के पास मानवता के पदचिह्नों को कम करने का अधिक लाभ है। सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों के महत्व को देखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि एसडीजी के बीच मात्रात्मक बातचीत को अच्छी तरह से समझा जाए ताकि जहां जरूरत हो, एकीकृत नीतियां विकसित की जा सकें।भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण, जो कई मोर्चों पर एक साथ प्रगति के लिए विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता है। भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण सामाजिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाते हुए जलवायु परिवर्तन को सम्बोधित करता है। जलवायु क्रियाओं को गरीबी में कमी और ऊर्जा पहुंच जैसे लक्ष्यों के साथ जोड़ता है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है बल्कि कम आय वाले परिवारों को सस्ती बिजली भी प्रदान करती है। जलवायु क्रियाओं को विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर, सह-लाभ दृष्टिकोण पर्यावरणीय पहलों में सार्वजनिक समर्थन और भागीदारी को बढ़ाता है। पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है। प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना उद्योगों को ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, लागत कम करने और उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है। यह दृष्टिकोण कृषि, जल संसाधन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ाने पर जोर देता है, जो कमजोर आबादी के लिए महत्वपूर्ण हैं। जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्ययोजनाएं क्षेत्र-विशिष्ट कमजोरियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ग्रामीण और तटीय क्षेत्रों के लिए लक्षित अनुकूलन रणनीतियों को सुनिश्चित करती हैं। सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु और विकासात्मक चुनौतियों दोनों को सम्बोधित करने वाली नवीन तकनीकों के विकास और तैनाती को प्रोत्साहित करता है। सौर ऊर्जा से चलने वाली सिंचाई प्रणालियों का विकास टिकाऊ कृषि का समर्थन करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करता है।

इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने में इस रणनीति की प्रभावशीलता उत्सर्जन में कमी और आर्थिक विकास के दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बेहतर है। भारत ने आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए अपनी उत्सर्जन तीव्रता को कम करने में प्रगति की है, जो सह-लाभ दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। भारत ने पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद की प्रति इकाई कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन को लगातार कम किया है। यह रणनीति नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव को गति देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा पहुंच की खाई को सफलतापूर्वक पाटती है। छतों पर सौर ऊर्जा पहलों ने दूरदराज के गांवों में बिजली पहुंचाई है, जिससे डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम हुई है। भारत की रणनीति जलवायु क्रियाओं को निधि देने के लिए घरेलू पहलों पर केंद्रित है। इस आत्मनिर्भरता ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। भारतीय कार्बन बाजार उद्योगों में उत्सर्जन में कमी को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू संसाधनों को जुटाता है। जबकि यह दृष्टिकोण संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देता है, लेकिन तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता कभी-कभी पर्यावरण संरक्षण में समझौता करने की ओर ले जाती है। तत्काल ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों का विस्तार शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में चुनौतियाँ पेश करता है।

राज्य कार्ययोजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत जलवायु कार्रवाई यह सुनिश्चित करती है कि क्षेत्रीय चुनौतियों और अवसरों को पर्याप्त रूप से सम्बोधित किया जाए। अहमदाबाद जैसे शहरों में हीट एक्शन प्लान ने अत्यधिक गर्मी के प्रभावों को कम करने में मदद की है, जिससे कमजोर आबादी की रक्षा हुई है। जबकि सह-लाभ दृष्टिकोण पायलट कार्यक्रमों में प्रभावी रहा है, देशभर में इन पहलों को आगे बढ़ाना एक चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना का लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देना है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास अभी भी पिछड़ा हुआ है।भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु कार्रवाई को विकास के साथ प्रभावी ढंग से संतुलित करता है।

यह स्थिरता और लचीलेपन को बढ़ावा देता है। अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और हरित बुनियादी ढांचे में निरंतर निवेश इस रणनीति को मजबूत करेगा। यह स्थानीयकृत, प्रभावशाली समाधानों के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के सिद्धांत को दर्शाता है, जो विकास और पर्यावरणीय लक्ष्य दोनों में सार्थक प्रगति को आगे बढ़ाता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

### लेटर टू एडिटर

#### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

**-अनूप कुमार, रांची**

#### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। **- रवि, रांची**

### X ट्वीट

पिछले दिनों दिल्ली के एक किराना स्टोर का दौरा किया। किराना स्टोर्स सिर्फ.सामान बेचने के माध्यम भर नहीं हैं। इनके कस्टमर्स के साथ इमोशनल और कल्चरल कनेक्शन्स होते हैं, लेकिन क्विक कॉमर्स बिजनेस के तेजी से बढ़ने के कारण हजारों किराना स्टोर बंद हो रहे हैं, जो कि चिंताजनक है।

**-राहुल गांधी, सांसद**

मेरा जन्मदिन है! 70वाँ! जिस शख्स ने फिल्मों में 28 साल की उम्र में 65 साल के बुजुर्ग की भूमिका निभाई हो, और फिर ज्यादातर अपनी उम्र से बड़े किरदारो के रोल किए हों।उसकी जवानी तो अब शुरू हुई है।हरिद्वार आया माँ, दोस्तों और परिवार के लोगों के साथ! इस बार जन्मदिन स्पेशल है तो पूरा सनातनी होगा! - **अनुपम खेर**

# भारत का धर्म-दर्शन और विज्ञान का मधुफल

**हृदयनारायण दीक्षित**

### धर्म

**सम्पूर्ण** प्रकृति से आत्मीय व्यवहार श्रेष्ठ है। प्रकृति की शक्तियां सुनिश्चित नियमों में गतिशील हैं। वैदिक पूर्वजों ने इस नियम को ऋत कहा है। प्रकृति की तरह मनुष्य को भी नियमों के अनुसार चलना चाहिए। प्रकृति और मनुष्य तथा मनुष्य और सभी मनुष्यों के मध्य आचार संहिता का नाम धर्म है। ईश्वर आस्था निजी विश्वास है। धर्म में इसकी बाध्यता नहीं। कठोपनिषद् की कथा का नचिकेता युवा है। यम ने उसे 'सत्यधृति' कहा। वह सत्यनिष्ठ है। धर्म के यथार्थवादी रूप को जानता है। धर्म सम्पूर्णता के प्रति मनुष्य का सत्यनिष्ठ आदर्श व्यवहार है। उसने यम से पूछा- "जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, वह मुझे बताइए।" (1.2.14) यहां धर्म लोकजीवन की आचारसंहिता है, धर्म और अधर्म की सारी कार्यवाही देश और 'समय के भीतर' है। नचिकेता 'समय और देशकाल' की आचार संहिता 'धर्म-अधर्म और भूत भविष्य' से परे किसी अज्ञात तत्व 'सत्य' का जिज्ञासु है। पूर्वजों ने उपलब्ध ज्ञान के आधार पर जीवनचर्या के नियम बनाए। इन्हें धर्म कहा गया।

विज्ञान और दर्शन अंतरिक्ष का भी अनुसंधान कर रहे हैं। लेकिन पंथिक मजहबी विश्वासों में दैवी घोषणायें ही सत्य मानी जाती हैं। भारत में धर्म और आस्था विश्वास से निरंतर वाद-विवाद और संवाद की परम्परा है। धर्म गतिशील आचार संहिता है। परमसत्ता पर भी प्रश्न और प्रति-प्रश्न हैं। यहां लोक खुलकर प्रकट होता है, धैर्य से सुनता है और प्रश्न-प्रतिप्रश्न करता है। धर्म सत्य-निष्ठ जिज्ञासु जीवनशैली है। यही सत्य है। सत्य और धर्म पर्यायवाची हैं। धर्म स्थिर आचार संहिता नहीं है। यहां समाज की तमाम शक्तियां धर्म को भी प्रभावित करती रही हैं।

वैदिक काल का धर्म आनन्द मगन करने वाला है। उत्तर वैदिक काल में तत्वज्ञान की शिखर ऊंचाइयां हैं। कुछ कर्मकाण्डों को भी चुनौती देती हैं। रामायण काल के धर्म में मयार्दा है। श्रीराम इसी मयार्दा के महानायक हैं। लेकिन महाभारत काल का धर्म अवनति में है। गीताकार ने बहुत खूबसूरत शब्द प्रयोग किया है-धर्म की ग्लानि। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-"जब-जब धर्म की ग्लानि होती है, तब-तब धर्म संस्थापन के लिए अवतार होते हैं।" श्रीराम और श्रीकृष्ण में भारी फर्क है। श्रीराम रामायण काल में प्रचलित धर्म को मजबूती देते हैं। दुख उठाकर भी मयार्दा का पालन करते हैं। वे मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। लेकिन श्रीकृष्ण महाभारत काल के प्रचलित धर्म ग्लानि को चुनौती देते हैं।

वैदिक काल में मनुष्य प्रकृति के निकट है। सूर्य अस्त होते हैं, मनुष्य सो जाते हैं। ऊषा आती है, वह सबको जगाती है। वैदिक समाज के जागरण और निद्रा प्राकृतिक हैं। ऋग्वेद के समय सभा और समितियां हैं। सभा में सभ्य ही जाते हैं। सामाजिक विकास के क्रम में तमाम रूढ़ियां भी आईं। महाभारत में सभा के भीतर भी जुआ है। महाभारत काल के युधिष्ठिर धर्मराज हैं लेकिन जुए में पत्नी द्रोपदी को भी दांव पर लगाते हैं। ऋग्वेद में पत्नी पूरे परिवार की 'साम्राज्ञी' है। महाभारत में वह वस्तु और पदार्थ है। द्रोपदी इस धर्म को चुनौती देती है। लेकिन सभा में विराजमान द्रोणाचार्य, पितामह भीष्म जैसे महानुभाव प्रचलित धर्म से ही जुड़े हैं। द्रोपदी आहत है कहती है, "भरतवंश के नरेशों का धर्म निश्चय ही भ्रष्ट हो गया है। राजाओं आप लोग क्या समझते हैं? मैं धर्म के अनुसार जीती गयी हूं या नहीं।" (सभापर्व 67.41-42) महाभारत काल में धर्म की ग्लानि का समय है।

धर्म सबको धारण करता है। सब उसे धारण करते हैं। धर्म पालन में स्वतंत्रता है। इसलिए हरेक मनुष्य का अपना धर्म है। द्रोपदी के मन में धर्म की दूसरी कल्पना है, युधिष्ठिर और भीष्म आदि के मन में बिल्कुल दूसरी। भीष्म का उत्तर है, "धर्म का स्वरूप अति सूक्ष्म होने के कारण मैं तुम्हारे प्रश्न का ठीक विवेचन नहीं कर सकता।" जुआ अधर्म है, जुए के खेल में बेईमानी और भी बड़ा अधर्म है लेकिन पितामह धर्म के सूक्ष्म स्वरूप की बहानेबाजी के साथ और भी नई चालबाजी करते हैं। कहते हैं, "धर्मराज युधिष्ठिर धन सम्पदा से भरी पृथ्वी त्याग सकते हैं किन्तु धर्म नहीं छोड़ सकते। इन्होंने स्वयं ही हार मान ली है।" (सभा पर्व 67.47-49) भीम युधिष्ठिर के जुआ कर्म को गलत बताते हैं और कहते हैं, "द्रोपदी की दुर्दशा के लिए मैं आपकी दोनों बाहें जला दूंगा।" ( सभापर्व 68.9) यहां भीम युधिष्ठिर से श्रेष्ठ दिखाई पड़ते हैं।

वैदिक काल से उत्तरवैदिक काल के बीच समय का लम्बा अंतराल है।

# होली: लोक रंगों का महापर्व

**मनोज कुमार मिश्र**

### सामयिक

वसंत ऋतु का आगमन विद्या और कला-संगीत की देवी मां सरस्वती के पूजन यानी वसंत पंचमी के साथ शुरू होता है। कायदे में भारतीय (हिंदू) कैलेंडर के हिसाब से सभी छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर, दो-दो महीने की होती है लेकिन वसंत करीब ढाई महीने का होता है। महीनों का निर्धारण विक्रमी संवत से होता है। सभी ऋतुओं की पहचान मौसम से होती है। वसंत के आगमन की सूचना वातावरण में मस्ती से होता है और वह फाल्गुन पूर्णिमा को होली (पूर्वांचल में फगुआ और आम बोलचाल में होरी) के दिन शीर्ष पर पहुंच जाता है। वातावरण में फूलों महक भी वसंत के होने का एहसास कराती है। गुलाबी ठंड, खेत पीले सरसों से भरे पड़े, उस पर मंडराते भौंरे, गेहूं की बालियां, हर तरफ फूल ही फूल, फिजा में मस्ती बिखेरते हैं। अपना देश विविधताओं का देश है। तरह-तरह की भाषा-बोली, पहनावा, खानपान और सैकड़ों पर्व-त्यौहारों को हम सभी साल भर मनाया करते हैं। अनेक त्यौहार देश के सर्वाधिक राज्यों में उत्साह से मनाया जाता है। होली भी देश के ज्यादातर राज्यों में मनाया जाने वाला त्यौहार है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह हर वर्ग और खासकर गरीब तबके का सबसे लोकप्रिय पर्व है।

ब्रज की होली की लोकप्रियता आज भी कायम है। देश-दुनिया से बड़ी तादाद में लोग मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव और भगवान कृष्ण और राधा-रानी से जुड़े जगहों पर लोग आते हैं। इसकी तैयारी महीनों पहले शुरू हो जाती है। किसी अनजान व्यक्ति को यह आश्चर्य लगेगा कि बड़ी तादाद में लोग कृष्ण भक्त गोपियां बनी ब्रज की महिलाओं के साथ होली खेलने और उनके डंडे झेलने (लट्ठमार होली) के लिए दूरदराज से समय और पैसे खर्च करके लोग आते हैं। यह संख्या लाखों में होती है। मान्यता है कि सभी लोग वहां इस अनुभव के लिए जाते हैं कि जैसे उन्होंने राधे-कृष्ण के साथ होली खेल ली। इसके अलावा हर राज्यों में अलग-अलग तरीके से होली खेली और गीत गाए जाते है। अलग-अलग तरह के पकवान खासकर होली के लिए बनाए जाते हैं। इतना ही नहीं अलग-अलग इलाकों में होली का नाम भी अलग है और मनाने के तरीके भी अलग है। दीपावली की तरह होली भी सालों पहले देश की सीमा पार कर अनेक देशों का बड़ा पर्व बन गया है। नेपाल तो हाल ही तक दुनिया का अकेला हिंदू देश था। वहां तो अपने देश की तरह होली पर सार्वजनिक अवकाश होता है।

प्रचलित कथा है कि दैत राजा हिरण्यकश्प अपने को ही भगवान मानता था और अपनी प्रजा से इसे मनवाता था। उसने भीषण तपस्या कर अपने को अमर होने का वरदान पा लिया था। उसे वरदान था कि वह न तो दिन में और न ही रात में, न तो अस्त्र से और न ही शस्त्र से, न तो घर में न ही बाहर, न ही मनुष्य से न ही जानवर से मारा जा सकता है। उससे ठीक विपरित उसका पुत्र प्रह्लाद नारायण भक्त था। वह उसे भगवान मानने को तैयार न था। वह नारायण का भक्त था। उसे मारने के लिए हिरण्यकश्यप ने हर उपाय किए लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। उसने बहन होलिका को प्रह्लाद को मारने के लिए जिम्मेदारी दी। उसे जलती आग में होलिका लेकर बैठी। नारायण ने होलिका को ही जला कर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। बाद में उन्होंने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्प का अंत किया। कहते हैं कि तभी से होलिका को जलाने और उसकी राख से दूसरे दिन होली खेल कर खुशी मनाने की परंपरा चली। होली से भगवान कृष्ण की कथा भी जुड़ी है। वैसे बाद में राख के साथ-साथ रंग और गुलाल से होली खेलने की परंपरा चल पड़ी। कई इलाकों में गुलाब की पंखुड़ियों आदि से भी होली खेली जाती है।

बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा,असम और पूर्वांचल के राज्यों में होली खेलने की विधिवत शुरूआत वसंत पंचमी यानी सरस्वती पूजा से होती है। सरस्वती पूजा के दूसरे दिन मां सरस्वती की प्रतिमा के विसर्जन में एक दूसरे को खूब गुलाल लगाते हैं। यह परंपरा दुर्गा पूजा, काली पूजा, विश्वकर्मा पूजा के बाद प्रतिमाओं के विसर्जन के दिन भी होता है। वैसे तो बिहार आदि पूर्वांचल के राज्यों में दूल्हे की विदाई ही नहीं किसी किसी रिश्तेदार की विदाई पर भी रंग-गुलाल लगाने की परंपरा है। किसी को विदाई में सफेद कपड़ा देना अपशगुन माना जाता है इसलिए किसी की विदाई में देने वाले कपड़ों को लाल-पीले रंगों से रंग कर ही देते हैं। तभी तो बिहार के गांवों में होली के दौरान यह भी प्रचलित गीत गाया जाता है- भर फागुन बूढ़ऊ देवर लगी हें। होली में अपने इलाके के वीरों का भी बखान किया जाता है-बाबू हो कुंवर सिंह टेगवा बहादुर बंगला में उड़ेला अबीर। पूर्वांचल (बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश) के गांवों में पूरे फाल्गुन (आम बोलचाल में फागुन) में रात को किसी के दरवाजे पर होली के गीत गाने का रिवाज है। होली के दिन ती सवेरे लोग होली खेलते हैं और दोपहर से अलग-अलग टोलियों में हर दरवाजे जाकर होली गाते और होली मिलन करते हैं। उस दौरान गायकों को सूखे मेवे देने का रिवाज है। बड़े गांवों में तो दरवाजे-दरवाजे जाते हुए आधी रात होने पर लोग चैता (बीतले फगुनवा आहो चैता अईले हो राम) गाने लगते हैं। होली के दूसरे दिन से चैत की शुरूआत होती है। 15 दिन बाद से नया हिंदू संवत या नए साल की शुरूआत होती है। उसी दिन से चैत नवरात्र की शुरूवात भी होती है।

पहले दिन यानी होलिका दहन के दिन उपले आदि इकट्ठा करके शाम को उसे जलाते हैं। उस आग में नई फसल गेहूं, जौ , चना आदि को भूनते हैं। होलिका को गाली देने के बहाने गाली गाने का भी रिवाज सालों से चल रहा है। होली के लिए तरह-तरह के पकवान बनने की तैयारी काफी समय से परिवार के लोग और खासकर महिलाएं करती हैं।

## स्पीड न्यूज

### प्रेस क्लब ने गरीबों को दिया खाद्य सामग्री



भुरकुंडा (रामगढ़)। प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल ने होली के अवसर पर रविवार को भुरकुंडा बाजार में गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच आटा, मैदा, रिफाइन तेल, चीनी, अबीर-गुलाल आदि खाद्य सामाग्री का वितरण किया। इसका शुभारंभ मेन रोड से हुआ। साप्ताहिक हाट में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से दतुवन-पत्तल बेचने आई महिलाओं को खाद्य सामग्री भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी गईं। मौके पर पत्रकारों ने बताया कि विगत 11 वर्षों से क्लब सामाजिक गतिविधियों में भाग ले रहा है। इसमें जरूरतमंदों की सेवा और सहयोग उनकी प्राथमिकता है। यही वजह है कि क्लब मकर संक्रांति, होली, दीपावली जैसे पर्व-त्योहारों में खाद्य सामाग्री के साथ चूड़ा, गुड़, तिलकुट, लाई, मिठाई, रंग-अबीर आदि का वितरण करता आ रहा है। पत्रकारों ने कहा कि यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।कार्यक्रम में क्लब के राजकुमार सिंह, दुर्गेश तिवारी, महावीर प्रसाद, मनोज सिंह, कुमार आलोक, दीपक कुमार, कमलेश मेहता, बिजेंद्र पासवान, संजय पासवान, सुरेंद्र पासवान, मो. इस्लाम, पवन सोनी, मुकेश कुमार, भीम सिंह आदि शामिल थे।

### पलाश मार्ट से ही खरीदें गुलाल



रजरप्पा। एनएच-23 रामगढ़ बोकारो मार्ग स्थित छोटकीपोना के नयामोड़ स्थित झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सखी मंडल द्वारा पलाश मार्ट का दुकान लगाया गया है. इस मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीओ लुकेश्वर साव ने कहा कि इस होली पर्व में अपने महिला दीदियों के सम्मान में पलाश मार्ट से ही गुलाल की खरीददारी करें और अपने होली के रंग को रंगीन बनाएं। सखी मंडल की दीदियों द्वारा पालक पत्ता, बीटरूट, गेंदा फूल, पलाश फूल सहित अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से यह गुलाल तैयार किया गया है जो शरीर के लिए नुकसानदेह बिल्कुल भी नहीं है। मौके पर सीसी संजना सिंह, बिरजू मुंडा, आईपीआरपी कलावती देवी सहित राखी कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुनीता राज मेहता, बेबी कुमारी, सोनी, कुसुमा, पूजा, बबीता आदि मौजूद थे।

### मृत समाजसेवी का हुआ नेत्रदान



कुजू। कुजू बस्ती निवासी समाज सेवी सह श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कुजू के पूर्व कोषाध्यक्ष राजकुमार साव उर्फ भोला के निधन अपना नेत्रदान करने के बाद कोयलांचल के लोगो ने उनके इस कार्य की सरहाना किया है। लोगों ने कहा कि अगर हर इंसान अपनी इच्छा से इसी तरह से अपने जीवन के बाद स्वस्थ्य अंगो का दान करें, तो जरूरतमंद इंसान का मदद होगा। बताया जाता है कि शादी समारोह में भाग लेने के लिए राजकुमार साव रांची गये थे। इसी बीच अचानक उनके सीने में दर्द शुरू हुआ। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के रिम्स में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उनका निधन हो गया। राजकुमार साव का हार्दिक इच्छा थी कि मेरे निधन के बाद उनका नेत्र दान कर दिया जाये, ताकि मेरी उपस्थिति बना रहे तथा किसी नेत्रहीन की मदद हो सके। वहीं रविवार को हेसागढ़ा स्थित चौथा नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां मुखाग्नि उनके पुत्र विवेक कुमार ने दी।

### गेगदा में सरहुल को लेकर बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। सरहुल को लेकर गेगदा स्कूल में रविवार को आदिवासी समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समाज के प्रदेश महासचिव सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव और संचालन आदित्य केरकेटा ने किया। बैठक में प्रकृति पर्व सरहुल पूजा और सम्मलेन की तैयारी पर चर्चा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हुआ कि ग्राम गेगदा सरहुल टोंगरी में 1 अप्रैल को सरहुल पूजा सह सरहुल मिलन समारोह होगा, जिसमें पतरातू प्रखंड से 30-40 गावों के आदिवासी ग्रामीण सहित आमजन झारखंडी वेशभूषा में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनायेंगे। मुखिया संदीप उरांव ने कहा कि हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी आदिवासियों के प्राकृतिक महापर्व सरहुल नए साल के रूप में पूरे धूमधाम से मनाया जायेगा। मौके पर सुभाष उरांव, बिनोद उरांव, राजू करमाली, अरुण मुंडा, अजित उरांव, दिलीप उरांव, विक्की कच्छप सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना




भुरकुंडा (रामगढ़)। सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 150 गरीबों को भोजन कराया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। वहीं गोल्ड मेडलिस्ट तमन्ना वर्मा ने मंच के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, दिलीप गंझू, विजय राम, उदयभान दुबे, अशोक झा, रेणुका दास, मुस्कान परवीन, लखन राम, डॉ. जयश्री मेहता, मो. शाहिद, डॉ. केसी दास, कन्हैया कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# डीजीएम हत्या : 36 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## क्या गाड़ी बदलने से गलतफहमी में मारे गए या कोई गहरी साजिश थी?

अभय कुमार सिंह

- क्या गौरव असली टारगेट थे या किसी और के बदले मारे गये
- अगर निशाने पर कोई और था, तो वह कौन था?
- हमलावरों को इतनी सटीक जानकारी कैसे मिली?



हजारीबाग। एनटीपीसी के डिप्टी जनरल मैनेजर (डीजीएम) कुमार गौरव की हत्या के 36 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उनकी हत्या क्यों और किसने की। इस सनसनीखेज वारदात ने एनटीपीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार सुबह 9:30 बजे हजारीबाग से केरेडारी कोल माइंस प्रोजेक्ट के लिए निकले कुमार गौरव को कटकमदाग प्रखंड के फतहा चौक के पास रास्ते में गोली मार दी गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शी मो. जावेद आलम ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 9:10 बजे वे श्रीधर अपार्टमेंट, मटवारी से एनटीपीसी कार्यालय के लिए निकले थे। जावेद, जो कोल प्रोजेक्ट में कैमिस्ट संवेदक के रूप में कार्यरत हैं, ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठे थे, जबकि कुमार गौरव पीछे बीच वाली सीट पर थे। रास्ते में अचानक कुमार गौरव चिल्लाए और उल्टियां करने लगे। पहले तो उन्हें लगा कि उनकी तबीयत बिगड़ रही है, लेकिन जब उन्होंने पानी देने के लिए गाड़ी के शीशे की ओर देखा, तो पाया कि शीशा टूटा हुआ था और मैनेजर साहब के मुंह से खून बह रहा था। तभी आसपास के लोगों ने बताया कि दो गोलियों की आवाज आई थी, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। वही एनटीपीसी के सीनियर एचआर ऑफिसर मृणाल आनंद, जो पीछे से आ रहे थे, उन्होंने बताया कि हत्या के तुरंत बाद एक बाइक पर सवार दो लोग वहां से भागते देखे गए। वे दोनों हेलमेट पहने हुए थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल था।

हत्या की गुत्थी तब और उलझ गई जब यह सामने आया कि कुमार गौरव ने उसी दिन अपनी गाड़ी बदली थी। एनटीपीसी के अधिकारियों के अनुसार, वह आमतौर पर दूसरी स्कॉर्पियो से सफर करते थे, लेकिन उस दिन किसी और के न जाने के कारण उन्होंने जेएच 01 एफएन 8079 नंबर की स्कॉर्पियो का इस्तेमाल किया। अब सवाल उठ रहा है कि क्या अपराधियों का असली निशाना कोई और था? कहीं ऐसा तो नहीं कि जिस अधिकारी को गोली मारनी थी, वह उस दिन किसी वजह से यात्रा पर नहीं था और गाड़ी बदलने की वजह से गलत पहचान में कुमार गौरव को गोली मार दी गई?

इस थ्योरी को इसलिए भी बल मिल रहा है क्योकि घटना के उपरान्त मृतक के परिजनों एवं एनटीपीसी के पदाधिकारी तथा कर्मियों के द्वारा मृतक का किसी भी व्यक्ति से पूर्व में कोई विवाद नही होने की बात एवं किसी भी प्रकार की धमकी मिलने की बात की पुष्टि नही हुई है। हत्या के पीछे व्यावसायिक दुश्मनी, कोल माइंस से जुड़ा कोई विवाद या किसी अन्य अधिकारी को मारने की साजिश-ये सभी पहलू जांच के दायरे में हैं। कुमार गौरव एनटीपीसी में काफी मिलनसार और लोकप्रिय अधिकारी थे। वे कोयले की गुणवत्ता और डिस्पैच के इंचार्ज थे, इसलिए कोल माफियाओं के साथ उनके कामकाज को लेकर कुछ विवाद भी हो सकते थे। हत्या से एनटीपीसी के अधिकारी और कर्मचारी दुखी और स्तब्ध हैं। अब सबकी निगाहें पुलिस की जांच पर टिकी हैं, जो इस हत्याकांड के पीछे की सच्चाई उजागर कर सके।

### एसआइटी गठित, पांच संदिग्धों से पूछताछ

हजारीबाग। हजारीबाग और रामगढ़ के कोयला क्षेत्र में सनसनी फैलाने वाले एनटीपीसी के डिप्टी जनरल मैनेजर (डीजीएम) कुमार गौरव हत्याकांड में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। अब तक पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने एसआईटी का गठन कर जांच के आदेश दिए हैं। घटना के बाद एनटीपीसी मुख्यालय, दिल्ली से आए निदेशक (फ्यूल) शिवम श्रीवास्तव और निदेशक (एचआर) एके जदली ने मुख्य सचिव अलका तिवारी से मुलाकात की। उन्होंने हत्याकांड में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और कोयला क्षेत्र में अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक रोहित पाल की शिकायत पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।इस संदर्भ में कटकमदाग थाना काण्ड सं0-47/25, दिनांक-08.03.2025, धारा-103 (1)/3 (5) बी०एन०एस० एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत 02 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध काण्ड दर्ज किया गया है। काण्ड का उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक-सह-पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), हजारीबाग के नेतृत्व में एक रक्ष टीम का गठन किया गया है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और हजारीबाग व रामगढ़ के कोयला क्षेत्रों में सक्रिय अपराधी गिरोहों के सरगनाओं से भी पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल से संबंधित सभी संभावित मार्ग पर लगे सीसीटीवी का फूटेज प्राप्त कर अपराधियों के आने और जाने से संबंधित साक्ष्य एकत्रित कर ली गई हैं। काण्ड के उदभेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तकनीकि साक्ष्य प्राप्त कर संभावित स्थलों पर छापामारी की जा रही है। इस घटना से संबंधित संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। इस हत्याकांड को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और जल्द ही मुख्य आरोपियों तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है।

# नैतिकता को बरकरार रखें छात्र : रवींद्र नाथ महतो

## राधा गोविंद विवि में प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




रामगढ़। रामगढ़ के राधा गोविंद विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षांत समारोह रविवार को संपन्न हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ नैतिकता बरकरार रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज डिग्री लेने के बाद वे समाज में अपना योगदान अलग-अलग पदों और स्थानों पर दे सकते हैं। लेकिन समाज का विकास तभी संभव है जब नैतिकता बरकरार रहे। उन्होंने राधा गोविंद विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह क्षण संस्थान के लिए गौरवपूर्ण और भावनात्मक पल है। प्रथम दीक्षांत समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो , डीसी चंदन कुमार , एसपी अजय कुमार , जैप आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, कुलाधिपति बीएन साह , फूलमती देवी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार थे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने पीएचडी, पीजी, यूजी एवं वोकेशनल के विद्यार्थियों को 1152 उपाधियां वितरित की। जिसमें 64 विश्वविद्यालय टॉपर रहे। राधा गोविंद ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए विश्वविद्यालय तत्पर है। छात्रों के कैरियर को अत्यधिक आत्मविश्वास और शानदार संतुष्टि के साथ आगे बढ़ाने के लिए, आवश्यक विशेषज्ञता हासिल करने के लिए वातावरण एवं प्रोत्साहन के लिए हमेशा तैयार रहेगा।

### विधायक ने किया पुल का शिलान्यास



बरकट्ठा । विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड के नयाडीह स्थित कुंडिलवा नदी पर तीन करोड़ 55 लाख की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया । पुल निर्माण होने से प्रखंड मुख्यालय से आदिवासी बहुल गांव डुमरडीहा,धोबारी लश्करी समेत आदि गांवों की दूरी कम हो जाएगी। इस मौके पर विधायक ने का है कि गांवों में यातायात को समृद्ध बनाया जा रहा है। विकास की किरण सभी गांव में पहुंचाना है। आवागमन की सुविधा होने से गांव विकसित होगा। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद, मुखिया अब्बास अंसारी, संजय कुमार गुप्ता, त्रिवेणी यादव, उमेश यादव, सीके पांडेय, महेंद्र कसेरा, रामखेलावन यादव, जागेश्वर यादव, राजकुमार यादव, भुवनेश्वर

## एक नजर में

### ब्रह्मर्षि समाज का होली मिलन समारोह



हजारीबाग। ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग ने शनिवार को प्रोवेश रिसोर्ट, हजारीबाग में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। समाज के लोगों ने पारंपरिक परिधानों में रंग-गुलाल उड़ाकर और फगुआ गीतों पर झूमकर होली का आनंद लिया। समारोह में महिलाओं और बुजुर्गों समेत समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही। लोकगायिका मनिताश्री और प्रकाश पंडित के सुरों ने समां बांध दिया। मनिताश्री ने सिया निकले अवधवा की ओर होलिया खेले राम लला.. से शुरूआत कर भोजपुरी, अवधी और हिंदी के पारंपरिक होली गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही झारखंडी व्यंजन कचरी, बर्रा, पुआ-धुस्क और मिठाइयों का भी लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि होली प्यार और सद्भाव का पर्व है, जो भेदभाव मिटाकर लोगों को जोड़ता है। उन्होंने समाज को होली की शुभकामनाएं दीं।इस दौरान क्रिकेट प्रेमियों के लिए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी-2025 का फाइनल मैच बड़ी स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया, जिससे लोग एक साथ क्रिकेट और होली का आनंद ले सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार, अर्जुन सिंह, कन्हैया शर्मा, कौशल किशोर सिंह समेत आयोजन समिति के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाज के गणमान्य व्यक्तियों को गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### झामुमो स्थापना दिवस की तैयारी जोरों पर



बड़कागांव। झामुमो के स्थापना दिवस को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष एवं झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने की। श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष झामुमो का स्थापना दिवस हजारीबाग में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और कई अन्य मंत्री एवं वरिष्ठ झामुमो नेता भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुइयां, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, राकेश मिश्रा, सफीउल्लाह अंसारी, दिनेश आर्या, विशेश्वर राम, नंदकिशोर भुइयां, फालेंद्र गंझु, सुनील कुमार, मोती भुइयां, राजा कुमार, पृथ्वीराज, महेंद्र पासवान, राजेंद्र भुइयां, लहसुन गंझु, विनोद यादव, सुरेश यादव, गुलाब भुइयां, मो. हुसैन समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की गई और कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की ।

### पदमा और रोमी पंचायत में सम्मान समारोह



पदमा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पदमा और रोमी पंचायत भवन में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला दीदियों ने किया। मुखिया अनिल कुमार मेहता और उप मुखिया अजय कुमार मेहता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोमी पंचायत भवन में प्रमुख वीणा देवी, मुखिया गुड़िया मेहता, कांग्रेस नेत्री पूनम यादव और जेएसपीएल के बीपीएम दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर महिला दिवस की शुरूआत की। इस दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की जानकारी दी गई। पदमा पंचायत के मुखिया अनिल कुमार मेहता ने महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया और अपनी माँ को सम्मान देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने होली खेलकर खुशी जाहिर की।इस आयोजन को सफल बनाने में पंचायत सचिव सुबोध कुमार, समिति सदस्य रेखा देवी, रोमी पंचायत सचिव प्रीति कुमारी, संकुल समन्वयक विनोद कुमार, समाजसेवी जितेंद्र राणा सहित कई अन्य गणमान्य लोगों का योगदान रहा।

### कोबरा बटालियन में खेलकूद प्रतियोगिता




बरही। बरही में स्थित 203 कोबरा वाहिनी मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दो दिवसीय खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत साइकिल रैली से हुई, जिसे क्षेत्रीय कावा अध्यक्षा अनुपमा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में कैंप परिसर की महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में रंगोली, कुकिंग, 1.6 किमी दौड़, क्रिकेट, खो-खो और रस्साकशी जैसे खेलों का आयोजन किया गया। साथ ही, बल की महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. उपासना सिंह ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस अवसर पर शहीद सिपाही शशि चंद्र कुमार शर्मा की माता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ और सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 203 कोबरा वाहिनी ने इस वर्ष की थीम ‘लैंगिक समानता के लिए कार्रवाई में तेजी लाना’ को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### गैर मजरुआ जमीन पर कब्जे के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध



दारू। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बड़वार में गैर मजूरुआ जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रखंड अंचलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। दर्जनों ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी राम बालक कुमार को लिखित आवेदन सौंपते हुए बताया कि खाता संख्या 74, प्लॉट संख्या 1018, कुल चार एकड़ जमीन सरकारी संपत्ति है, लेकिन कुछ दबंगों ने इस पर जबरन कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के ही श्याम लाल यादव, गणेश यादव, फूलचंद यादव और हुलास यादव (पिता स्व. ईश्वर यादव) ने इस भूमि पर जेसीबी से कुएं की खुदाई शुरू कर दी है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने फर्जी कागजात दिखाकर उन्हें धमकी दी और कहा कि जो करना है कर लो, हमारे पास जमीन के दस्तावेज हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर अंचलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए राजस्व कर्मचारी रागिनी कच्छप को स्थल निरीक्षण और दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।‘ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई कर सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है।

### बरही में 300 कार्टून अंग्रेजी शराब जब्त

बरही। पुलिस ने शनिवार रात में गुप्त सूचना के आधार पर रसोइया धमना मोड़ के पास एक अवैध रूप अंग्रेजी शराब लदा कंटेनर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एचआर67बी 6502 को पकड़ा। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि शनिवार रात में गुप्त सूचना मिली कि रसोइया धमना मोड़ के पास एक कंटेनर है जिसमें अंग्रेजी शराब लदा है।पुलिस द्वारा जांच के दौरान कंटेनर में 3 सौ कार्टून इंम्परीयल ब्ल्यू अंग्रेजी शराब लोड है। प्रत्येक कार्टून में 375 एमएल का 24 बोतल कुल मिलाकर 7 हजार 2 सौ बोतलें थी। पुलिस ने कर्रवाई करते हुए कंटेनर सहित शराब को जब्त कर बरही थाना लाया। पुलिस ने कर्रवाई करते हुए बरही थाना कांड संख्या 81/25 का मामला दर्ज किया। वहीं कंटेनर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

### मनोज गिरि बने सांसद प्रतिनिधि



कुजू। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने दिगवार निवासी सह भाजपा नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि को रामगढ़ नगर परिषद मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त किया। मनोज गिरि ने कहा कि जिस प्रकार से सांसद मनीष जायसवाल मुझपर विश्वास जताया है, उस पर मैं पूरी ईमानदारी के साथ खरा उतरूंगा। साथ ही क्षेत्र के सभी ग्रामीण जनता के समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूंगा। वहीं उनके मनोनयन के बाद भाजपा कार्यकताओं ने जिला कार्यालय में उनका स्वागत फूल माला पहनाकर किया। कार्यकताओं ने कहा कि मनोज गिरि के सांसद प्रतिनिधि बनने से मंडल सहित आस-पास के समस्याओं के समाधान होने के साथ कार्यकताओं के अंदर भी मजबूती मिलेगी। मौके पर विनोद मिश्रा, गौतम राम, जगत नारायण साव, संतोष शर्मा, विनोद प्रसाद, मुरली प्रसाद, राणा गुप्ता, पवन रवानी, रोहन लाल, अर्जुन कुशवाहा, मंजू देवी, सुनीता रविदास, त्रिभुवन महतो, प्रमोद यादव, सुरेश कुमार, शंकर बेदिया, राकेश पांडेय, किशुन महतो, विजय वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दूरदर्शी नेता थे अटल जी : सुदर्शन भगत

## अटल विरासत सम्मेलन



रामगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत रविवार को ब्रह्मर्षि धर्मशाला के सभागार में अटल विरासत सम्मेलन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कहा कि भाजपा अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी मना रही है । उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम करने और उनके साथ बैठने को अपना सौभाग्य बताया । कहा कि वे एक राजनेता के रूप में उनकी दूरदर्शिता , ईमानदारी और देश के प्रति उनका समर्पण सभी के लिए मिसाल है। उनके जीवन के संबंध में बताते हुए उनके वाक्पटुता को उन्होंने प्रणाम किया। कहा कि वे संघ के प्रचारक थे। उस समय के सरसंघ चालक के निर्देश पर वे जनसंघ के संस्थापक सदस्य बने और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ राष्ट्रवाद को एक नया आयाम दिया। राष्ट्र धर्म, पांचजन्य जैसे पत्रिकाओं का संपादन किया। संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में संबोधन कर देश का गौरव बढ़ाया । उन्हें भारतीय राजनीति के भीष्म पितामह की उपाधि दी गई। केंद्र सरकार द्वारा उनके राष्ट्र के प्रति योगदान को देखते हुए भारत रत्न दे कर सम्मानित किया गया। कहा कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके ही कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत, प्रदेश मंत्री व रामगढ़ जिला संगठनात्मक चुनाव अधिकारी सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा,रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, डॉ संजय सिंह, विनोद कुमार,तिलक राज मंगलम, सूर्यवंश श्रीवास्तव, रंजन फौजी, बलराम महतो,दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति ,अनिल कुमार राय, कुमेल उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल,जिला मंत्री सरदार अनमोल सिंह, राजीव पामदत्त, संतोष कुमार शर्मा भीम सेन चौहान, प्रवीण कुमार सोनू, धीरज साहू, शीतल सिंह,सन्नी कुशवाहा, कुश श्रीवास्तव, रिंकू प्रसाद, शंकर करमाली, वारिस खान, विवेकानंद पांडेय, आनंद बेदिया, प्रो खिरोधर साहु, रंजीत कुमार पांडेय, विजय ओझा, मनोज महतो, प्रो आलोक सिंह डॉ इंद्रदेव साव , राजेश ठाकुर सहित स मण्डल अध्यक्ष संजय साह, टोकेश सिंह, बबलु साव, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, नरेश साव,सागर दांगी, ब्रजेश पाठक, ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मण्डल, शिव कुमार गुप्ता,रवि हाजरा उपस्थित थे।

## क्षत्रिय समाज की बैठक, अभिषेक बने कोडरमा प्रक्षेत्र अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ अंतर्गत कोडरमा प्रक्षेत्र की एक बैठक रविवार को क्षत्रिय भवन कोडरमा में हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा प्रक्षेत्र के अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बम्बल ने की। बैठक में महासंघ से नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में दिनेश कुमार सिंह (सचिव) पथलडीहा एवं राज नारायण सिंह (प्रमुख जयनगर) उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य विषय प्रक्षेत्र के अध्यक्ष एवं सचिव पद के चुनाव पर चर्चा की गई। इस बैठक में सैकड़ों लोग उपस्थित हुए, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बम्बल का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसका प्रस्तावक महेश कुमार सिंह ने किया उसका समर्थन विनय कुमार सिंह ने किया। जबकि सचिव पद के लिए सर्वसम्मति से विनोद सिंह चयन किया गया, जिसका प्रस्तावक प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने किया। उसका समर्थन रणजीत कु.सिंह ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के महासचिव राम लखन सिंह ने दोनों पदाधिकारी को बधाई दी। साथ ही संबोधित करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में प्रक्षेत्र में उत्पन्न सामाजिक समस्याओं को दूर करने के साथ-साथ प्रक्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। मौके पर वीरेंद्र सिंह, विश्वनाथ सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, दयानंद सिंह, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह उर्फ राजू भैया, आनंद सिंह, पंकज सिंह, नवीन सिंह, दीपक सिंह, अनिमेष सिंह, मंजीत सिंह, सूरज सिंह, राकेश सिंह, पंकज सिंह, दुष्यंत सिंह, राजा बाबू, परमानंद सिंह, सुभाष राजन सिंह, बीरबल सिंह, दीप नारायण सिंह, चीकू सिंह, रमेश सिंह समेत सैकड़ो क्षत्रिय स्वजाति बंधु उपस्थित हुए।

# टोटो वाहन चोरी मामले में चार गिरफ्तार, दो वाहन बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तिलैया थानान्तर्गत वार्ड नं 19 पार्वती क्लिनिक के समीप ग्राम गुमो से अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में टोटो चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसे लेकर 26 फरवरी एवं 2 मार्च 2025 को दिलीप कुमार पिता नारायण मोदी एवं संजय कुमार पिता द्वारिका महतो दोनों गुमो थाना तिलैया द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर क्रमशः तिलैया थाना कांड संख्या 77/2025 एवं 79/2025 दर्ज कर कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया। चोरी किये गए टोटो की बरामदगी, अज्ञात अपराधकर्मी की गिरफ्तारी एवं कांड उद्भेदन हेतु एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा सीसीटीवी का सत्यापन एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लगातार छापामारी कर चार अपराधकर्मियों को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार चारों अपराधकर्मियों से पूछताछ के उपरान्त उनकी निशानदेही पर चोरी किये गए दोनों टोटो में से एक टोटो मुफ्फसिल हजारीबाग एवं एक टोटो बूटी मोड़ रांची से बरामद किया गया।



उल्लेखनीय हो कि गिरफ्तार चारों अपराधकर्मियों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि उपरोक्त चारों द्वारा रेकी कर दोनों टोटो वाहनों की चोरी की गयी थी, जिसमें से एक टोटो को चालीस हजार रुपया में बात कर हजारीबाग में एक व्यक्ति को बिक्री किया गया था, जिसमें से इन्हें बीस हजार रुपया प्राप्त हुआ एवं दूसरे टोटो को रांची में तीस हजार रुपया में बिक्री किया गया था, जिसमें इन्हें पन्द्रह हजार रुपया प्राप्त हुआ। दोनों टोटो के बाकी पैसा टोटो का कागजात देने के उपरान्त देने की बात हुई थी। बिक्री किये गए दोनों टोटो से प्राप्त रुपया में से चारों अपराधी आपस में बराबर-बराबर बांट लिये। इस संबंध में तिलैया थाना के द्वारा विधिवत्त अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में 19 वर्षीय रौशन कुमरा पिता मितरंजन सिंह, 24 वर्षीय रंजन कुमार गुप्ता पिता स्व. कैलाश साव, 18 वर्षीय प्रिंस कुमार पिता स्व. डब्लू साव, 21 वर्षीय सुमीत खटीक उर्फ सुमीत सोनकर पिता स्व. देवनन्द सोनकर ओकनी लोहसिंगना जिला हजारीबाग निवासी के नाम शामिल हैं।

छापामारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, सअनि. सतवीर कुमार सिंह, तिलैया थाना, पैंथर एवं सशस्त्र बल, तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### बाबूलाल मरांडी का किया गया भव्य स्वागत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के विधायक दल के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद मरकच्चो प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बरियारडीह चौक पर रविवार को बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी को पुष्पमाला पहना कर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं स्वागत कार्यक्रम में देवीपुर मुखिया सह भाजपा नेता बेदु साव, भाजपा नेता बसंत साव, चुरामन साव, राजकुमार यादव, बिरेंद्र वर्मा, पवन यादव, त्रिलोकी यादव, रेवत साव, सुनील साव, उमेश साव, छोटू साव, अशोक राणा समेत कई लोग शामिल थे।

### कोडरमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**कोडरमा।** थाना परिसर में होली को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान कहा गया कि चौक चौराहे पर पुलिस एवं गश्ती दल की मुस्तैदी रहेगी। बैठक के दौरान थाना प्रभारी अरविन्द कुमार ने कहा की होली रंगों का त्योहार है और शांति का प्रतीक है। होली में एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनायें और भाईचारे का संदेश दें। उन्होंने कहा क्षेत्र के लोगों से अपील है कि शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी ने कहा सोशल मीडिया और हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा जबर्दस्ती किसी को रंग न लगाएं। इस दौरान लोगों ने पुलिस पदाधिकारी को कुछ सुझाव भी दिए। मौके पर एसआई रोहित कुमार सिंह, साजिद हुसैन लल्लू, हाजी परवेज, मनोज कुमार झुन्नू, राजकुमार, गोपाल यादव, सिकंदर दास, विजय सिंह, रउफ अंसारी, अजय पांडेय, मंजू देवी, प्रकाश रजक, मो मिस्टर, संतोष चंद्रवंशी, मो अली, इलयास अंसारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### झामुमो नगर कमेटी का गठन, धीरज कुमार चंद्रवंशी अध्यक्ष व मनीष बने सचिव



**कोडरमा।** लख्खीबागी स्थित सरना स्थल में झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा नगर कमेटी का गठन किया गया.। इस मौके पर झामुमो के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा कोडरमा नगर अध्यक्ष के रूप में नगरखारा निवासी धीरज कुमार चंद्रवंशी को सर्वसम्मति से चुना गया। जबकि नगर सचिव मनीष पाण्डेय, नगर उपाध्यक्ष ऋषिकेश सिंह, बब्लू आलम व कोषाध्यक्ष संजय सिंह बनाए गए। मौके पर सयोजक प्रमुख बीरेंद्र पाण्डेय ने कोडरमा नगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपलोग पार्टी के प्रति ईमानदारीपूर्वक कार्य करें। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय कमेटी सदस्य उमेश राम, पवन माइकल, दीपक कुमार नवीन, मनीष पाण्डेय व अन्य लोग उपस्थित थे।

### संगीता शर्मा को शिक्षा सुमेरु सम्मान से किया गया सम्मानित




**कोडरमा।** जिला के लिए रविवार को शिक्षा के क्षेत्र में सम्मान दायक दिन रहा। बताते चलें कि पटना में आर्यावर्त सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अद्वितीय योगदान के लिए लगभग पचहत्तर शिक्षाविदों को शिक्षा सुमेरु राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। झारखंड के चार, पांच विद्वतजनों में कोडरमा जिले के दो शिक्षाविदों संगीता शर्मा और डॉ.अरुण मिश्रा को सम्मानित किया गया। वयोवृद्ध विद्वान आचार्य सुदर्शन महाराज और पद्मश्री डॉ.जितेन्द्र कुमार सिंह कैंसर विशेषज्ञ द्वारा संयुक्त रूप से शिक्षाविद् द्वय को सम्मान पत्र दिया गया।

### शतचंडी महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत बंगाखलार के करारी गांव में आयोजित श्री श्री 108 मां ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रखंड के अलावा दूसरे जगह से लोग यज्ञ में शामिल होने पहुंच रहे है। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष अशोक राय व सचिव जितेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि प्रतिदिन शाम में अनुराग कृष्ण जी महाराज का प्रवचन चल रहा है।

### होली को लेकर डोमचांच थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**डोमचांच (कोडरमा)।** होली व रमजान को शांति व सौहार्द्य तरीके से मनाने को लेकर रविवार को डोमचांच थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी ओम प्रकाश व संचालन प्रदीप सिंह ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान होली त्योहार को शांतिपूर्ण व रमजान आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों ने शराब पर रोक-थाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। वहीं डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले के विरुद्ध कानून कार्रवाई की जाएगी। होली एवं रमजान को देखते हुए अपने थाना क्षेत्र में निरंतर गस्ती जारी रहेगा। थाना क्षेत्र में जितने भी संवेदनशील स्थान है, सभी स्थानों पर पुलिस की गस्ती मुस्तैदी रहेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। होलिका दहन का कार्यक्रम चिन्हित स्थान पर ही करना है। किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग नही लगाना है। बैठक में जिप सदस्य शांति प्रिया, राजकुमार यादव, महेंद्र प्रसाद वर्मा, लीलावती मेहता, श्यामलाल यादव, बलराम भारती, सुरेश कुमार, हाजी मुस्लिम अंसारी, प्रदीप यादव, मुकेश कुमार, सुजीत कुमार मेहता, अभय प्रसाद, अमरदीप कुमार, देवंती देवी, संजय सिंह, नीलकंठ मेहता, सुरेश विश्वकर्मा, अजीत कुमार महतो, कमललाल ताती, पी एस जालंधर, रमेश मरांडी, आर मुंडा समेत कई जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

### वन विभाग के लगाए गए सैकड़ों पेड़ जले



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा मधुपुर रेल खंड पर नावाडीह रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे की जमीन में वन विभाग द्वारा लगाए गए सैकड़ों पेड़ जल गए। रविवार दोपहर अज्ञात कारणों से जंगल में आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर ली। गनीमत यह रही कि दिन में हवा बंद थी, नहीं तो बगल स्थित रेलवे स्टेशन भी चपेट में आ सकता था। नावाडीह रेलवे स्टेशन के पहले रेलवे पुल के पास बाई ओर दाई रेलवे की खाली जमीन में वन विभाग ने सागवान, शीशम सहित जंगली पेड़ लगा रखे थे। रविवार की दोपहर में अचानक अज्ञात कारणों से वन में आग लग गई। सरकारी जमीन व पौधों में आग लगने के कारण कोई भी बुझाने आगे नहीं आया। आग बढ़ती ही गई, इसमें सैकड़ों हरे पेड़ झुलस गए। जहां एक तरफ पौधों के लगातार हो रहे क्षरण से ग्लोबल वार्मिंग के चलते आमजन बदले मौसम का प्रकोप झेल रहे हैं, जहां कहीं जो भी वन बचे हुए हैं वहां आग तबाही मचा रही है या फिर लकड़ी माफियो के द्वारा हरे भरे पेड़ काट कर मोटी रकम लेकर बेच देते हैं।

### पासवान समाज ने किया राहू पूजा का आयोजन

जयनगर (कोडरमा)। डंडाडीह में पासवान समाज द्वारा राहू पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान भगत सहांसा पासवान ने पूजा-अर्चना की। दहकते अंगारों पर नंगे पैर चल कर अपनी आस्था का परिचय दिया। बताया जाता है कि समाज के लोग पूजा के 21 दिन पहले अपने घरों की साफ-सफाई कर लहसुन, प्याज, मांस, मदिरा का सेवन नहीं करते हैं। नहाय खाय के साथ पूजा शुरू होती है। दूसरे दिन उपवास के साथ जागरण पूजा होती है। पूजा के दिन घृतढारी कौलेश्वर पासवान व उनकी पत्नी मुन्नी देवी ने किया। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मुखिया सुनीता देवी, महेश साव, पासवान जनकल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बाला लखेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष लालजीत पासवान, प्रवक्ता मनोज कुमार सोनी, शंभू पासवान, विनोद पासवान, राह बाबा समिति के संरक्षक बासुदेव पासवान, हरिकांत पासवान, अध्यक्ष अर्जुन पासवान, सचिव मनीष पासवान, कोषाध्यक्ष बसंत पासवान आदि मौजूद थे।

### आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आरपीएफ कोडरमा के निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान घाट सेक्शन के आसपास स्थित गांव के लोगों को विभिन्न जानकारी दी गयी, साथ ही रेल परिचालन को सुचारू रखने में सहयोग की अपील की। अभियान के दौरान इंस्पेक्टर के अलावा उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार व गुरपा ओपी के कर्मी भी मौजूद थे। जागरूकता अभियान के दौरान आगामी त्योहार होली में होलिका दहन के दिन लुकारी को ओएचई पर नहीं फेंकने को कहा गया। टीम ने लुकारी को ओएचई पर फेंके जाने के लोकेशन को चिन्हित किया। साथ ही पहाड़पुर टनकुपा स्टेशन के बीच रेलवे लाइन के किनारे स्थित गांव रातो, मानपुर, खेरा नौवाखाप, बंशीनाला के ग्रामीणों के बीच एसीपी, वंदे भारत एक्सप्रेस में स्टोन प्लेटिंग, टीओपीबी, जहरखुरानी, रन ओवर, सीआरओ, अवैध ट्रेस पास, मालगाड़ी में एसीओ, ट्रैन के पायदान पर यात्रा, रेल संपत्ति की चोरी, मालगाड़ी से कोयला की चोरी, सिग्नल उपकरणों से छेड़छाड़ नहीं करने आदि को लेकर जागरूक किया गया।

### श्री हनुमान शिव परिवार प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित



कोडरमा। रामगोविंद इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरआईटी) के प्रांगण में तीन दिवसीय श्री हनुमान शिव परिवार प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के पहले दिन जलयात्रा आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली, तत्पश्चात् पंचाग पूजन एवं मण्डप प्रवेश सम्पन्न हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन अध्विवास समारोह व मूर्ति नगर भ्रमण सम्पन्न किया गया। 10 मार्च को पूर्णाहुति एवं भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि मंदिर का निर्माण रामगोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक सह चेयरमैन डॉ.रविन्द्र कुमार के द्वारा सम्पन्न किया गया। वहीं मुख्य यजमान के रूप में सपरिवार ई.रोमन ए, ट्रेजरर व डॉ.विशाल कुमार, निर्देशक आर आईटी थे। यज्ञ व पूजा-पाठ काशी के यज्ञाचार्य अवधेश पाण्डेय व उनके सहघ्योगियों द्वारा सम्पन्न की जा रही है। मौके पर सैकडों की संख्या में भक्त व श्रद्धालु मौजूद थे।

## मील का पथर साबित हुआ आरजेएसएस का कार्य : धनंजय

- **संस्थान कोठियार के विकास में निभा रहा महत्वपूर्ण योगदान : बीरेंद्र**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के तत्वधान में कोठियार पंचायत परिसर में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बाल कलाकारों ने जमकर प्रदर्शन किया। वहीं मेला का उद्घाटन दीप जलाकर किया गया। वहीं अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि मेला का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना एवं शिक्षा के प्रति लगाव और ठहराव बढ़ाना है। वहीं उन्होंने कहा बच्चों में बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल शोषण जैसे सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता लाना और ऐसे कुरीतियों के खिलाफ संगठित होकर समाप्त करने का प्रयास किया जाना है। मेला में 8 क्ले मॉडलिंग, साइंस प्रदर्शनी, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, पानी संग्रहण, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाल मंच के बच्चों का प्रस्तुति बहुत उम्दा व सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन वरीय कार्यक्रम प्रभारी निर्भय कुल ने किया। वहीं स्टॉल निरीक्षण सदस्य जोसफिन एक्का के साथ अतिथियों ने किया। वहीं अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को चयनित किया गया। सभी बच्चों को शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं बालिकाओं ने कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल मजदूरी, अशिक्षा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक एवं झारखंडी गीत संगीत से विशेष तौर से अपनी कला से लोगों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सह जिप सदस्य प्रतिनिधि धनंजय यादव, विशिष्ट अतिथि बिरेंद्र कुमार राय, मुखिया कोठियार पंचायत, उपेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया कांति देवी, दुर्गा राय, संस्थान के सचिव मनोज दांगी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं निर्णायक मंडली में रविंद्र कुमार मंडल, अविनाश कुमार एवं बबीता कुमारी रहे। वहीं मुख्य अतिथि ने बाल मेला को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के साथ निडर भी हो रही है कोठियार के माताएं और बहने, संस्थान कोठियार को नई पहचान दिया है, यही कारण है कि यहां कई राज्य के साथ विदेशी मेहमानों ने भी कार्यक्रम को सराहा है।




## जिला स्तरीय बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन जिला स्तरीय बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल गैरागी मरकच्चो में आयोजित की गई। वहीं जिलाध्यक्ष डॉ. बीएनपी. बर्णवाल, जिला सचिव सह प्रदेश महासचिव तौफीक हुसैन, जिला महासचिव अभय कुमार, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप यादव, सतगावां प्रखंड से भुवनेश्वर कुमार, जयनगर प्रखंड से सचिव नीलकंठ बर्णवाल, प्रखंड अध्यक्ष हीरामन मिस्त्री, चंदवारा से रंजीत पांडे, मरकच्चो प्रखंड से प्रखंड सचिव दिलीप कुमार बर्णवाल, प्रखंड कोषाध्यक्ष अरविंद पांडेय एवं मरकच्चो प्रखंड इकाई के सारे निजी विद्यालय के निदेशक, प्राचार्य मौजूद थे। होली मिलन समारोह में सम सामयिक बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं बीएनपी बर्णवाल के द्वारा घोषणा की गई कि आगामी होली की अवकाश 13 से 15 तक रहेगी, जिसका अनुपालन जिले के सारे निजी विद्यालय इसका पालन करेंगे, जिसकी स्वीकारोक्ति उपस्थित निजी विद्यालय भी किए। वहीं उन्होंने कहा कि निजी स्कूल संघ का यह एक अनोखी पहल है, जो प्रत्येक वर्ष शिक्षकों की एकता कायम रखने के लिए प्रखंडो में कार्यक्रम आयोजित कर उसे नई ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। हमारा संगठन दिनों दिन पूरे प्रदेश ही नहीं पूरे देश में प्रगति के पथ पर पर अग्रसर है। जिले के तमाम प्राइवेट स्कूल के संचालकों ने आह्वान करते हुए कहा कि अगर आपका सहयोग भरपूर मिलता रहा तो सरकार से हर मांग लड़कर हम लोग ले सकेंगे।



### डीजे की धुन पर नाच रहे बारातियों के बीच घुसी कार

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद में उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब एक अनियंत्रित कार ने डीजे की धुन पर नाच रहे बारातियों के बीच घुस गयी। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बारात में शामिल अन्य लोगों ने भाग कर अपनी जान बचायी। मिली जानकारी के अनुसार तिलैया थाना क्षेत्र के गझंडी से बारात जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद आयी थी। रात में बाराती नाचते गाते जा रहे थे, इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने नाच रहे बारातियों के बीच घुस गयी। हादसे में गझंडी निवासी नीरज कुमार का पैर टूट गया। हादसे के बाद गुस्साये बारातियों ने कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं चालक भाग निकलने में सफल रहा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया, साथ ही कार को अपने कब्जे में ले लिया।

### सीटू ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन

# महिला अधिकारों, समानता और मुक्ति के लिए संघर्षों को आगे बढ़ाने का दिन : मीरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को ब्लॉक परिसर स्थित तालाब पार्क में सीटू के बैनर तले विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जिन्दाबाद, महिला हिंसा पर रोक लगाओ, बराबरी का अधिकार देना होगा, महिला शोषण पर रोक लगाओ आदि नारे जमकर लगाये गए। वहीं आंगनबाड़ी यूनियन की जिला सचिव वर्षा रानी की अध्यक्षता में गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीटू नेत्री और झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि 8 मार्च 1917 को सबसे पहले सोवियत रूस में महिलाओं ने अपनी मजदूरी बढ़ाने और बराबरी के लिए आंदोलन किया था। इस दिवस की स्थापना उन महिलाओं ने की थी, जो इस समाज व्यवस्था को बदलना चाहती थीं। इसी के साथ यह दिन उन महिलाओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी है, जिन्होंने इतिहास की धारा को उलट कर सचमुच में ऐसे समाजवादी समाज की स्थापना की, जहां नारियों को सचमुच में मुक्ति हासिल हुई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उन्हीं महिला अधिकारों और मुक्ति के लिए किये गए संघर्षो को याद करने और संघर्षों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेने का दिन है। इस वर्ष महिलाओं के मान सम्मान, गरिमा, समान काम का समान वेतन, बराबरी, अपराध से सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा व पेंशन के साथ सभी महिलाओं के बुनियादी अधिकारों के लिए सीटू लगातार संघर्ष चलाएगा। कार्यक्रम में संतोषी कुमारी, चिंतामणी, मीना, अनीता, संजू, कंचन सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका सहायिका शामिल थी।




## मोदी वर्णवाल समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रजगढ़िया रोड स्थित मोदी सेवा सदन में मोदी बर्णवाल समाज झुमरीतिलैया ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवरण वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, जिला अध्यक्ष रामेश्वर मोदी, रिटायर्ड जज अर्जुन मोदी, ईश्वरदेव बर्णवाल, बलदेव मोदी, प्रवीण मोदी, सुषमा सुमन, परियोजना निदेशक चंदन बर्णवाल ने महाराजा अहिवरण के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन अनूप बर्णवाल ने किया, तत्पश्चात सबों ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाई दी और लजीज व्यंजनों के साथ-साथ संगीत का लुत्फ उठाया। इस मौके पर अहिवरण वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने कहा कि होली त्योहार से बुराई को त्यागकर अच्छाई को अपनाने की सीख लेनी चाहिए। होली हमारी पुरातन संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। वहीं सुषमा सुमन ने कहा कि होली भाईचारे व एकता का प्रतीक है। यह हमलोगों को एकता का पाठ पढ़ाता है, इसलिए एक साथ मिलकर प्रेम की सतरंगी रंगो का त्योहार को मनाना चाहिए। कार्यक्रम में विकाश कुमार, पियूष पारस, सकलदेव कुमार, वरुण मोदी, मोनू मोदी, अजय मोदी, साहिल मोदी, पंकज मोदी, बीरेन्द्र मोदी, रंजीत बर्णवाल, अमर कुमार, मिथिलेश मोदी, सुशांत सुमन, इंद्रदेव मोदी, अनूप बर्णवाल, सुनील मोदी, आरती बर्णवाल, सोनी बर्णवाल, सारिका बर्णवाल, नेहा बर्णवाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।



## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जमशेदपुर के बिष्टुपुर क्षेत्र में स्थित 'आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम' एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जो दक्षिण भारतीय वास्तुकला और परंपराओं का प्रतीक है। यह मंदिर 100 वर्षों से अधिक पुराना है और तेलुगु समुदाय के भक्तों द्वारा स्थापित और संचालित है। मंदिर की एक विशेषता यहां स्थापित 125 किलोग्राम वजनी घंटा है, जो कोल्हान क्षेत्र का सबसे बड़ा घंटा माना जाता है। यह घंटा मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्थापित है और इसकी ध्वनि शांत वातावरण में तीन से चार किलोमीटर तक सुनी जा सकती है। मंदिर में नियमित रूप से विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उदाहरण के लिए, संक्रांति पर्व के अवसर पर यहां विशेष पूजा और कार्यक्रम होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। इसके अलावा, वैकुंठ एकादशी के अवसर पर भी विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं, जिसमें भक्त बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। दिवाली के अवसर पर 3,000 वर्ग फुट की भगवान राम की विशाल रंगोली बनाई गई थी, जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी।

# ओरे भाई फागुन लेगेछे बोने बोने..... प्रोजापोती पाखाय पाखाय रंग छोराए...

## बसंत उत्सव में संगीत, सौंदर्य और मानवता का संगम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बसंत उत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार को एग्रिको पोस्ट ऑफिस मैदान में बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव का उद्घाटन टीनप्लेट इवनिंग क्लब के अध्यक्ष सौरज्योति डे, समाजसेवी अल्पना भट्टाचार्य, बंगाल क्लब के उपाध्यक्ष पार्थ सारथी सेन, सिविक एसोसिएश के अध्यक्ष बिस्बनाथ सरकार और बसंत उत्सव समिति के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में विश्वकवि रवींद्रनाथ ठाकुर द्वारा शांतिनिकेतन में प्रारंभ किए गए इस बसंत उत्सव की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह उत्सव प्रकृति के प्रति प्रेम और सौंदर्य को दर्शाता है। समिति के महासचिव स्वपन राय ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में संगीत की मोहक प्रस्तुतियां हुईं। स्थानीय संगीतकार सव्यसाची चंद ने आमी बांगलाए गान गाई..., ओरे भाई फागुन लेगेछे बोने बोने... जैसे गीतों से समां बांधा। शांता बनर्जी ने ए गाने प्रोजापोती पाखाय पाखाय रंग छोराए..., ओ तूई नयन पाखी आमार रे... और वंदे माया लागाइछे पिरिती सिखाइछे... प्रस्तुत किए। आयुष मित्रा ने ओ चांद, संभालो जोछनाके..., दोले दोदुल दोले झूलोना... और बाजे गो वीना...जैसे गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अजोर्मा झा ने नृत्य प्रस्तुत किए। कोलकाता की बांग्ला संगीत गायिका केमेलिया दास ने लाल पहाड़ीर देशे जाबो..., एकटा कालो भोमोर..., मोने कोरी आसाम जाबो...प्रस्तुत कर श्रोताओं को मोहित किया, वहीं गायक कुमार अर्कित ने देखो आलोय आलो..., जीबोने की पाबो ना... और से प्रथम प्रेम आमार नीलांजना... गाकर समां बांधा। इस अवसर पर विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिसमें फूड फेस्टिवल प्रमुख आकर्षण रहा। इस बार बसंत उत्सव में मानवता को सर्वोपरि रखते हुए पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन और जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 55 महिला-पुरुषों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अचिंतम गुप्ता, सामंतो कुमार, स्वपन राय, रंजन बनर्जी, अरुण सरकार, शम्पा दासगुप्ता, मधुमिता बनर्जी, नीता बोस, तमालि सोम, बाच्चू, रूपम, देबराज, बिशु, तरुण बिस्वास, इति बनर्जी, मौसमी सिन्हा, शरबानी, पिजुश, राणा, पंकज, प्रीतिलता दत्ता आदि का योगदान रहा।



बसंत उत्सव का उद्घाटन करते अतिथिगण।

## स्पीड न्यूज

### डॉ चिन्मय पंड्या जी के भव्य स्वागत हुआ



जमशेदपुर। गायत्री परिवार पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया के गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री का प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा मार्गदर्शक डॉ चिन्मय पंड्या जी का आगमन हुआ। इस आगमन के अवसर पर चेतना केंद्र बेको, नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल टाटानगर ने डिमना चौक पर भव्य स्वागत किया, साथ ही साथ बंदावती नगर, चौका, रंगामाटी, बुंडू के साथ रांची एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। सुबह 6 बजे प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत गायत्री शक्तिपीठ चाकुलिया के परिसर में युवा साथियों द्वारा अपने 749 वां पौधा रोपण के अवसर पर एक पौधा डॉ चिन्मय पंड्या जी के कर कमलों से लगाया गया। इस पूरे आयोजन में डॉ चिन्मय भैया जी के बहुमूल्य समय झारखंड को देने के लिए प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ झारखंड के समन्वयक संतोष कुमार राय और उनके पूरी टीम के तरफ से आभार व्यक्त किया गया।

### पोटका, पटमदा और बोड़ाम के जल सहियाओं का कार्यक्रम संपन्न



जमशेदपुर। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत महिलाओं को जागरूक करने एवं उनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जाने की विषय में चर्चा करने हेतु रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आदित्यपुर प्रमंडल के तीन प्रखंड पोटका, पटमदा एवं बोड़ाम में जलसहियाओं के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले जलसहियाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें आने वाले दिनों में भी समाज के लिए स्वच्छता से संबंधित कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया जिसमें प्रखंड के काफी जलसहियाओं ने उनके द्वारा लोगों को शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन एवं हर घर जल पर उनके द्वारा किए गए कार्यों के विषय में बताया गया। प्रखंड स्तर पर जलसहियाओं को स्वच्छता के विषय पर प्रोत्साहित करने हेतु स्वच्छता दौड़ एवं रैली, जल जांच प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें सभी सहियाओं ने अपनी भागीदारी दिखाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। बीडीओ पोटका, पटमदा एवं बोड़ाम के द्वारा भी जलसाहियाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विचार दिए।

### 25 मार्च को मनेगा जीण माता का 19वां वार्षिक महोत्सव

जमशेदपुर। शहर की धार्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा साकची धालभुम क्लब मैदान (श्री अग्रयेन भवन के सामने) में 25 मार्च को जीण माता का भव्य 19वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दोपहर में मां भवानी जीण शक्ति का महा मंगल पाठ और संध्या में भजनों की अमृत वर्षा होगी। महा मंगल पाठ में 1501 महिलाओं द्वारा किया जायेगा। इसके लिए बाहर से प्रसिद्ध 11 पाठ वाचक कलाकार शहर आ रहे हैं, जो संगीतमयी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति के साथ पाठ का वाचन एक साथ करेंगें। साथ ही कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा। इस संबंध में श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर के विनोद खन्ना एवं सुनील देबूका ने संयुक्त रूप से रविवार को एक प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि 19वां वार्षिक महोत्सव को लेकर संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग से तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

## विधायक सरयू राय के आवास पर होली मिलन समारोह संपन्न

# होली के गीतों पर झूमते रहे लोग, खूब लगे ठुमके

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह रंगारंग रहा। भोजपुरी गीतों पर अपराह्न 3 बजे से फगुआ की जो रसधारा बही, वह शाम तक बहती ही रही। आगंतुक लोगों ने विधायक सरयू राय को गुलाल लगाया और होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। होली मिलन का यह आयोजन राय के बिष्टुपुर स्थित आवास/कार्यालय पर किया गया था। भोजन की भी व्यवस्था थी। होली मिलन समारोह में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो भी आए। उन्होंने श्री राय को गुलाल लगाया और काफी देर तक साथ में रहे। वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह भी होली मिलन समारोह में आए। उन्होंने श्री राय के चरण स्पर्श किये और आशीर्वाद लिया। इस होली मिलन समारोह की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि प्रायः हर दल के लोग सियासी लकीर को मिटा कर आए, गले मिले, अबीर लगाये और होली की शुभकामनाएं दीं। कोई भेद मन में न रहा। हर दल के लोग आए और होली मिलन के रंग में रंग गए। महिलाओं में इस होली मिलन को लेकर अलग ही कौतुहल दिखा। सभी ने भोजपुरी गीतों पर जी भर का डांस किया, फोटो खिंचवाए और सेल्फी भी ली।

**होली मिलन समारोह में उपस्थित विभिन्न दलों के नेतागण**

होली मिलन समारोह में हरिकिशोर तिवारी, मुरलीधर केडिया, सुरेश संथालिया, मुकेश मित्तल, मानव केडिया, अशोक गोयल, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के झारखंड के अध्यक्ष शंकर मित्तल, गोविंद दोदराजका, चंद्रदेव राकेश, रमेश कुंवर, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष बलिराम यादव, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, आशुतोष राय, नीरज सिंह, मुकुल मिश्रा, जदयू के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जदयू महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अमृता मिश्रा, जदयू के महानगर अध्यक्ष अजय कुमार, कौशल सिंह, बमभोला सिंह, निर्मल सिंह, नीरू सिंह, प्रवीण सिंह, पप्पू सिंह, संतोष भगत, आफताब अहमद सिद्दिकी, निसार अहमद, पिंटू सिंह, अनुज चौधरी, सन्नी सिंह, रवि ठाकुर, धर्मेंद्र प्रसाद, विवेक पांडेय, अमरेंद्र पासवान, अजय सिन्हा, संजय ठाकुर, भीम सिंह, विनोद राय, ललन चौहान, अजय श्रीवास्तव, अमरेंद्र मलिक, मस्तान सिंह, डीडी त्रिपाठी, श्रीमन त्रिगुण, रवींद्र नाथ चौबे, कमलेश्वर, शिवपूजन सिंह, मृत्युंजय सिंह, अर्जुन यादव, विजय सिंह, शंकर कर्मकार, हरेराम सिंह, महेश तिवारी, भरत पांडेय, सतीश सिंह, नीतीश कुशवाहा, अरुण पांडेय, नित्यानंद सिन्हा, कन्हैया ओझा, प्रेम सक्सेना, चुन्नू भूमिज, मंजू सिंह, आकाश शाह, प्रीति सिन्हा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार, विवेक सिन्हा, सुरंजन राय, राकेश लोधी, रवींद्र सिंह, राजू प्रजापति, राजीव सिंह, सुनील सिंह, चंद्रशेखर राव, कुलविंदर सिंह पन्नू, ललन द्विवेदी, दुर्गा राव, अमर सिंह, राणा प्रताप सिंह, सतीश श्रीवास्तव, राकेश सिंह, संजीव सिन्हा, राजीव सिंह और दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## सरहूल शोभा यात्रा 1 अप्रैल को तैयारी पूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति पूर्वी सिंहभूम की बैठक रविवार को राजन कुजूर की अध्यक्षता में सीतरामडेरा स्थित सरना भवन में आयोजित हुई। सर्वसहमति से 1 अप्रैल को प्रकृति का महापर्व सरहुल पूजा एवं शोभायात्रा धूमधाम से निकालने का निर्णय लिया गया।

इस शोभायात्रा में आदिवासी एवं मूलवासी समुदाय से उरांव, हो, मुंडा, मुखी, भुइयां, तुरी,एवं अन्य जनजाति समुदाय के महिला-पुरूष, बच्चे बच्चियां अपने पारंपरिक परिधान एवं वाद्य यंत्रों के साथ शामिल होंगे शोभायात्रा दोपहर 3 बजे पुराना सीतरामडेरा से प्रारम्भ होकर लाको बोदरा चौक, एग्रिको लाइट सिग्नल, भालुवासा चौक, रामलीला मैदान, साकची गोलचक्कर, बसंत टॉकीज, तुईलडूंगरी, गोलमुरी होकर सीतारामडेरा समापन होगा। रविवार की बैठक में राकेश उरांव, दुर्गमानी बोईपाई, राजेश कांडयोंग, सावन लकड़ा, उपेन्द्र बानरा शंभू मुखी, जयनारायण मुंडा, बिन्दु पाहन, सोमा कोया, राजेन कुजूर, रामु तिर्की, बबलू खलखो, किशोर लकड़ा, संतोष लकड़ा, रोशन मिंज उपस्थित हुए बैठक का संचालन राकेश उरांव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन रामु तिर्की ने किया।

## ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप में झारखंड को छह स्वर्ण समेत 24 पदक









अंतिम दिन के परिणाम : पुरुषों के 85 प्लस आयु वर्ग में जमशेदपुर के बी एन राव ने 100 मीटर की दौड़ में रजत पदक, महिलाओं के 30 प्लस आयु वर्ग में गीता रानी हांसदा ने 1,500 मीटर की दौड़ में रजत पदक। पुरुषों 50 प्लस आयु वर्ग में अनिल कुमार साह ने 10,000 मी रेस में रजत पदक, पुरुषों के 70 प्लस आयु वर्ग में 10000 मी रेस में अचिंतो प्रमाणिक ने स्वर्ण पदक और 1500 मीटर की दौड़ में रजत पदक जीता। मौके पर मौजूद मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव संजीव तोमर और खिलाड़ियों के शुभचिंतकों ने सभी पदक विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामना दिया।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कर्नाटक राज्य के बेंगलुरु शहर में 4 से 9 मार्च तक आयोजित 45वें ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप के आज छठवें व अंतिम दिन अध्यक्ष विजय सिंह और सचिव एस के तोमर के कुशल नेतृत्व में मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड की टीम के पुरुष और महिला तटों ने कड़ी स्पर्धा के बीच ऐतिहासिक शानदार प्रदर्शन करते हुए समाचार लिखे जाने तक कुल 24 पदक जीते हैं। जिनमें 06 स्वर्ण पदक , 14 रजत पदक और 04 कांस्य पदक हैं।

## भूमिहार महिला समाज का होली मिलन संपन्न



भूमिहार महिला समाज की ओर से ब्रम्हर्षि भवन,कदमा में रंग धनक नाम से होली मिलन समारोह का आयोजन अन्नू सिंह की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर भूमिहार महिला समाज, झारखंड कार्यकारिणी की सदस्य अमिता सिंह, ज्योति कुमारी, अमिता शुक्ला, मंजू सिंह, अन्नपूर्णा सिंह समेत दर्जनों महिलाओं ने होली की गीतों पर रंग-अबीर उड़ा कर होली का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन स्वरूचि भोज से हुआ।

## पूर्वी विधानसभा में होली मिलन समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान और एकजुटता को समर्पित भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त मंच प्रदान करने और उनके बीच आपसी सौहार्द्र व सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू की पहल पर आयोजित होली मिलन समारोह में हजारों महिलाओं ने भाग लिया। समारोह में पुष्पवर्षा कर विधायक पूर्णिमा साहू ने संपूर्ण नारी शक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान महिलाओं ने अबीर-गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाई। इस दौरान होली के गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। जिसपर विधायक पूर्णिमा साहू भी खुद को रोक नही पाई और महिलाओं का नृत्य में साथ दिया। समारोह में होली के पारंपरिक लजीज व्यंजन का भी सभी ने भरपूर आनंद लिया।

## भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन

### जमशेदपुर महानगर के तीन सौ वरिष्ठ कार्यकर्ता होंगे सम्मानित

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ यदुनाथ पांडेय होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में, भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में सोमवार को बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में 'अटल विरासत सम्मेलन' आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अटल जी की स्मृतियों को संजोना, उनकी राष्ट्रसेवा की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके विचारों को जन-जन तक प्रसारित करना है।

इस सम्मेलन में हजारीबाग के पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ यदुनाथ पांडेय बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। वहीं, भाजपा ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। इस सम्मेलन में पार्टी ने जमशेदपुर महानगर के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित प्रबुद्ध नागरिकों, विशिष्ट व्यक्तित्वों और अटल जी के प्रशंसकों को आमंत्रित किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि, उनकी नीतियों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया जाएगा। अटल जी ने अपने कुशल नेतृत्व से भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। अटल जी के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने एवं उनके कृतित्व व विराट व्यक्तित्व पर चर्चा करने के उद्देश्य से सोमवार को सुबह 11 बजे से बिस्टुपुर तुलसी भवन में 'अटल विरासत सम्मेलन' का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा और अन्य सहयोगी संगठनों में अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

इस दौरान जमशेदपुर महानगर के विभिन्न मंडलों से करीब 300 नेताओं एवं कार्यकताओं को सम्मानित करने की योजना बनाई गई है। सुधांशु ओझा ने जमशेदपुर महानगर के सभी कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में भाग लेने और अटल जी के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की है।

## एक नजर में

### बिगड़ा काम बना रही हेमंत सरकार : चमरा लिंडा



रांची/जमशेदपुर। झारखंड अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर समन्वय समिति का राज्यस्तरीय अधिवेशन सह सम्मान समारोह सेंट जॉन्स उच्च विद्यालय रांची में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बिगड़ा काम बना रही है। आपकी उम्मीद पिछले सरकार से कभी पूरी नहीं हुई और उन ताकतों से सरकार लड़ रही है जो आपके समक्ष समस्याएं आ रही हैं। मुख्यमंत्री के सर पर कांटों का ताज है। राज्य में अनेक समस्याएं हैं, इसके समाधान के लिए दिन रात सरकार लगी हुई है। प्रदेश के 843 प्राथमिक एवं 134 मध्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी समस्याएं तुलनात्मक रूप से कम हुई है किंतु संघर्ष जारी रखना है और इसे परिणत तक पहुंचना है। मैया सम्मान योजना का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इसी सरकार में समाधान की संभावना है। इस सम्मेलन को विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक राजेश कच्छप, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, विधायक सुदीप गुड़िया, विधायक भूषण बाड़ा, बिशप आनंद जोजो ने संबोधित किया। ओल्डी पेंशन स्कीम लागू करने पर हेमंत सोरेन सरकार के प्रति आभार जताने के साथ ही झारखंड अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष फादर फ्लोरेंस कुजूर एस जे ने माध्यमिक विद्यालय संबंधी पांच सूत्री, झारखंड अल्पसंख्यक प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव निरंजन कुमार संडील ने 5 सूत्री तथा बिशप ने प्रबंधन संबंधी मांग पत्र कल्याण मंत्री को सौंपा। फादर जे तिर्की, एंथोनी तिग्गा, बिशप विनय कंडुलना, समीउल्लाह खान, फादर अजीत कुमार खेस ने संबोधित किया। मंच का संचालन अनीता कांडिर, अंजना बोदरा, सुभाषिनी बान ने किया। झारखंड के 24 जिलों के तकरीबन साढ़े चार हजार शिक्षक शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल हुए। इसके सफल आयोजन में कार्यालय सचिव रमेश कुमार सिंह, विनोद टोप्पो आदि के साथ केंद्रीय टीम के साथ ही रांची जिला टीम का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। पूर्वी सिंहभूम जिला से प्रदेश स्तरीय नेता प्रभात कुमार सिंह, बसंत कुमार मिश्रा, जिला कमेटी के अध्यक्ष शशि भूषण दुबे, सचिव नागेंद्र कुमार, कुलविंदर सिंह आदि सैकड़ों शिक्षक रांची गए।

### होली गीतों पर तैलिक साहू महासभा के लोग थिरके



जमशेदपुर। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के मिलन समारोह में अबीर गुलाल की होली खेली गयी। होली के भोजपुरी फाग गीतों पर संगीतकार राजकुमार और ग्रुप म्यूजिक के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। होली गीतों पर उपस्थित लोगों के पांव भी खूब थिरके। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में सिदगोड़ा स्थित भास्कर भवन के मैदान में धूमधाम से मनाया गया। सभी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए एक दूसरे को अबीर लगाकर होली मनायी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पप्पू साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बतौर अतिथि कुणाल षाड़गी, संजीव श्रीवास्तव,धर्मेंद्र सोनकर, धर्मेंद्र प्रसाद, विनोद गुप्ता प्रमोद गुप्ता कमलेश साहू, रामगोपाल जायसवाल, मनोज गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद विदेशी साव, डॉ ऋषिकेश साव, मनकी गुप्ता, शिवलोचन शाह, सुनील, दीपक गुप्ता, मनोज साहू आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में सुरेश कुमार, शिवलोचन साह, रंजीत साव, अशोक साव, संजय साहू, राजेश प्रसाद, श्रवन साहू, कमलेश साहू, पूजा साहू, आदित्य धनराज शाह, पिंटू साहू, सुरेश प्रसाद, अवधेश कुमार, संतोष गुप्ता, मनोज साहू, राजू साहू, वीरेंद्र शाह, अजय साहू, सागर साव, गौतम साहू, गणेश सव अभिनाश साव आदि उपस्थित थे।

### वृंदावन की थीम पर आयोजित ब्रज की फूलों की होली पर झूमा जमशेदपुर



जमशेदपुर। रविवार को रिफ्लेक्शन इवेंट नेटवर्क और ड्रीमफूल इवेंट के द्वारा मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में पारंपरिक और रंगारंग बिरज की फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू,टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष टुन्नू चौधरी एवं वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत,रंजन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में करीब 600 लोगों ने सहभागिता रही और सभी ने फूलों की होली और रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठाया। रंग-बिरंगे फूलों से सजी इस अनूठी होली ने उपस्थित सभी लोगों को एक अद्भुत आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सत्यजीत सिंह राजपूत एवं नेहा मिश्रा द्वारा किया गया, जिनकी प्रस्तुति ने समस्त कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। वहीं आयोजन के सफल संचालन में मुख्य संयोजक आशा सिंह एवं जय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखने का एक सराहनीय प्रयास था, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रेम, सौहार्द व आनंद के रंगों में सराबोर हो गए।

### रामकृष्ण फोर्जिंग लि. के गम्हरिया प्लांट में रक्तदान



गम्हरिया। औद्योगिक क्षेत्र के फेज सात स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट-1 कंपनी में रविवार को वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कंपनी के सीओओ शक्ति सेनापति और प्लांट हेड एम0 बालामुरली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सेनापति ने रक्तदान करने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों तथा मजदूरों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर और कोई पुण्य का काम नहीं हो सकता है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों से ऐसे पुण्य कार्य मे बढ-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 269 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस दौरान रक्तदान करने वाले सभी कर्मचारियों व अन्य लोगों को प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर के सफल आयोजन में कंपनी के एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी, एचआर विभाग के मैनक गुप्ता, मिथिलेश सिंह, प्रवीण कुमार, सुरक्षा अधिकारी चितरंजन सिंह, सतीश महतो, जितेंद्र बारीक, यूनियन के उपाध्यक्ष दिनेश राम, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव समेत अन्य की सक्रिय भूमिका रही।

## स्पीड न्यूज

### हरिहरगंज : सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवकों की मौत



हरिहरगंज पलामू। थाना क्षेत्र के अररूआ खुर्द कालेज मोड़ के समीप एनएच 139 पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे एक ही बाइक पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार की देर रात्रि करीब 1:30 बजे की बताई जाती है। मृतक की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज निवासी मुंशी प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र रविकांत कुमार तथा गया जिले के खिजरसराय निवासी श्रवण साव के 20 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों मृतक शहर में स्थित जय माता दी लाज में किराए पर रहते थे। घटना की रात दोनों युवक पल्सर बाइक बी आर 26 ए ए 6422 से शहर की ओर आ रहे थे। उक्त स्थान पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक यु पी 44 बी टी 0295 ने बाइक को सामने से टक्कर मार कर फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मृतक रविकांत कुमार ट्रक में फंसकर करीब 15 फीट तक घसीटता चला गया। सूचना पर पुलिस घटनास्थल से बाइक तथा दोनों शव को कब्जा में लिया।

### पाटन प्रखंड पंचायत समिति की बैठक



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा देवी ने की जबकि संचालन पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने किया। बैठक में एमओ ललन पासवान, चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण कुमार मेहता, मनरेगा बीपीओ स्वीटी सिन्हा, उप प्रमुख अमरेश वर्मा, पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र दुबे, संतोष उपाध्याय, पंचायत समिति प्रतिनिधि गौतम सिंह, पंसस उमाशंकर मोची, राजकुमारी देवी, मंजु देवी, मुखिया टीपी मेहता सहित को ऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, चित्रांगदा कुमार, अजीत मिश्रा सहित सभी पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। बैठक में पिछले बैठक में उठाये गये विषयों पर विभाग वार समीक्षा किया गया। बैठक में प्राइवेट भवन में आंगन बाड़ी केंद्र चलाये जाने एवं अधुरे निर्माण आंगन बाड़ी केंद्र का पिछले बैठक में उठाया गया था। जिस पर पाटन बीडीओ सह सीडीपीओ अमित कुमार झा ने कहा कि प्राइवेट भवन में चल रहे आंगन बाड़ी केंद्र की सुचि जिला में भेज दिया गया है और कारवाई भी की जा रही है। बीडीओ ने कहा कि जो भी आंगन बाड़ी भवन–निर्माण संवेदक के द्वारा अधुरा छोड़ दिया गया है उन सभी पर सर्टिफिकेट केश दर्ज कराई जायेगी तथा जल्द अधुरे निर्माण भवन को पुरा किया जायेगा। बैठक में पंचायत समिति सदस्य ने चुड़ादोहर नवडीहा एवं सुंठा मुस्लिम टोला में पानी की समस्या को रखा। सदस्यों ने बताया कि दुर से पानी लाकर भोजन बनाया जाता है जिस पर बीडीओ ने पेयजल विभाग को पत्र लिखकर समस्या दूर करने की बात कही। बैठक में सदस्यों ने छात्रों के बीच साईकिल वितरण में डेमो चेक मिलने एवं अभी तक पैसा नहीं मिलने का सवाल उठाया। बैठक में पाटन बीडीओ ने नया ट्रांसफार्मर प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर का आभार व्यक्त किया।

### मातृशक्ति का सम्मान हमारा स्वाभिमान : लायन गुरबीर




मेदिनीनगर। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर नारी शक्ति को सम्मानित किया गया जिसमें समाज के अग्रिम पंक्ति से लेकर समाज के अंतिम पंक्ति तक की वैसी महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने कार्य से समाज को प्रभावित और प्रेरित किया है । इसी क्रम में पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन, चिकित्सा के क्षेत्र में विनायका चाईल्ड हॉस्पिटल और एडवेंट पैथलैब की संचालिका डॉ श्वेता शेखर और सफाई कर्मी महिला को प्रशस्ति पत्र, पौधा और उपहार देकर सम्मानित किया गया। लायन्स प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे गुरबीर सिंह ने कहा कि एसपी के स्वच्छ और निर्भिक कार्य न केवल मातृ शक्ति अपितु हम सभी के लिए प्रेरणा दायी है। मौके पर मौजूद सचिव नीलेश चंद्रा ने कहा कि ऐसी नारी शक्ति के कार्यों को सम्मानित करना लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के लिए गौरव की बात है। इस अभियान में मुख्य रूप से विकास कुमार शेट्टी, ऋषिकेश दुबे, श्रीकांत कुमार एवं रणजीत मिश्रा सक्रिय थे।

### सीओ ने मुख्य बाजार में चलाया ठेला खोमचा हटाओ अभियान



हुसैनाबाद पलामू। अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने हुसैनाबाद मुख्य बाजार में जेपी चौक से अम्बेडकर चौक होते हुए महावीर जी भवन तक चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान। इस दौरान अंचल अधिकारी ने फुटपाथी दुकानदारों को सड़क से अलग दुकान लगाने व जो दुकानदार सड़क तक अतिक्रमण कर दुकान लगा कर रखे है उन्हें जल्द हटाने को कहा है, कई दुकानो द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर रखे सामानों को तुरंत हटवाया। आगे उन्होंने सख्त हिदायद दी है की अगले बार से सड़क अतिक्रमण करते पाए गए तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। सीओ पंकज कुमार के द्वारा विभिन्न मीडिया में अतिक्रमण पर चली न्यूज को संज्ञान में लेते हुए। एसडीएम के निर्देश पर सम्मू हुसैन रिजवी व अन्य 13 लोगो के द्वारा शिकायत हरही नदी जपला हैदरनगर नगर रोड के पास किला रोड जाने वाले सड़क की लालन चन्दवंशी के द्वारा अतिक्रमण का जांच किया तथा उसे अपना जमीन का नापी कर शेष पकिकरण अतिक्रमण निर्माण को हटाने का निर्देश दिया। वहीं अन्य नागरिकों का यह भी कहना हैं भारी मात्रा में अवैध निर्माण हटाना हैं, लेकिन सीओ केवल ठेला व खोमचा हटा कर अवैध अतिक्रमण करियो को खुला छूट दे रहे हैं। शहर को बचाने के लिए स्थाई रूप से अवैध निर्माण को हटाना जरुरी हैं।

### पलामू जिला कांग्रेस ने निकाली पैदल मार्च, डीडीसी को सौंपा मांग पत्र



मेदिनीनगर( अजीत दूबे)। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में पलामू की जन समस्याओं को लेकर पैदल मार्च निकाली गई। पैदल मार्च कांग्रेस कार्यालय से निकलकर उपायुक्त कार्यालय तक हजारों लोगों के साथ पैदल मार्च कर 5 सूत्री मांग पत्र डीडीसी को सौंपा गया। कांग्रेसियों ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार है तो समस्याओं को समाधान करना हम सभी का प्राथमिकता है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता संकल्पित हैं। मांग पत्र में मोटेशन एवं ऑनलाइन कार्य समय से किया जाए इस कार्य के लिए अनावश्यक रूप से लोगों को ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ रहा है आदि कई मांग शामिल है। मार्च में विनोद तिवारी, शमीम अहमद राईन, ओमप्रकाश अमन, ईश्वरी सिंह, तारकेश्वर पासवान, विद्या सिंह चेरो, सौरभ पांडे, गिरजान राम, राजेंद्र अग्रवाल, भिखारी राम, सुधीर चौबे, शंकर पांडे, विश्राम दुबे, सत्येंद्र सिंह सुरेंद्र तिवारी, सच्चिदानंद मिश्रा, बबलु गुप्ता, तुलसी पासवान रिंकू सिंह, सोनू सिंह, हैदर खान, छोटू चंद्रवंशी, सच्चिदानंद शुक्ला, अनिल सिंह, नफीस खान, सन्नू खान, मीर खुर्शीद आलम, परवेज खान, गोपाल सिंह, मोहम्मद मुस्ताक, ऋषि पांडेय, खुर्शीद खान, उमेश यादव, अमिताभ शर्मा ,सुनील दुबे, प्रमोद यादव, रामानंद पांडेय, सुरेंद्र भुइयां, विष्णु देव यादव, पंकज पासवान, राजू रविदास, अजय पांडे, छोटू मुखिया, आरिफ, विपिन यादव, अभय पांडे समेत कई लोग शामिल थे।

## झारखंड राज्य आंदोलनकारी पलामू इकाई के अध्यक्ष बनें श्यामलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। झारखंड राज्य आंदोलनकारी पलामू जिला इकाई की बैठक लक्ष्मण ठाकुर की अध्यक्षता में कचहरी परिसर के ताईद शेड में की गई।

बैठक में आंदोलनकारिीं ने राज्य सरकार द्वारा किये गये वादों को पूरा करने की अपील की। कहा कि जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर पेंशन व सभी सुविधा सरकार आंदोलनकारिीं को दे। आंदोलनकारियों ने कहा कि सरकार अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो पलामू जिला से लेकर राज्य तक आंदोलन किया जायेगा। कहा गया कि आंदोलकारी पलामू समेत राज्य के लिए काफी संघर्ष किये हैं।

आंदोलनकारियों के मेहनत का परिणम है कि राज्य सरकार जगी है। बैठक में पदधारियों का चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्यामलाल सिंह को आंदोलकारी संघ का अध्यक्ष बनाया गया। सुखाड़ी अंसारी को कोषाध्यक्ष, अजय बक्सराय उपाध्यक्ष, संजय गुप्ता सचिव, अरूण दूबे, सुलेमान अंसारी, लक्ष्मण ठाकुर संरक्षक बनाये गये। इसके अलावे जिला कार्यकारी सदस्यों में लव तिवारी, कैलाश मोची, शौकत अंसारी, मो अली, रामजी सिंह, नुरूदीन अंसारी, शंभु सिंह, कृष्णा राम, मोबीन अंसारी, मकबुल अंसारी, इश्तेयाक अंसारी, बुद्धिनारायण गुप्ता, बेलाल अंसारी, नुरूल हक अंसारी, शंखनाथ सिंह, रामनरेश ठाकुर, मुस्तफा अंसारी, नरेंद्र कुमार प्रसाद, पुनम देवी, इमामुदीन मियां, इंदू देवी, रंजीत शर्मा, नंदू सिंह बनाये गये। चयनित अध्यक्ष श्यामलाल सिंह ने कहा कि संघ को मजबूत बनाने व इसके विकास के लिए ईमानदारी से कार्य करेंगे। साथ ही आंदोलनकारियों को सरकार से उचित मांग दिलाने का प्रयास करेंगे।

## आपसी भाईचारे के साथ मनायें त्यौहार : एसडीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद थाना परिसर में रविवार को होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीएम गौरांग महतो एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया। बैठक में एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि 13 मार्च को होलिका दहन और 14 मार्च को होली है। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों का पवित्र माह रमजान चल रहा है, इस लिए आपलोग पूर्व से चली आ रही आपसी भाईचारे के साथ होली पर्व और रमजान को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने सबसे पहले शांति समिति सदस्यों को होली की मुबारकबाद दी, उन्होंने कहा की पुलिस प्रशासन की हुड़दंगियों पर पैनी नजर रहेगी, हुडदंगी किसी भी जाति व धर्म से हो बक्शे नहीं जाएंगे, इस दौरान अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरती जाएगी। लोगों से आपसी सहयोग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की, विधि व्यवस्था के लिऐ पुलिस प्रशासन हर समय आपके साथ है, बैठक के अंत में लोगों ने एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। बैठक में बीडीओ सुनील वर्मा, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता, समाजसेवी ऐजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, निवर्तमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, उषा देवी, अर्जुन गुप्ता, नजीर अहमद, सरजू चौधरी, एएसआई अखिलेश यादव, रविरंजन सिंह, अजीत सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे।

### हुसैनाबाद विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल को दी दो एंबुलेंस की सौगात, कहा

# अस्पताल प्रबंधक मरीजों की सुविधाओं का रखें धयान

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने होली से पूर्व दो ऑक्सीजन युक्त एम्बुलेंस की सौगात जनता को दी। रविवार को अपने आवास पुरंदरबीघा से पूजा अर्चना के बाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, स्वास्थ उपाधीक्षक डॉ विनेश राम, बीडीओ सुनील वर्मा ने संयुक्त रूप से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के लिये हरी झंडी दिखा कर एंबुलेंस को रवाना किया। विधायक ने कहा स्वास्थ सुविधा के प्रति झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, उन्होंने कहा की एम्बुलेंस में सभी प्रकार की सुविधा दी गई है। इसमें ऑक्सीजन के साथ ऑक्सीमीटर, फोल्डिंग, स्ट्रैचर, की सुविधा है, अनुमंडलीय अस्पताल को पहले से और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ उपाधीक्षक से कहा की मरीजों किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, एम्बुलेंस का रख रखाव बेहतर तरीके से मरीजों को हर हाल में सुविधा मिले मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव, बीपीएम विभूति कुमार, कलीमुद्दीन खान, रिजवान खान, खुर्शीद खान, जाकिर अली उर्फ राज अली, सुदेश्वर राम, राजेश सिंह, मोहिउद्दीन अंसारी, विनय सिंह यादव, श्रवण राम, टूना सिंह अशोक यादव व समर्थक उपस्थित थे।

### मनिका विधायक ने ऑनलाईन पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# महागठबंधन की सरकार झारखंड के विकास के लिए है संकल्पित : रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के कमारू गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रविवार को डॉ राजेश के घर से पुरबरा तालाब तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को आनलाइन किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार झारखंड के विकास के लिए समर्पित है जिसको लेकर लगातार कार्य कर रही है। साथ ही झारखंडियों के चेहरे पर खुशहाली लाने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मंइयां सम्मान योजना को लेकर राज्य की जनता में भ्रम फैलाना चाहती है मगर हेमंत सरकार ने राज्य के बहनों के खाते में राशि डालकर विपक्षियों की बोलती बंद कर दी है। उन्होंने विपक्षी दल पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ धर्म की राजनीति करती है विकास से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मनिका विधानसभा क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी गति से चल रहा है। मेरा प्रयास है कि सभी गांव में बिजली, शिक्षा, पेयजल, सिंचाई, आवास, स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सुविधाओं को पहुंचा जा सके। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा काफी दिनों से इस सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क निर्माण हो जाने से मनिका तथा बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के कई गांव जाएंगे जिन्हें आवा गमन में सहूलियत होगी। वही कार्य एजेंसी आस्था कंस्ट्रक्शन से गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने को कहा गया है। इस मौके पर बकोरिया पंचायत के मुखिया संतोष उरांव, आनंद तिवारी, अमित कुमार, अरुण प्रसाद, सूरत उरांव, सचिंद्र बैठा, मुकेश कुमार, अनुज व ग्रामीण मौजूद थे।

## होली आपसी सौहार्द का पर्व है : जूली

खबर मन्त्र संवाददाता



नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड के कोटखास पंचायत भवन के समीप होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह का उदघाटन पंचायत के मुखिया जूली सिंह एवं लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने किया। मिलन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम झारखंड बिहार के सुप्रसिद्ध गायक प्रेम गिरी, ब्यास अंकू राय,हिमांशु सिंह सहित अन्य कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक होली की गीत गाकर लोगों को खूब झुमाया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगा कर शुभकामनाएं दी। मौके पर मुखिया जूली सिंह ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली पर्व आपसी सौहार्द के साथ साथ शांति से पर्व मनाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पप्पू सिंह ने किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजन सिंह, अजीत तिवारी, दीपक गिरी, अनुपम सिंह, बालकेश पासवान, मुन्ना सिंह, मंटू तिवारी, पप्पू यादव, गौतम सिंह, पवन सोनी, कमलेश तिवारी व श्रोताओं ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

## चौथी बार राम निवास तिवारी तोलरा रामनवमी पूजा कमेटी के बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर पलामू। विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में ऐतिहासिक रामनवमी पूजा आयोजन को ले शोखा बाबा मंदिर प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। जहां बैठक में सर्वसम्मति से रामनिवास तिवारी को चौथी बार रामनवमी पूजा कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं बबलू तिवारी को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। रामनवमी पूजा कमेटी के मार्गदर्शन मंडली सुमंत तिवारी, शिक्षक अरुण त्रिवेदी, संजय तिवारी, धीरन तिवारी, धनंजय तिवारी को शामिल किया गया है। रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष राम निवास तिवारी ने बताया कि तोलरा गांव का आयोजित पूजा पंडाल ऐतिहासिक होगा। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया कि भगवान राम के तस्वीर के साथ ग्रामीण श्रद्धालुओं के द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ हीं शोखा बाबा के दरबार में भव्य अखंड पूजा अर्चना होगा। बताया कि प्रत्येक मंगलवार को महावीरी शोभायात्रा निकाला जायेगा।

### कृष्ण कुमार यादव बने पलामू जिला सहायक अध्यापक के जिला अध्यक्ष



सतबरवा पलामू। झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ पलामू जिला इकाई का बैठक कचहरी परिसर में जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह के अध्यक्षता में रविवार को हुई। मंच का संचालन चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष अमलेश चौरसिया ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष बिनोद तिवारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रामनिवास तिवारी उपस्थित थे। विगत चार महीने से जिला अध्यक्ष का पद खाली था। पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता की जमिन विवाद में हत्या कर दी गई थी। आज सर्व सम्मति से सतबरवा प्रखंड के सहायक अध्यापक कृष्ण कुमार यादव को जिला अध्यक्ष पद के नाम प्रस्ताव रामनिवास तिवारी ने किया और समर्थन अमलेश चौरसिया सहित उपस्थित तमाम लोगों ने किया। वही जिला उपाध्यक्ष सुनिल कुमार सिंह, लिलेश्वर सिंह, विनय कुमार सिंह, रणजीत कुमार सिंह, महासचिव रामरुप चौरसिया, सचिव अरविंद कुमार, अक्षय कुमार मिश्र, विनय कुमार मांझी, जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी, जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह को चुना गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बिनोद तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार हमारी मांगों पर विचार करते हुए जल्द पुरा करे। सभी मुद्दों को लेकर संघर्ष मोर्चा जल्द विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव और निदेशक से मिलेगा। बैठक में जनेश्वर सिंह, राजेन्द्र दीक्षित, रामनिवास तिवारी, सुनिल सिंह, अरविंद कुमार, धनंजय यादव, बिनोद चौधरी, वाहिद अंसारी,हसिब अंसारी प्रकाश सिंह, उर्मिला देवी, मोहरमानी देवी, राजकुमार प्रसाद,खिरोध महतो प्रदीप शर्मा, इमामुद्दीन अंसारी,रामरुप चौरसिया, अरविंद सिंह, प्रेम चंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

## होली आपसी प्रेम का संदेश देता है : निर्मल

सुधीर यादव



मनातू पलामू। थाना अंतर्गत होली पर्व को लेकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मनातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने की। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि होली भाईचारे व प्रेम का त्योहार है, जिसे प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि रंग खेलने के दौरान किसी पर जबरदस्ती रंग न लगाने के प्रयास करें और डीजे साउंड की ध्वनि सीमा का पालन करें। साथ ही, हुड़दंग और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया। मनातू सीओ सहित कई पंचायत प्रतिनिधि, व्यापारी संघ के सदस्य और ग्रामीण बैठक में मौजूद रहे। बैठक में विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव रंगिया मुखिया कोसमी देवी, नौडीहा मुखिया बंधु भुइयां, मंझौली मुखिया पति उमेश प्रसाद साहू, चक मुखिया निशांत अहमद, बसंत सिंह, महेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

## महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है : प्रो राजकिशोर

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारंभ कर्मियों एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रो मुन्नी देवी, प्रो अपराजिता प्रकाश, प्रो इंद्र कुमारी, प्रो सुनीता कुजूर, चंदा कुमारी एवं संध्या कुमारी ने अपने-अपने विचारों को साझा किया। प्रो राजकिशोर ने कहा कि महिलाओं के प्रति सम्मान दैनिक जीवन से प्रारंभ होती है जो व्यवहार में भी दिखना ही चाहिए। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। नारी है शक्ति, नारी है ज्योति, नारी बिना ये दुनिया है खोती। ममता की मूरत, प्रेम की गंगा, हर दुख-दर्द में बनती है संगा। त्याग की मूरत, धैर्य की पहचान, हर मुश्किल में रखती है मान। सहनशीलता उसकी पहचान, हर रिश्ते को देती है जान। कभी है बेटी, कभी है मां, कभी बहन तो कभी दुल्हन की शान। हर रूप में प्रेम बरसाती, अपनों के लिए हर दुख सह जाती। इंदु कुमारी ने कहा कि शिक्षा से ही महिलाओ का विकास निहित है।

### सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



सतबरवा। होली त्योहार को लेकर सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने किया। होली की शुभकामना देते हुए सीओ तिर्की ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक है। इस त्योहार को शांति व सद्भाव के साथ मनाने की जरूरत है ताकि सामाजिक भाईचारा बनी रही। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान सरकार के गाइडलाइन को अवश्य पालन करें। एएसआई सुबोध कुमार ने कहा कि होली त्यौहार में अधिकतर शराब के कारण ही घटना दुर्घटना होती है हम सबों को शराब सेवन से बचना चाहिए। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, सीआई अनीस सिंह, पूर्व मुखिया शंभू उरांव, पंसस जगदीश सिंह, प्रेमचंद उरांव, धीरज कुमार, प्रदीप सिंह, कौशल प्रसाद, अजय मेहता, आनंद सिंह, भोला मेहता, मो अकबर अली, मो नौशाद एसआई गामा सिंह, एएसआई सुबोध कुमार, बसंत दुबे, दुर्गा हेस्सा संतोष गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### 350 किलो अवैध जावा महुआ नष्ट

मेदिनीनगर/पाटन। होली पर्व को मद्देनजर रखते हुए अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के तहत पलामू पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के रीष्मा रमेसन के निर्देश पर नावाजयपुर एवं सदर थाना क्षेत्रों में अवैध जावा महुआ के विरुद्ध छापेमारी कर कुल 350 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। इस अभियान के तहत नावाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचकेदिया, बोरदा एवं अन्य गांवों में करीब 100 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। साथ ही सदर थाना क्षेत्र के भूसही गांव में करीब 250 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया।

# होली को लेकर पाटन थाना में शांति समिति की बैठक

### पर्व के दौरान गलत मैसेज करनेवालों पर होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



पाटन पलामू। होली पर्व को लेकर पाटन थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत सिंह, मुखिया जैनुल सिद्दीकी, मुखिया प्रतिनिधि इंदल महतो, पाटन थाना पुलिस इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह, एसआई आनंद कुमार, एसआई संतोष कुमार, अमरेन्द्र कुमार, मिथुन कुमार, प्रभात किरण, पंचायत समिति सदस्य मुस्ताक अंसारी, पंसस प्रतिनिधि उमेश सिंह, निर्भय सिंह मंजु देवी, पंसस प्रतिनिधि सह समाजसेवी गौतम सिंह, मुखिया प्रतिनिधि इंदल महतो, रुस्तम अंसारी सहित पाटन प्रखंड के गई जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पाटन इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह ने किया।

मौके पर सिंह ने होली पर्व शांति पूर्वक एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाने के लिए लोगों से आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को होली पर्व के अवसर पर विशेष ध्यान देने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों अपने अपने क्षेत्र में नजर रखेंगे तथा कोई भी अप्रिय घटना की सुचना पुलिस को उपलब्ध कराने का काम करेंगे तत्काल पुलिस कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दिन पुलिस हमेशा गश्त करती रहेगी। बैठक में होली पर्व शुक्रवार होने एवं मुस्लिम समुदाय का भी उस दीन जुम्मा होने पर विशेष ध्यान रखने के लिए दोनों समुदायों से अपिल किया गया। मुखिया जैनुल सिद्दीकी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि अगर होली पर्व के दौरान दुसरे समुदाय के लोगों ने अबीर गुलाल लगाता है तो आपसी भाईचारा समझते हुए बिना भेदभाव के स्वीकार करें।

होली पर्व के दौरान कोई भी गलत मैसेज नहीं करें तथा अगर कोई गलत मैसेज करता है तो उसको दुसरे लोगो पर फारवर्ड नहीं करें, बल्कि पुलिस को सुचना देने का काम करें। पुलिस वैसे लोगों पर कठोर कार्रवाई करने का काम करेगी। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने होली पर्व को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की बात कही।

## होली मिलन में झूमे रौनियार वैश्य समाज के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा। सतबरवा के विवाह मंडप में रौनियार वश्य समाज ने रविवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय रौनियार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लवली गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता, महासचिव बैजनाथ गुप्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत अंतिम हिंदू राजा हेमचंद्र विक्रमादित्य के प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर लवली गुप्ता ने कहा कि समाज के बच्चियों को आगे बढ़ने और सशक्त बनाने की जरूरत है। आज दहेज कुप्रथा हमें हटाने और एकजुटता दिखाने की जरूरत है। कहा कि होली का त्यौहार सौहार्द आपसी प्रेम का संदेश देता है। यह त्यौहार सिर्फ त्यौहार नहीं बल्कि यह पाप पर पुण्य का विजय है, अधर्म पर धर्म का विजय है। होली रंगों के तरह समरस होने का त्यौहार है।

युवा अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि हमारा समाज सबसे धनी मानी और संपन्न होते हुए भी पिछड़ा है। लोग मान सम्मान नहीं देते हैं जिसे हमें लेने की जरूरत है। वहीं महासचिव बैजनाथ गुप्ता ने कहा कि हमें अपने अस्तित्व को समझने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी प्रसाद ने किया। वहीं मौके पर भोला प्रसाद, हरिद्वार प्रसाद, अर्पण गुप्ता, संदीप गुप्ता, ऋतिक गुप्ता, मोहन प्रसाद विवेक गुप्ता, पूनम गुप्ता, किरण गुप्ता, रिंपा गुप्ता समेत सैकड़ों रौनियार परिवार मौजूद रहे।

स्पीड न्यूज

## ठगी की योजना बनाते तीन साईबर अपराधी गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के खुटोजोरी गांव से पुलिस ने तीन की संख्या में साईबर अपराधियों को ठगी का साजिश बनाते रंगे हाथ पकड़ कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधी थाना क्षेत्र के खुटोजोरी गांव निवासी असलम अंसारी, उस्मान अंसारी एवं इमामुद्दीन अंसारी है। मसलिया पुलिस ने अपराधियों के पास से चार मोबाइल भी जब्त की है। पुलिस मामले में भादवी 318(4), 319(2), 336(3), 340(2) बीएनएस एवं 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट तहत गिरफ्तारी कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

## फांसी लगाकर महिला ने दी जान

**दुमका।** जिला के मसानजोड़ थाना क्षेत्र के पारसिमला गांव में एक महिला ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार मृतक 32 वर्षीय महिला महिला पूजा रजक अपने पांच वर्ष का बेटा को ट्यूशन भेजकर घर का दरवाजा बंद कर ली। जब पांच वर्षीय बेटा ट्यूशन से आया तो देखा कि घर का दरवाजा बंद है, तो बच्चा ने दरवाजा खटखटाया। लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला तो बच्चा ने ये बात अपने दादा को बताया, तो उसने भी भी काफी आवाज लगायी। फिर भी दरवाजा नहीं खुला। तब दादा ने खिड़की से देखा तो पूजा साड़ी के सहारे पंखा में झूल रही थी। इसकी सूचना मसानजोड़ थाना प्रभारी अवधेश कुमार को मिली। मामले की गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अवधेश कुमार घटना स्थल पहुंचकर मृतक पूजा रजक की शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पति एवं देवर रोजगार की तालाश में अन्य राज्य गया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का 137 वां जन्म महोत्सव सम्पन्न

**कथारा।** कथारा रविवार को श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 137 वां जन्मोत्सव खूब धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम कथारा दुर्गा मंदिर में आयोजित की गई। जन्मोत्सव कार्यक्रम में झारखण्ड प्रदेश के विभिन्न जिला से सैकड़ो श्रद्धालु पहुंचे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किंकर दादा ने कहा कि ठाकुर जी का जीवन चरित्र आदर्श मूल्यों पर आधारित रहा है। उनके आदर्श मूल्यों को आत्मसात करने से ही मनुष्य सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिस तेजी से लोग आधुनिकता की ओर भाग रहे है, वहां पर शांति नहीं है। शांति के लिए धर्म दर्शन अनिवार्य है। ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के बताए मार्गो पर चलने से ही शांति की अनुभूति हो सकती है। उन्होंने कहा कि ठाकुर जी युगपुरुष है।

# बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन, हड़ताल की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बैंकों में कार्यरत सभी यूनियन के यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले चास-बोकारो के सभी बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने स्थानीय एसबीआई सेक्टर 4 सिटी सेंटर के सामने विशाल प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन के माध्यम से बैंक कर्मियों ने बेहतर ग्राहक सेवा एवं अविलंब बैंक में सभी संवर्गों में समुचित बहाली एवं 5 दिवसीय बैंकिंग की मांग की। मौके पर यूएफबीयू के जिला संयोजक एसएन दास ने कहा कि पिछली




वार्ताओं में लंबित मामलों का सकारात्मक समाधान भी शीघ्र किया जाए। कहा कि 3 मार्च 2025 को दिल्ली में हुए प्रदर्शन के दिन के अखिल भारतीय नेतृत्वकर्ता द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा निदेशालय के अधिकारियों से भी वार्ता कर उन्हें यूएफबीयू द्वारा घोषित दो दिवसीय हड़ताल के संबंध में दिए गए नोटिस एवं अपनी मांगों से अधिकारियों को अवगत कराया था। डीएफएस अधिकारियों द्वारा कहा गया कि इंडियन बैंक एसोसिएशन इस संबंध में यूएफबीयू से वार्ता कर मामले का निष्पादन करेगी। किंतु अभी तक वार्ता के लिए कोई सूचना नहीं दी गई है। हम इस देशव्यापी प्रदर्शन के माध्यम से भारत सरकार एवं इंडियन बैंक एसोसिएशन का आगाह करना चाहते हैं यदि हमारी मांगों पर अविलंब ध्यान नहीं दिया गया तो 24 एवं 25 मार्च को हड़ताल तो होगी ही। इसके बाद भी यदि सरकार नहीं चेतती है तो हम अपने संघर्ष को और भी तेज करेंगे। प्रदर्शन को संबोधित करने वाले वक्ताओं में मुख्य रूप से एसएन दास आरके सिंह राजेश श्रीवास्तव प्रदीप झा राकेश मिश्रा अवधेश प्रसाद दिलीप कुमार प्रशांत कुमार विवेक ठाकुर अनिल कुमार मनमीत कौर वंदना कुमारी ममता राउत ऋचा कुमारी राजकुमार प्रसाद रणधीर मिश्रा मनोज झा पंकज सिंह प्रभात कुमार आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

## सशक्त महिला से ही देश सशक्त है: एसडीओ




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड सभागार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि महिला सशक्त होंगी तो हमारा देश भी सशक्त होगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षित महिलाओं को आगे आना चाहिए और आईपीएस आईएएस एसडीओ सीओ जैसी उच्च प्रशासनिक भूमिकाओं में अपनी जगह बनानी होगी। जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि हर महिला अनमोल है और उसे अपने जीवन का सम्मान करना चाहिए। समाज में महिलाओं को सशक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए। कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने महिलाओं को साइबर क्राइम के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि महिलाएं लहरों की तरह होती है। यदि वे अपनी शक्ति और सामर्थ्य को पहचान लें तो उन्हें कोई रोक नहीं सकता। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि सभी महिला को अपने अधिकारों और अपनी कीमत को समझना चाहिए। महिलाएं तथा किशोरियाँ सशक्त हो रही है और बदलाव भी देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अंजली कुमारी सरोजनी पायल कुमारी दिलखुश तथा किशोरी क्लब ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ प्रवीण कुमार मुखिया परिपुषा कुमारी गीता देवी चंद्रलेखा मसीह दिलीप महतो विनीता देवी मंजू देवी नीतू कुमारी अनिल हेंब्रम सूरजमानी देवी रेखा देवी संगीता देवी प्रकाश कुमार महतो गौतम सागर सनी कुमार रवि कुमार राय अमरजीत कुमार कुमारी किरण मंजू देवी संगीता देवी आदि उपस्थित थी।

# जिला भू-अर्जन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन विभाग का समीक्षा बैठक किया गया। समीक्षा के दौरान नेमारा बरलंगा परियोजना भारतमाला परियोजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 320 से संबंधित समीक्षा किया गया जिसमें लंबित भुगतान को लेकर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब भुगतान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने सभी सीओ को एलपीसी को लेकर लंबित मामले को एक सप्ताह के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा एनएचएआई प्रोजेक्ट के निदेशक तीनों परियोजना के कॉन्टैक्टर उपस्थित थे।

## महिलाओं की प्रगति व भागीदारी के बिना विकास की परिकल्पना नहीं हो सकती: बी के तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन - ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनिता तिवारी ईडी सीआर महापात्रा एस रंगानी सुश्री राजश्री बनर्जी विकास मनवटी सीआर मिश्रा अनीष सेनगुप्ता सीएमओ व प्रभारी डॉ बीबी करुणामय अनेक सीजीएम अन्य वरीय अधिकारी महिला समिति की उपाध्यक्ष एवं सदस्य तथा बोकारो स्टील की महिला कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीके तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति एवं भागीदारी के बिना विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है।



मुख्य अतिथि ने बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति में महिला कर्मियों के योगदान की भी सराहना की और कहा कि महिलाओं में असीम क्षमता है और कार्य के प्रति उनके समर्पण की बदौलत बीएसएल प्रगति एवं उत्कृष्टता के नित नए मानदंड स्थापित कर रहा है। ईडी सुश्री राजश्री बनर्जी ने भी सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान बीएसएल की कुल 27 महिला कर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पृष्ठभूमि में आयोजित टॉक शो, सुडोकू, गोलमाल है तथा खेलकूद एवं उड़ान जैसी प्रतियोगिता में विजयी महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीर्घकालीन सेवा के लिए सामग्री प्रबंधन अनुभाग में कार्यरत महिला कर्मी सुश्री गीता देवी तथा नव नियुक्त महिला कर्मी सुश्री ईशा कुमारी ए सी टी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन सम्पर्क विभाग के रवि सिन्हा ने किया तथा पुरस्कारों की उद्घोषणा एजीएम एचआर डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया। अंत में जीएम ज्ञानार्जन एवं विकास सुश्री नीता बा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## अवैध रूप से बालू लोड करते 02 ट्रैक्टर जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेशानुसार बोकारो जिला के हरला थाना अंतर्गत इटके चेक तेलमच्चो ब्रिज के समीप दामोदर नदी क्षेत्र पर छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें अवैध रूप से बालू खनिज को लोड करते हुए 02 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। जिसे विधिवत जब्त कर हरला थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडु पुअनि उपेंद्र चौधरी हरला थाना एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

# मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं: पं. गोविंद शास्त्री





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नगर के सेक्टर- 2डी स्थित श्यामा माई मंदिर में चल रहे होली महोत्सव सह श्रीमद्भागवत कथा के क्रम में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद छाया रहा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वृंदावन से पधारे कथावाचक गोविंद कृष्ण शास्त्रीजी महाराज ने भक्ति के साधन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ जेल के ताले टूट गये। पहरेदार सो गये वासुदेव व देवकी बंधन-मुक्त हो गए। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी यमुना पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। वहां से वह यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा बेटी को लेकर चले आये। कंस ने वासुदेव के हाथ से कन्या रूपी शक्तिरूपा को छीनकर जमीन पर पटकना चाहा तो वह कन्या राजा कंस के हाथ से छूटकर आसमान में चली गई। शक्ति रूप में प्रकट होकर आकाशवाणी करने लगी कि कंस, तेरा वध करने वाला पैदा हो चुका है। कथा के बीच-बीच में पं गोविंद जी ने मनमोहक भजन गाकर भक्तों को खूब झुमाया। मंदिर के अमरेंद्र मिश्र सभागार में आयोजित इस अनुष्ठान में महायज्ञ के यजमान मंजू मिश्र व गोविंद मिश्र श्यामानंद मिश्र सहित मैथिली कलामंच कालीपूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा एवं महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## स्व राजनंदन प्रसाद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट एलएजे ने

# स्पोर्ट्स जॉन को 9 विकेट से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** स्व राजनंदन प्रसाद मेमोरियल-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एलएजे ने स्पोर्ट्स जॉन को 9 विकेट से पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में रविवार को एटीम क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में एलएजे ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्ट्स जोन की टीम निर्धारित ओवर में सभी विकेट खोकर महज 97 रन पर ऑल आउट हो गये। स्पोर्ट्स जॉन की ओर से अमन सिंह के 28 और हर्ष सिन्हा ने 17 रन बनाये। एलएजे की ओर से पीयूष ने तीन, चेतनया, समीर और सुधांशु ने दो-दो विकेट हासिल किए। जवाबी पारी खेलने उतरी एलएजे की टीम चैतन्य वीर के 12 गेंद में 42, सचिन कुमार मुंडा के 13 गेदो में 33 और सुधांशु के पांच गेदो मे 20 रनों की बदौलत महज 5 ओवर में ही एक विकेट खोकर फाइनल मैच जीत लिया। इस इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव भास्कर अजीत सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश मोदी, संयुक्त सचिव उमेश कुमार रावत, सह सचिव विश्वजीत चटर्जी, सदस्य चंद्र किशोर सिंह, क्रिकेटर दिनेश कुमार सिंह ने फाइनल के विजेता व उपविजेता को सम्मानित किया। मैच के मैन ऑफ द मैच चैतन्य वीर, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बॉलर सुधांशु वर्मा एवं बेस्ट बैट्समैन चैतन्य वीर को मैडल व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस मौके पर काफी संख्या में खेल प्रेमी दर्शन उपस्थित थे।

## होली मिलन सह सम्मान समारोह

**बेरमो/ललपनिया।** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाईजेशन रजि. द्वारा तेनुघाट गेस्ट हाउस में रविवार को आयोजित होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां इस अवसर बतौर मुख्या तिथि झारखंड प्रदेश के मंत्री योगेंद्र प्रसाद की धर्म पत्नी सह गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी मुख्य रूप से शामिल हुई। इस मौके पर शिक्षिका सह ऑर्गेनाइजेशन की सरिता कुमारी मुख्यरूप से उपस्थित हुए। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्वविधायक बबीता देवी ने सर्वप्रथम आयोजनकर्ताओं की सराहना करते हुए संगठन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा समाज में चट्टानी एकता रहनी चाहिए। सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए सभी समाज संगठन के लोग जागरूक हो रहे हैं। इसे बरकरार रखते हुए बच्चों के पठन पाठन में कोई कमी नहीं करें। उन्होंने सभी को होली की अग्रिम बधाई भी दी और कहा कि होली का त्योहार आपसी मनभेद को दूर कर सद्भाव, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। इसे सभी मिलजुल कर मनाएं। शिक्षिका सह ऑर्गेनाइजेशन संगठन की सरिता कुमारी ने भी सम्बोधन में उपस्थित सभी को होली की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए संगठन द्वारा किए जा रहे हर कार्यों के बारे में तथा संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ साथी परमानंद प्रजापति कुलदीप प्रजापति, बालगोविंद प्रजापति, तेनुघाट के अधिवक्ता संतोष प्रजापति, पूर्व वार्ड सदस्य रंजीत कुमार ने भी सम्बोधित करते हुए सभी को होली की बधाई दिया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि को आयोजक के द्वारा बुक्के एवं मोमेंटो भेंटकर स्वागत, अभिनंदन और सम्मानित किया गया। यहां समारोह में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह में लोगों ने खूब उठाया फगुआ गीतों का आनंद

**बेरमो।** फुसरो के पटेल चौक स्थित राजशाही मैरेज हॉल में रविवार को बरनवाल युवक संघ बेरमो फुसरो द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महाराजा अहीवरन जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर प्रहलाद बरनवाल, दयानंद बरनवाल, विनय कुमार बरनवाल, रामचंद्र बरनवाल, बिट्टू बरनवाल और सुभाष बरनवाल आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर सबने फगुआ के गीतों का आनंद उठाया। मौके पर सभी महिलाओं ने एक दूसरे के चेहरे पर अबीर और गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही सभी महिलाएं होली की पारंपरिक गीतों पर जमकर झूमी। इस दौरान महिलाओं द्वारा होली के मनभावन गीतों की प्रस्तुति की गयी। समारोह के दौरान बरनवाल महिला समिति की महिलाओं ने लजीज व्यंजन का भी आनंद लिया। मौके पर समिति की ने कहा की होली का त्योहार हम सभी को प्रेम और एकता के सूत्र में बंधे रहने का संदेश देता है। वहीं समिति की ने कहा कि हम जिस समाज से आते हैं, समाज का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है और हम सभी इस त्योहार में भेदभाव भूल कर एक दूसरे से गले लगते है। मौके पर मंच का संचालन ने किया। इस अवसर पर सहित अन्य बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के खेल भी कराया गया। जिसका सभी महिलाओं ने भरपूर आनन्द उठाया। तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस होली मिलन समारोह में फुसरो के 200 लोग उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में चन्द्रशेखर बरनवाल, प्रदीप बरनवाल, अवध बरनवाल, पिंटू बरनवाल, गुडु बरनवाल, आनंद बरनवाल, साकेत बरनवाल, अजय बरनवाल, दीपू बरनवाल, पप्पू वर्णवाल, सरोज बरनवाल, ऋतु बरनवाल, आशा बरनवाल, पम्मी बरनवाल, रेणु बरनवाल, रानी बरनवाल, सीमा देवी, रीया बरनवाल, संगीता बरनवाल आदि लोग शामिल थे।

## जिप परिषद चेयरमैन ने दुर्गा मंडप में पेवर ब्लॉग कार्य का किया शिलान्यास

**बेरमो।** बोकारो जिला परिषद चेयरमैन श्रीमती सुनीता देवी ने गोमिया प्रखंड के हुरलूंग पंचायत के दुर्गा मंडप में फाइबर्स ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने मीडिया को बताया कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर हूं और रहूंगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य विमला देवी पंचायत के मुखिया शर्मिला देवी, पंचायत समिति सदस्य जयदेव महतो, दिलीप कुमार महतो एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## निदेशक डीपीएलआर की अध्यक्षता में न्यायालयों में

# लंबित वादों की समीक्षा बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार निदेशक डीपीएलआर मेनका की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालय अवमानना वाद एवं अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे। मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक जियाडा सामान्य शाखा स्थापना शाखा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से संबंधित वाद पर चर्चा किया गया और सभी को निर्देश दिया गया। विभागवार कुल 118 लंबित मामलों की प्रगति का समीक्षा की गई। इसमें एसपी कार्यालय से संबंधित 05 मामले वन विभाग से संबंधित 04 डीडीसी सह सीईओ जिला परिषद से संबंधित एक एडीसी से संबंधित 01 क्षेत्रीय निदेशक जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र से 01 एसडीओ चास से संबंधित 01 भूमि सुधार उपसमाहर्ता चास से संबंधित 01 निदेशक परियोजना भूमि एवं पुनर्वास से संबंधित 02 अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम से संबंधित 02 जिला भू अर्जन पदाधिकारी से संबंधित 08 विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी से संबंधित 02 स्थापना उप समाहर्ता से संबंधित 04 डीएसओ से संबंधित 01 डीटीओ से संबंधित 02 जिला सामान्य शाखा से संबंधित 10 डीईओ से संबंधित 02 डीईएस बोकारो से संबंधित 16 चास बीडीओ से संबंधित 01 चास सीओ से संबंधित 15 चंदनकियारी सीओ से संबंधित 05 जरीडीह सीओ से संबंधित 01 मामले की समीक्षा हुई।

## कांग्रेस कार्यकर्त्ता भाजपा के स्लीपर सेल के रूप में कर रहे है कार्य, तो

# हो जायें सावधान, होगी कार्रवाई: प्रदेश प्रभारी के राजू

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने रविवार को दुमका परिसदन में प्रेसवार्ता कर कहा कि अब तक 18 जिलों के कार्यकताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुआ। कार्यकताओं से जो फीडबैक मिला है। उसके आधार पर एक चिंतन शिविर में विस्तृत रूप से उन समस्याओं के समाधान पर चर्चा होगी और उचित रास्ता निकाला जाएगा। उन्होंने कहा की कार्यकताओं को स्पष्ट कहा गया है की झारखंड में आमजन से जुड़कर कार्य करें। राजनीतिक पार्टी होने के नाते पहली जिम्मेदारी यह है कि झारखंड के लोगों से कैसे जुड़ा जाये। इसी मुद्दे पर पार्टी काम करेगी। चुकी राजनीतिक दल होने का मतलब सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है। प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि संज्ञान में आया है कि पार्टी में कुछ मुद्दे पर एकता नहीं है। कुछ शिकायतें भी प्राप्त हुई है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो पार्टी में रहते हुए भाजपा को समर्थन दे रहे हैं। आम जनता के मुद्दें पर काम नहीं कर रहे हैं। पार्टी का फोकस ऐसे लोगों को



प्रेसवार्ता करते प्रदेश प्रभारी व अन्य

चिन्हित कर कार्रवाई करना होगा। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में पार्टी नेता राहुल गांधी ने कार्यकताओं की बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि गुजरात में कांग्रेस पार्टी में दो वर्ग है। एक कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ा है, तो दूसरे लोग भाजपा के स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहे हैं। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ गुजरात का नहीं बल्कि अन्य राज्यों पर भी लागू होता है। चुकी भाजपा ऐसी पार्टी है। जो हर हथकंडा अपने की कोशिश में लगी है। झारखंड में भी इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी ध्यान रखेगी। जो पार्टी के हित में काम नहीं किया, उसे उचित स्थान नहीं मिलेगा। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस का फोकस इस मुद्दे पर है कि कार्यकर्ता पब्लिक के बीच जाकर काम करें। झारखंड प्रभारी बनाए जाने के बाद उनका पूरा ध्यान झारखंड और यहां की समस्याओं पर केंद्रित है। गांव और झारखंड स्तर के कार्यकर्ता आम लोगों की समस्याओं को विधायक के समक्ष रखेंगे और विधायक उन मुद्दों को सदन में उठाएंगे। जिससे आम लोगों की समस्याओं का समाधान हो और लोग पार्टी से जुड़े। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिला नेत्री को प्रमोट किया जा रहा है। जिससे आने वाले चुनाव में वह मजबूती के साथ न केवल चुनाव लड़े बल्कि चुनाव जीतने में भी सफल हो। इसके साथ ही युवाओं पर भी पार्टी का ध्यान है। उन्होंने कहा कि एक मिशन के तहत आदिवासी, दलित और ओबीसी लीडर को भी पार्टी आगे बढ़ने का मौका देगी। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व राहुल गांधी के वक्तव्य का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस होना और कांग्रेसी होना दोनों दो विषय है। राहुल गांधी के बयान से हर कार्यकर्ता को ऊर्जा मिली है। अगर किसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है तो हम उसका स्वागत करते हैं। चुकी क्योंकि इससे कार्यकताओं का मनोबल काफी बढ़ेगा। पार्टी का यह निर्णय स्वागत योग्य है। मंत्री ने राज्य में गिरते कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कहा की घटनाएं कोई भी हो दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार का भी यह प्रयास है की घटना घटित नहीं हो, इसके बावजूद घटना घटने के बाद सरकार का क्या रुख है यह महत्वपूर्ण है। सरकार इस पर पैनी नजर रखी हुई है। घटना होने के बाद प्रशासन अपना काम करती है। पुलिस अनुसंधान कर मामले को कोर्ट तक पहुंचाती है। जिससे दोषी को उचित सजा मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पार्टी विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी मौजूद रहे।

# स्पीड न्यूज

## मथुरा में एक लाख का इनामी बदमाश मुठभेड़ में हुआ ढेर

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में थाना हाईवे पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी और यूपी, राजस्थान, जम्मू कश्मीर में तीन दर्जन मुकदमों में वांछित छैमार गिरोह के सरगना फाती उर्फ असद को रविवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया। उसके दो साथी फरार हो गए। एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने हाईवे की कृष्ण कुंज कॉलोनी में एक लाख रुपये का इनामी छैमार गिरोह का सरगना फाती उर्फ असद अपने दो साथियों के साथ देखा गया। इसके बाद हाईवे पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू की। रविवार की तड़के एक मकान के पास पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई।

## शराब पीने के आरोप में चौकीदार बर्खास्त

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के तरैया थाना में पदस्थापित चौकीदार को शराब पीने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने रविवार को बताया कि चौकीदार उपेन्द्र सिंह को वर्ष 2022 में शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उक्त चौकीदार को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही चलाये जाने के लिये जिला पदाधिकारी से अनुशंसा की गयी थी।

## सड़क हादसे में दो की मौत, 30 घायल

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर पलट गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई तथा महिला और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस हादसे को बेहद दुखद बताते हुए कवर्धा जिला प्रशासन को तत्काल राहत कार्यों में जुटने के निर्देश दिए। घायलों में से आठ साल की बच्ची समेत पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना सिटी कोतवाली थाना इलाके के पलानी पाट के पास की है।

## सीरिया में मिसाइल और हथियार बरामद

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने कहा कि उसने पिछले सप्ताह सीरिया में छापेमारी की और सीरियाई सेना से संबंधित मिसाइलों और हथियारों को जब्त किया। सेना ने रविवार को बताया कि इजरायली सैनिक अभियान जारी रखे हुए हैं और उन्हें सीरिया में रणनीतिक बिंदुओं पर तैनात किया गया है। सेना ने कहा कि सैनिकों ने राइफलों, गोला-बारूद, मिसाइलों और अतिरिक्त सैन्य उपकरणों सहित कई हथियारों का पता लगाया, उन्हें जब्त किया।

## छात्र ने कॉलेज कैंपस में की आत्महत्या

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक छात्र ने महाविद्यालय परिसर में भवन की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार छात्र की पहचान मयूर राजपूत के रूप में हुयी है, जो कॉलेज में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र था। उसने शनिवार को महाविद्यालय के तीसरे माले से कूदकर जान दे दी। उसकी उम्र 19 से 20 वर्ष के आसपास है

## होली में 60 हजार करोड़ का होगा कारोबार : कैट



**नयी दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों का संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को कहा कि इस वर्ष की होली में देश में 60 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि इस साल होली के मौके पर देशभर में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की संभावना है, जो पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष कारोबार लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का था।

# रूस ने कुर्स्क क्षेत्र पर किया कब्जा

## अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन की सेना हुयी कमजोर

एजेंसी

**कीव।** अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन की सेना अब युद्ध के मोर्चे पर कमजोर पड़नी शुरू हो गई है। कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त कदम उठाते हुए यूक्रेन से सभी सैन्य मदद वापस ले ली थी। रविवार को रूस ने एक और यूक्रेनी शहर पर अपना कब्जा कर लिया, बल्कि अपने कुर्स्क क्षेत्र का एक हिस्सा भी यूक्रेनी सेना से वापस ले लिया है। रूसी सेना ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की हार की घोषणा कभी भी की जा सकती है। साफ है कि पुतिन की सेना की रणनीति कुर्स्क में कामयाब हो रही है। इन इलाकों पर लगातार मिल रही हार यूक्रेन के लिए इसलिए भी झटका है, क्योंकि उसने इन इलाकों को रूस से मोलभाव

### पिछले साल अगस्त में यूक्रेन ने कुर्स्क में किया था हमला

के लिए जीते थे। शुरूआत से बात करें तो पिछले साल अगस्त में यूक्रेन ने कुर्स्क में सीमा के भीतर घुसकर हमला किया था जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से रूसी क्षेत्र पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। कुछ ही दिन में, यूक्रेनी सैनिकों ने 1,000 वर्ग किलोमीटर (386 वर्ग मील) क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था जिसमें रणनीतिक सीमावर्ती शहर सुदजा भी शामिल था। यूक्रेन की सेना और रूस के युद्ध ब्लॉगर्स ने दावा किया है कि रूसी विशेष बल कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी इकाइयों पर पीछे से हमला करने के लिए एक गैस पाइपलाइन के अंदर कई



किलोमीटर पैदल चल कर गए। मॉस्को अपने सीमावर्ती प्रांत के कुछ हिस्सों को फिर से अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर रहा है, जिस पर कीव ने एक हमले में कब्जा कर लिया था। कीव के अनुसार, रूसी क्षेत्र कुर्स्क में उसके अभियान का उद्देश्य भविष्य की शांति वार्ता में मोलभाव करना और रूस को पूर्वी यूक्रेन में अपने आक्रामक अभियान से सैनिकों को हटाने के लिए मजबूर करना था। लेकिन यूक्रेन के धमाकेदार अभियान के महीनों बाद, कुर्स्क में उसके सैनिक 50000 से अधिक सैनिकों के लगातार हमलों से थके हुए हैं। हमला करने वालों में रूस के सहयोगी उत्तर कोरिया के कुछ सैनिक भी शामिल थे। युद्ध क्षेत्र के मानचित्रों से पता चलता है कि हजारों यूक्रेनी सैनिकों को घेर लिए जाने का जोखिम है।

### गैस पाइपलाइन से यूक्रेनियों को छकाया

यूक्रेन में जन्मे, क्रेमलिन समर्थक एक ब्लॉगर द्वारा डाली गई टेलीग्राम पोस्ट के अनुसार, रूस के बल पाइपलाइन के अंदर लगभग 15 किलोमीटर (9 मील) तक चले, जिसका उपयोग मॉस्को हाल के दिनों तक यूरोप को गैस भेजने के लिए करता था। ब्लॉगर यूरी पोडोल्याका ने दावा किया कि कुछ रूसी सैनिकों ने सुदजा शहर के पास पीछे से यूक्रेनी इकाइयों पर हमला करने से पहले कई दिन पाइप में बिताए थे। यूक्रेन पर फरवरी 2022 के रूसी आक्रमण से पहले शहर में लगभग 5,000 निवासी थे और यहां पाइपलाइन के साथ प्रमुख गैस स्थानांतरण और मापन स्टेशन हैं। यह कभी यूक्रेनी क्षेत्र के माध्यम से रूसी प्राकृतिक गैस निर्यात के लिए एक प्रमुख केंद्र था। एक अन्य युद्ध ब्लॉगर ने कहा कि सुदजा के लिए भीषण लड़ाई चल रही है और रूसी सेना गैस पाइपलाइन के माध्यम से शहर में प्रवेश करने में सफल रही।

## व्हाइट हाउस के पास सीक्रेट सर्विस ने एक हथियारबंद व्यक्ति को गोली मारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने व्हाइट हाउस के पास एक हथियारबंद व्यक्ति को गोली मार दी है। सीक्रेट सर्विस ने कहा कि वह व्यक्ति हथियार लिए हुए था और व्हाइट हाउस में घुसने की कोशिस कर रहा था। मौके पर पहुंचे सीक्रेट सर्विस एजेंट्स से टकराव होने के बाद उस व्यक्ति को गोली मार दी गई। इस गोलीबारी के वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में नहीं थे। एजेंसी ने बताया कि पुलिस ने सीक्रेट सर्विस को एक आत्मघाती व्यक्ति की सूचना दी थी जो इंडियाना से वाशिंगटन डीसी की यात्रा कर रहा था। सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने एनडब्ल्यू के पास खड़े व्यक्ति के वाहन को देखा। जब सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने हथियार निकाल लिया, जिसके बाद हमलावर को गोली मारी। सीक्रेट सर्विस ने उस व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है।



### भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के रिसेप्शन में शामिल हुए कई दिग्गज

**बैंगलोर। बेंगलुरू दक्षिण से भाजपा के युवा सांसद भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वीसूर्या और प्रसिद्ध सिंगर शिवश्री स्कंदप्रसाद की शादी के रिसेप्शन में कई दिग्गज राजनीतिक शामिल हुए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के अलावा कई मंत्री, सांसद, विधायक व जेडीएस के नेता और अधिकारी शामिल हुए और नवदंपति को शुभकामनाएं दीं।**

# एयरोस्पेस मेडिसिन में और अधिक संभावनायें तलाशें : राजनाथ सिंह

## अंतरिक्ष युद्ध में प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है भारत : रक्षा मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) का दौरा किया। उन्होंने अंतरिक्ष मनोविज्ञान पर उन्नत अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करते हुए एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान एवं विकास बढ़ाने का आह्वान किया। यह पहला मौका है, जब किसी रक्षा मंत्री ने इस संस्थान का दौरा किया है। इस दौरान उन्हें पायलट प्रशिक्षण, उनके चिकित्सा मूल्यांकन और एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने लड़ाकू पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डायनेमिक फ्लाइट सिम्युलेटर और



हाई परफॉरमेंस ह्यूमन सेंट्रीफ्यूज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में उन्नत अनुसंधान केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस परियोजना का शीर्षक ह्यअंतरिक्ष मनोविज्ञान : भारतीय अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यावहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण है। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने हवाई और अंतरिक्ष यातायात में निरंतर वृद्धि के मद्देनजर एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षा के दृष्टिकोण से अंतरिक्ष युद्ध में भारत प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। हमने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है और एंटी-सैटेलाइट जैसी सबसे उन्नत तकनीकों में महारत हासिल की है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला विमानन बाजार भी बन गया है। चूंकि, हम अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, इसलिए हमें एयरोस्पेस मेडिसिन में और अधिक संभावनाएं तलाशने की जरूरत है। अनुसंधान और विकास को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि किसी भी उच्च-स्तरीय जटिल तकनीक में अनुसंधान कई क्षेत्रों को लाभ पहुंचाता है। राजनाथ सिंह ने एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में आईएएम के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि एयरोस्पेस मेडिसिन के अलावा आईएएम क्रू मॉड्यूल डिजाइन और विकास के विभिन्न पहलुओं में एयरो-मेडिकल परामर्श देता है। कॉकपिट डिजाइन में इसका योगदान उल्लेखनीय है। संस्थान ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस के डिजाइन और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह देश के सबसे आधुनिक एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के डिजाइन और विकास में भी सलाह दे रहा है।


# कैलिफोर्निया में मंदिर पर हमला

▸▸ श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखे और तोड़फोड़ की

एजेंसी

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर रविवार को हमलावरों ने आपत्तिजनक नारे लिखे और तोड़फोड़ की।

हालिया महीनों में अमेरिका में हुई यह दूसरी घटना है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि चीनो हिल्स स्थित मंदिर हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत की एक और घटना का शिकार हुआ है। बीएपीएस की तरफ से एक्स पर घटना का विवरण साझा करते हुए जोर दिया गया है कि वे नफरत को




कभी जड़ नहीं जमाने देंगे और शांति और करुणा कायम रहेगी। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा कि मंदिर के अपमान की एक और घटना के बाद चीनो हिल्स में हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ डटकर खड़ा है।

चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के समुदाय के साथ मिलकर कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा बनी रहे। घटना को लेकर हिंदू समुदाय में चिंता देखी जा रही है। लॉस एंजिल्स में तथाकथित खालिस्तानी जनमत संग्रह से कुछ दिन पहले, कैलिफोर्निया के मंदिर में तोड़फोड़ की यह घटना पिछले कुछ महीनों से चल रही भारत विरोधी गतिविधियों की श्रृंखला की तरह सामने आई है।



### नीतीश ने 51389 शिक्षकों का दिया नियुक्ति पत्र

**पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को बीपीएससी के चयनित 51 हजार 389 शिक्षिकों में से कुछ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर इसकी शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शिक्षकों को बच्चों को ठीक से पढ़ाने और उन्हें शिक्षित करने का आग्रह किया और सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की नसीहत दी।**

# बिहार हमारा है और हम आते रहेंगे : धीरेंद्र शास्त्री

**गोपालगंज।** बिहार आने पर जेल भेजे जाने की राजद विधायक की धमकी के बाद बाबा बागेश्वर ने गोपालगंज में हनुमंत कथा के तीसरे दिन रविवार को जोरदार पलटवार किया। प्रसिद्ध कथावाचक और बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर ने कहा कि हिंदुओं का परचम अब दिखने लगा है। लोग कहते हैं कि अगर हम बिहार आए तो जेल में डाल दिया जाएगा। तुम रोहिंग्या और घुसपैठियों को रोक नहीं पाए, हम तो भारत के हैं, हम बिहार के हैं, बिहार हमारा है और हम आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं किसी पार्टी के प्रचारक नहीं हैं और न ही किसी राजनीतिक दल का समर्थन करते हैं। उनका उद्देश्य सिर्फ और

### राजद विधायक चंद्रशेखर ने जेल भेजने की दी थी धमकी



सिर्फ भगवान बजरंग बली की भक्ति है। राजद के विधायक चंद्रशेखर ने कहा था कि धीरेंद्र शास्त्री को जेल में डाल देना चाहिए, क्योंकि वह संविधान विरोधी बात करते हैं।

# सात कंपनियों का मार्केट कैप 2.1 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला कारोबारी हफ्ता मुनाफे वाला रहा। इस कारण देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के मार्केटकैप में 2,10,254.96 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस तेजी में सबसे अधिक फायदा देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के निवेशकों को हुआ है। बीते हफ्ते सेंसेक्स 1,134.48 अंक या 1.55 प्रतिशत और निफ्टी 427.8 अंक या 1.93 प्रतिशत बढ़ा है। टीसीएस का मार्केटकैप 46,094.44 करोड़ रुपये बढ़कर 13,06,599.95 करोड़ रुपये हो गया है। एसबीआई का मार्केटकैप 39,714.56 करोड़ रुपये बढ़कर 6,53,951.53 करोड़ रुपये हो गया है। टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल के वैल्यूएशन में भी बड़ा उछाल देखने को मिला है। कंपनी का मार्केटकैप

### टीसीएस और एसबीआइ को सबसे अधिक मुनाफा



35,276.3 करोड़ रुपये बढ़कर 9,30,269.97 करोड़ रुपये हो गया है।एफएमसीजी कंपनी आईटीसी का मार्केटकैप 11,425.77 करोड़ रुपये बढ़कर 5,05,293.34 करोड़ रुपये हो गया है। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,939.13 करोड़ रुपये बढ़कर 8,57,743.03 करोड़ रुपये हो गया है। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 2,819.51 करोड़ रुपये बढ़कर 5,17,802.92 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा शीर्ष 10 में तीन कंपनियों - एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के मार्केटकैप में कमी दर्ज की गई है।

एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 31,832.92 करोड़ रुपये कम होकर 12,92,578.39 करोड़ रुपये हो गया है। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 8,535.74 करोड़ रुपये कम होकर 5,20,981.25 करोड़ रुपये रह गया है। वहीं, इन्फोसिस का मार्केटकैप 955.12 करोड़ रुपये कम होकर 7,00,047.10 करोड़ रुपये रह गया है। बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार के लिए काफी शानदार रहा था। लगातार तीन हफ्तों की गिरावट के बाद शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी करीब 2 प्रतिशत बढ़कर 22,552.50 और सेंसेक्स 1.55 प्रतिशत बढ़कर 74,332.58 पर बंद हुआ। 3 मार्च से 7 मार्च के कारोबारी सत्र में स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। इस दौरान निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2.66 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 5.47 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

### महंगाई पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई ।** अमेरिकी टैरिफ में राहत दिये जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक रुख और फरवरी के महंगाई आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1134.48 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74332.58 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22552.50 अंक पर रहा।

## 500 करोड़ क्लब में शामिल हुयी 'छावा'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म छावा ने भारतीय बाजार में 508 करोड़ की शानदार कमाई कर ली है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनीं फिल्म छावा में विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की अहम भूमिका है। इस फिल्म में विक्की कौशल, महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई की भूमिका में हैं।वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। फिल्म छावा में संभाजी के जीवन की कहानी दिखाई गई है कि किस तरह से उन्होंने अपनी बहादुरी दिखाते हुए मुगलों से लोहा लिया था। लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनीं फिल्म छावा के निर्माता दिनेश विजान हैं।

यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज हुई है। फिल्म छावा को बॉक्स ऑफिस पर तीन सप्ताह से ज्यादा का समय हो चुका है।इसके बाद भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म छावा लोगों के दिलों को छू गई है।

